पुनन्तुमादेवजनाइत्यस्य वैखानस ऋषिः । विद्वांसो देवताः । अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

पुनन्तुं मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः । पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा ॥ ३९ ॥

पुनन्तु । मा । देवजनाऽइति देवऽजनाः । पुनन्तु । मनसा । धियः । पुनन्तु । विश्वा । भूतानि । जातवेदऽइति जातऽवेदः । पुनीहि । मा ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे (पुनन्तु) (मा) (देवजनाः)देवा विद्वांसश्च ते जना धर्मे प्रसिद्धाश्च (पुनन्तु) (मनसा) विज्ञानेन (धियः) बुद्धीः (पुनन्तु) (विश्वा) सर्वाणि (भूतानि) (जातवेदः) जातेषु जनेषु ज्ञानिन् विद्वन् (पुनीहि) (मा) माम् ॥ ३९ ॥

अन्वयः—हे जातवेदो विद्वन् यथा देवजना मनसा मां पुनन्तु मम धियश्च पुनन्तु मम विश्वाभूतानि मा पुनन्तु तथा त्वं मा पुनीहि ॥ ३९ ॥

भावार्थः-विदुषां विदुषीणां चेदमेव मुख्यं कृत्यमस्ति यत् पुत्राः पुत्र्यश्च ब्रह्मचर्यसुशिक्षाभ्यां विद्वांसः विदुष्यश्च सुशीलाः सततं संपादनीया इति ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे (जातवेदः) उत्पन्न हुए जनों में ज्ञानी विद्वन् जैसे (देवजनाः) विद्वान् जन (मनसा) विज्ञान और प्रीति से (मा) मुझ को (पुनन्तु) पवित्र करें और हमारी (धियः) बुद्धियों को (पुनन्तु) पवित्र करें और (विश्वा) संपूर्ण (भूतानि) भूतप्राणिमात्र मुझ को (पुनन्तु) पवित्र करें वैसे आप (मा) मुझ को (पुनीहि) पवित्र कीजिये ॥ ३९ ॥

भावार्थः—विद्वान् पुरुष और विदुषी स्त्रियों का मुख्य कर्त्तव्य यही है कि जो पुत्र और पुत्रियों को ब्रह्मचर्य और सुशिक्षा से विद्वान् और विदुषी सुन्दर शील युक्त निरन्तर किया करें ॥ ३९ ॥

पवित्रेणेत्यस्य वैखानसऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

पवित्रेण पुनीहि मा शुक्रेण देव दीद्यत् । अग्ने क्रत्वा क्रतूँ२॥ऽरनु ॥ ४० ॥

पवित्रेण । पुनीहि । मा । शुक्रेण । देव । दीद्यत् । अग्ने । क्रत्वा । क्रतून् । अनु ॥ ४० ॥

पदार्थः-(पवित्रेण) शुद्धेन (पुनीहि) (मा) (शुक्रेण) वीर्येण पराक्रमेण (देव) विद्यादातः (दीद्यत) प्रकाशमान (अग्ने) विद्वन् (क्रत्वा) क्रतुना प्रज्ञया कर्मणा वा (क्रतून्) प्रज्ञा कर्माणि वा (अनु) ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे दीद्यद्देवाग्ने त्वं पवित्रेण शुक्रेण स्वयं पवित्रो भूत्वा मा माऽर्चैतेनानुपुनीहि स्वस्य क्रत्वा प्रज्ञया कर्मणा वा स्वां प्रज्ञां स्वं कर्म च पवित्री कृत्वाऽस्माकंक्रतूननु पुनीहि ॥ ४० ॥

भावार्थः—पित्रध्यापकोपदेशकाः स्वयं धार्मिका विद्वांसो भूत्वा स्वसन्तानानपीदृशानेव योग्यान्धार्मिकान् विदुषः कुर्य्युः ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे (दीद्यत्) प्रकाशमान (देव) विद्या के देने हारे (अग्ने) विद्वन् आप (पवित्रेण) शुद्ध (शुक्रेण) वीर्य पराक्रम से स्वयं पवित्र हो कर (मा) मुझ को इस से (अनु, पुनीहि) पीछे पवित्र कर अपनी (क्रत्वा) बुद्धि वा कर्म से अपनी प्रज्ञा और कर्म को पवित्र करके हमारी (क्रतून्) बुद्धियों वा कर्मों को पुनः २ पवित्र किया करो ॥ ४० ॥

भावार्थः—पिता अध्यापक और उपदेशक लोग स्वयं धार्मिक और विद्वान् होकर अपने सन्तानों को भी ऐसे ही धार्मिक योग्य विद्वान् करें ॥ ४० ॥

यत्त इत्यस्य वैखानस ऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

जनैः कथं शुद्धैर्भवितव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को कैसे शुद्ध होना चाहिये इस वि० ॥

यत्ते पवित्रमर्चिष्यग्ने विततमन्तरा । ब्रह्म तेन पुनातु मा ॥ ४१ ॥

यत् । ते । पवित्रम् । अर्चिषि । अग्ने । विततमिति विऽततम् । अन्तरा । ब्रह्म । तेन । पुनातु । मा ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(यत्) (ते) तव (पवित्रम्) शुद्धम् (अर्चिषि) अर्चितुंयोग्ये शुद्धे तेजसि (अग्ने) स्वप्रकाशस्वरूपेश्वर (विततम्) व्याप्तम् (अन्तरा) (ब्रह्म) बृहद्दिव्यं वेदचतुष्टयम् (तेन) (पुनातु) (मा) माम् ॥ ४१ ॥

अन्वयः—हे अग्ने ते तवार्चिष्यन्तरा यत् विततं पवित्रं ब्रह्मास्ति तेन मा मां भवान् पुनातु ॥ ४१ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या यूयं यो देवानां देवः पवित्राणां पवित्रो व्याप्तेषु व्याप्तोऽन्तर्यामीश्वरस्तद्विद्या वेदश्चास्ति तदनुकूलाचरणेन सततं पवित्रा भवत ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) स्वप्रकाशस्वरूप जगदीश्वर (ते) तेरे (अर्चिषि) सत्कार करने योग्य शुद्ध तेज स्वरूप में (अन्तरा) सब से भिन्न (यत्) जो (विततम्) विस्तृत सब में व्याप्त (पवित्रम्) शुद्ध स्वरूप (ब्रह्म) उत्तम वेद विद्या है (तेन) उस से (मा) मुझ को आप (पुनातु) पवित्र कीजिये ॥ ४१ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो तुमलोग जो देवों का देव पवित्रों का पवित्र व्याप्तों में व्याप्त अन्तर्यामी ईश्वर और उस की विद्या वेद है उस के अनुकूल आचरण से निरन्तर पवित्र हूजिये ॥ ४१ ॥

पवमान इत्यस्य वैखानस ऋषिः । सोमो देवता ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनर्मनुष्यैः पुत्रादयः कथं पवित्राः करणीयाइत्याह ॥

फिर मनुष्यों को पुत्रादि कैसे पवित्र करने चाहिये इस वि० ॥

पव॑मानः सो॒ऽअ॒द्य नः॑ प॒वित्रे॑ण॒ विच॑र्षणिः । यः पोता॒ स पु॑नातु मा ॥ ४२ ॥

पव॑मानः । सः । अ॒द्य । नः॒ । प॒वित्रे॑ण । विच॑र्ष-

णिरिति विऽचर्षणिः । यः । पोता । सः । पुनातु । मा ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(पवमानः) पवित्रः (सः) (अद्य) (नः) अस्माकम् मध्ये (पवित्रेण) शुद्धाचरणेन (विचर्षणिः) विविधविद्याप्रद ईश्वरः (यः) (पोता) पवित्रकर्त्ता (सः) (पुनातु) (मा) माम् ॥ ४२ ॥

अन्वयः—यो नो मध्ये पवित्रेण पवमानो विचर्षणिरस्ति सोऽद्यास्माकं पवित्रकर्त्तोपदेशकश्चास्ति स पोता मा पुनातु ॥ ४२ ॥

भावार्थः—मनुष्या ईश्वरवद्धार्मिका भूत्वा स्वसन्तानान् धर्मात्मनः कुर्युरीदृशानन्तराऽन्यानपि ते पवित्रयितुं न शक्नुवन्ति ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(यः) जो जगदीश्वर (नः) हमारे मध्य में (पवित्रेण) शुद्ध आचरण से (पवमानः) पवित्र (विचर्षणि) विविध विद्याओं का दाता है (सः) सो (अद्य) आज हम को पवित्र करने वाला और हमारा उपदेशक है (सः) सो (पोता) पवित्र स्वरूप परमात्मा (मा) मुझ को (पुनातु) पवित्र करे ॥ ४२ ॥

भावार्थः—मनुष्य लोग ईश्वर के समान धार्मिक हो कर अपने सन्तानों को धर्मात्मा करें ऐसे किये विना अन्य मनुष्यों को भी वे पवित्र नहीं कर सकते ॥ ४२ ॥

उभाभ्यामित्यस्य वैखानस ऋषिः । सविता देवता ।
निचृद्गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
मनुष्यैरधर्मात्कथं भेतव्यमित्याह ॥
मनुष्यों को अधर्म से कैसे डरना चाहिये इस वि० ॥

उभाभ्यान्देव सवितः पवित्रेण सवेन च । मा पुनीहि विश्वतः ॥ ४३ ॥

उभाभ्याम् । देव । सवितरिति सवितः । पवित्रेण । सवेन । च । माम् । पुनीहि । विश्वतः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(उभाभ्याम्) विद्यापुरुषार्थाभ्याम् (देव) सुखप्रदातः (सवितः) सत्कर्मसु प्रेरकेश्वर (पवित्रेण) शुद्धाचरणेन (सवेन) ऐश्वर्येण (च) (माम्) (पुनीहि) (विश्वतः) सर्वतः ॥ ४३॥

अन्वयः—हे देव सवितर्जगदीश्वर त्वं पवित्रेण सवेन चोभाभ्यां विश्वतो मां पुनीहि ॥ ४३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या य ईश्वरः सर्वान् शुद्धिं धर्मं च ग्राहयति तमाश्रित्याऽधर्माचरणात्सदा भयं कुरुत ॥ ४३ ॥

पदार्थः—हे (देव) सुख के देने हारे (सवितः) सत्यकर्मों में प्रेरक जगदीश्वर आप (पवित्रेण) पवित्र वर्त्ताव (च) और (सवेन) सकलैश्वर्य्य तथा (उभाभ्याम्) विद्या और पुरुषार्थ से (विश्वतः) सब ओर से (माम्) मुझ को (पुनीहि) पवित्र कीजिये ॥ ४३ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जो ईश्वर सब मनुष्यों को शुद्धि और धर्म को ग्रहण कराता है उसी का आश्रय कर के अधर्माचरण से सदा भय किया करो ॥ ४३ ॥

वैश्वदेवीत्यस्य वैखानस ऋषिः । विश्वे देवा देवताः ।
विराट् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

कथं राज्ञा राज्यं वर्द्धनीयमित्याह ॥

राजा को कैसे राज्य बढ़ाना चाहिये इस वि० ॥

वैश्वदेवी पुनती देव्यागाद्यस्यामिमा बह्व्यस्तन्वो वीतपृष्ठाः । तया मदन्तः सधमादेषु वयꣳ स्याम पतयो रयीणाम् ॥४४॥

वैश्वदेवीति वैश्वऽदेवी । पुनती । देवी । आ । अगात् । यस्याम् । इमाः । बह्व्यः । तन्वः । वीतपृष्ठाइति वीतऽपृष्ठाः । तया । मदन्तः । सधमादेष्विति सधऽमादेषु । वयम् । स्याम । पतयः । रयीणाम् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(वैश्वदेवी) विश्वासां देवीनां विदुषीणां मध्य इयं विदुषी (पुनती) पवित्रतां कुर्वती (देवी) सकलविद्याधर्माचरणेन प्रकाशमाना (आ) सर्वत (अगात्) प्राप्नुयात् (यस्याम्) (इमाः) (बह्व्यः) अनेकाः (तन्वः) विस्तृतविद्याः (वीतपृष्ठाः) विविधानि इतानि विदितानि पृष्ठानि प्रच्छनानि याभिस्ताः (तया) (मदन्तः) हृष्यन्तः (सधमादेषु) सहस्थानेषु (वयम्) (स्याम) (पतयः) (रयीणाम्) धनानाम् ॥ ४४ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या या वैश्वदेवी पुनती देव्यध्यापिका ब्रह्मचारिणी कन्यास्मानागात् यस्यां सत्यामिमा बह्व्यस्तन्वो वीतपृष्ठाः स्युस्तया सुशिक्षिता भार्याः प्राप्य वयं सधमादेषु मदन्तो रयीणां पतयः स्याम ॥ ४४ ॥

भावार्थः—यथा राजा सर्वकन्याऽध्यापनाय पूर्णविद्यावतीः स्त्रीर्नियोज्य सर्वा बालिकाः पूर्णविद्यासुशिक्षायुक्ताः कुर्यात् तथैव बालकानपि कुर्य्याद्यदैते यौवनस्थाः स्युस्तदैव स्वयंवरं विवाहं कारयेदेवं राज्यवृद्धिं सदा कुर्य्यात् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (वैश्वदेवी) सब विदुषी स्त्रियों में उत्तम (पुनती) सब की पवित्रता करती हुई (देवी) सकल विद्या और धर्म के आचरण से प्रकाशमान विद्याओं की पढ़ाने हारी ब्रह्मचारिणी कन्या हम को (आ, अगात्) प्राप्त होवे (यस्याम्) जिन के होने में (इमाः) ये (बह्व्यः) बहुत सी (तन्वः) विस्तृत विद्यायुक्त (वीतपृष्ठाः) विविध प्रश्नों को जानने हारी हों (तया) उस से अच्छी शिक्षा को प्राप्त भार्य्याओं को प्राप्त होकर (वयम्) हम लोग (सधमादेषु) समान स्थानों में (मदन्तः) आनन्द युक्त हुए (रयीणाम्) धनादि ऐश्वर्यों के (पतयः) स्वामी (स्याम) होवें ॥ ४४ ॥

भावार्थः—जैसे राजा सब कन्याओं को पढ़ाने के लिये पूर्ण विद्या वाली स्त्रियों को नियुक्त करके सब बालिकाओं को पूर्णविद्या और सुशिक्षायुक्त करे वैसे ही बालकों को भी किया करे जब ये सब पूर्णयुवावस्था वाले हों तभी स्वयंवर विवाह करावे ऐसे राज्य की वृद्धि को सदा किया करे ॥ ४४ ॥

ये समाना इत्यस्य वैखानस ऋषिः । पितरो देवताः ।
निचृदनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
कुत्र जनाः सुखं निवसन्तीत्याह ॥
कहां मनुष्य सुखपूर्वक निवास करते हैं इस वि० ॥

ये स॒मा॒नाः सम॑नसः पि॒तरो॑ यम॒राज्ये॑ । तेषां॑ लो॒कः स्व॒धा नमो॑ य॒ज्ञो दे॒वेषु॑ कल्पताम् ॥ ४५ ॥

ये । स॒मा॒नाः । सम॑नस॒ऽइति॒ सऽम॑नसः । पि॒तरः॑ । य॒म॒राज्य॒ इति॑ यम॒ऽराज्ये॑ । तेषा॑म् । लो॒कः । स्व॒धा । नमः॑ । य॒ज्ञः । दे॒वेषु॑ । क॒ल्प॒ता॒म् ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(ये) (समानाः) सदृशाः (समनसः) समानं मनो विज्ञानं येषां ते (पितरः) प्रजापालकाः (यमराज्ये) यमस्य सभाधीशस्य राष्ट्रे (तेषाम्) (लोकः) सभादर्शनं वा

(स्वधा) अन्नम् (नमः) सत्करणम् (यज्ञः) संगन्तव्यो न्यायः (देवेषु) विद्वत्सु (कल्पताम्) समर्थितोऽस्तु ॥ ४५ ॥

अन्वयः—ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये सन्ति तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञश्च देवेषु कल्पताम् ॥ ४५ ॥

भावार्थः—यत्र बहुदर्शिनामन्नाद्यैश्वर्ययुक्तानां सज्जनैः सत्कृतानां धर्मैकनिष्ठानां विदुषां सभा सत्यं न्यायं करोति तत्रैव सर्वे मनुष्या ऐश्वर्ये सुखे च निवासं कुर्वन्ति ॥ ४५ ॥

पदार्थः—(ये) जो (समानाः) सदृश (समनसः) तुल्य विज्ञान युक्त (पितरः) प्रजा के रक्षक लोग (यमराज्ये) यथावत् न्यायकारी सभाधीश राजा के राज्य में हैं (तेषाम्) उन का (लोकः) सभा का दर्शन (स्वधा) अन्न (नमः) सत्कार और (यज्ञः) प्राप्त होने योग्य न्याय (देवेषु) विद्वानों में (कल्पताम्) समर्थ होवे ॥ ४५ ॥

भावार्थः—जहां बहुदर्शी अन्नादि ऐश्वर्य से संयुक्त सज्जनों से सत्कार को प्राप्त, एक धर्म ही में जिन की निष्ठा है उन विद्वानों की सभा सत्यन्याय को करती है उसी राज्य में सब मनुष्य ऐश्वर्य और सुख में निवास करते हैं ॥ ४५ ॥

ये समानाइत्यस्य वैखानस ऋषिः । श्रीर्देवता ।

अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पितृसन्तानाः परस्परं कथं वर्त्तेरन्नित्याह ॥

माता पिता और सन्तान आपस में कैसे वर्त्तें इस वि० ॥

ये स॒मा॒नाः सम॑नसो जी॒वा जी॒वेषु॑ माम॒काः । तेषा॒ᳬ श्रीर्मयि॑ कल्पताम॒स्मिँल्लो॒के श॒तᳬ समाः॑ ॥ ४६ ॥

ये। स॒मा॒नाः। सम॑नस॒ इति॒ सऽम॑नसः। जी॒वाः। जी॒वेषु॑। मा॒म॒काः। तेषा॑म्। श्रीः। मयि॑। क॒ल्प॒ता॒म्। अ॒स्मिन्। लो॒के। श॒तम्। समाः॑॥ ४६॥

पदार्थः—(ये) (समानाः) सदृग्गुणकर्मस्वभावाः (समनसः) समाने धर्मे मनो येषान्ते (जीवाः) ये जीवन्ति ते (जीवेषु) (मामकाः) मदीयाः (तेषाम्) (श्रीः) राज्यलक्ष्मीः (मयि) (कल्पताम्) (अस्मिन्) (लोके) (शतम्) (समाः) संवत्सराः ॥ ४६ ॥

अन्वयः—येऽस्मिँल्लोके जीवेषु समानाः समनसो मामका जीवास्सन्ति तेषां श्रीर्मयि शतं समाः कल्पताम् ॥ ४६ ॥

भावार्थः—सन्ताना यावत्पितरो जीवेयुस्तावत्तान् सेवन्ताम्। पुत्रा यावत्पितृसेवकाः स्युस्तावत्ते सत्कर्त्तव्याः स्युर्यत् पितॄणां धनादि वस्तु तत्पुत्राणां यत्पुत्राणां तत् पितॄणाञ्चास्तु ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(ये) जो (अस्मिन्) इस (लोके) लोक में (जीवेषु) जीवते हुओं में (समानाः) समान गुण कर्म स्वभाव वाले (समनसः) समान धर्म में मन रखने हारे (मामकाः) मेरे (जीवाः) जीते हुए पिता आदि हैं (तेषाम्) उन की (श्रीः) लक्ष्मी (मयि) मेरे समीप (शतम्) सौ (समाः) वर्ष पर्यन्त (कल्पताम्) समर्थ होवे ॥ ४६ ॥

भावार्थः—सन्तान लोग जब तक पिता आदि जीवें तब तक उन की सेवा किया करें पुत्र लोग जब तक पिता आदि की सेवा करें तब तक वे सत्कार के योग्य होवें और जो पिता आदि का धनादि वस्तु हो वह पुत्रों और जो पुत्रों का हो वह पिता आदि का रहे ॥ ४६ ॥

द्वे सृती इत्यस्य वैखानस ऋषिः। पितरो देवता।

स्वराट्पङ्क्तिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः॥

जीवानां द्वौ मार्गौ स्त इत्याह॥

जीवों के दो मार्ग हैं इस वि०॥

द्वे सृतीऽअशृणवं पितृणामहं देवानामुत मर्त्या-नाम्। ताभ्यामिदं विश्वमेजत्समेति यदन्तरा पितरँ मातरँ च॥ ४७॥

द्वेऽइति द्वे। सृतीऽइति सृती। अशृणवम्। पि-तृणाम्। अहम्। देवानाम्। उत। मर्त्यानाम्। ताभ्याम्। इदम्। विश्वम्। एजत्। सम्। एति। यत्। अन्तरा। पितरम्। मातरम्। च॥ ४७॥

पदार्थः-(द्वे) (सृती) सरन्ति गच्छन्त्याऽऽगच्छन्ति जीवा ययोस्ते (अशृणवम्) शृणोमि (पितृणाम्) जनकादीनाम् (अहम्) (देवानाम्) आचार्य्यादीनां विदुषाम् (उत) अपि (मर्त्यानाम्) मनुष्याणाम् (ताभ्याम्) (इदम्) (विश्वम्) सर्वं जगत् (एजत्) चलत्सत् (सम्) (एति) गच्छति (यत्) (अन्तरा) मध्ये (पितरम्) जनकम् (मातरम्) जननीम् (च)॥ ४७॥

अन्वयः—हे मनुष्या अहं ये पितॄणां मर्त्यानां देवानां च द्वे सृती अशृणवं शृणोमि ताभ्यामिदं विश्वमेजत्समेत्युत यत् पितरं मातरमन्तरा शरीरान्तरेणान्यौ मातापितरौ प्राप्नोति तदेतद् यूयं विजानीत ॥ ४७ ॥

भावार्थः—द्वे एव जीवानां गती वर्त्तेते एका मातापितृभ्यां जन्म प्राप्य संसारे विषयसुखभोगरूपा द्वितीया विद्वत्संगादिना मुक्तिसुखभोगाख्याऽस्ति आभ्यां सहैव सर्वे प्राणिनश्चरन्ति ॥ ४७ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (अहम्) मैं जो (पितॄणाम्) पिता आदि (मर्त्यानाम्) मनुष्यों (च) और (देवानाम्) विद्वानों की (द्वे) दो गतियों (सृती) जिन में आते जाते अर्थात् जन्म मरण को प्राप्त होते हैं उन को (अशृणवम्) सुनता हूं (ताभ्याम्) उन दोनों गतियों से (इदम्) यह (विश्वम्) सब जगत् (एजत्) चलायमान हुआ (समेति) अच्छे प्रकार प्राप्त होता है (उत) और (यत्) जो (पितरम्) पिता और (मातरम्) माता से (अन्तरा) पृथक् होकर दूसरे शरीर से अन्य माता पिता को प्राप्त होता है सो यह तुम लोग जानो ॥ ४७ ॥

भावार्थः—दोही जीवों की गति हैं एक माता पिता से जन्म को प्राप्त होकर संसार में विषय सुख के भोग रूप और दूसरी विद्वानों के सङ्ग आदि से मुक्ति सुख के भोग रूप है इन दोनों गतियों के साथही सब प्राणी विचरते हैं ॥ ४७ ॥

इदं हविरित्यस्य वैखानस ऋषिः । अग्निर्देवता ।

निचृदष्टिश्छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

सन्तानैः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥

सन्तानों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

इ॒दं ह॒विः प्र॒जन॑नं मेऽअस्तु॒दश॑वीर॒ꣳ सर्व॑ग-

एॅ स्वस्तये । आत्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्यभयसनि । अग्निः प्रजां बहुलां मे करोत्वन्नं पयो रेतोऽअस्मासु धत्त ॥ ४८ ॥

इदम् । हविः । प्रजननमिति प्रऽजननम् । मे । अस्तु । दशवीरमिति दशऽवीरम् । सर्वऽगणम् । स्वस्तये । आत्मसनीत्यात्मऽसनि । प्रजासनीति प्रजाऽसनि । पशुसनीति पशुऽसनि । लोकसनीति लोकऽसनि । अभयसनीत्यभयऽसनि । अग्निः । प्रजामिति प्रऽजाम् । बहुलाम् । मे । करोतु । अन्नम् । पयः । रेतः । अस्मासु । धत्त ॥ ४८ ॥

पदार्थः—(इदम्) (हविः) होतुमर्हम् (प्रजननम्) प्रजनयन्ति येन तत् (मे) मम (अस्तु) (दशवीरम्) दश वीराः पुत्रा यस्मात् तत् (सर्वगणम्) सर्वे गणाः गणयाः प्रशंसनीयाः पदार्था यस्मात् (स्वस्तये) सुखाय (आत्मसनि) आत्मानं सनति सम्भजति येन तत् (प्रजासनि) प्रजाः सनति येन तत् (पशुसनि) पशून् सनति सम्भजति येन (लोकसनि) लोकान् सनति सम्भजति येन (अभयसनि) अभयं सनति सम्भजति येन

(अग्निः) अग्निरिव देदीप्यमानः पतिः (प्रजाम्) पुत्रपौत्रप्रभृतिम् (बहुलाम्) बहूनि सुखानि ददाति या ताम् (मे) मह्यम् (करोतु) (अन्नम्) (पयः) दुग्धम् (रेतः) वीर्यम् (अस्मासु) (धत्त) ॥ ४८ ॥

अन्वयः—अग्निर्मे बहुलां प्रजां करोतु मे यदिदं प्रजननं हविर्दशवीरं सर्वगणमात्मसनि प्रजासनि पशुसनि लोकसन्यभयसन्य पत्यं करोतु तत् स्वस्तयेऽस्तु । हे मातापित्रादयो यूयमस्मासु प्रजामन्नं पयो रेतो धत्त ॥ ४८ ॥

भावार्थः—ये स्त्रीपुरुषाः पूर्णेन ब्रह्मचर्येण सर्वा विद्याशिक्षाः संगृह्य परस्परं प्रीत्या स्वयंवरं विवाहं कृत्वा ऋतुगामिनो भूत्वा विधिवत् प्रजामुत्पादयन्ति तेषां सा प्रजा शुभगुणयुक्ता भूत्वा पितृन् सततं सुखयति ॥ ४८ ॥

पदार्थः—(अग्निः) अग्नि के समान प्रकाशमान पति (मे) मेरे लिये (बहुलाम्) बहुत सुख देनेवाली (प्रजाम्) प्रजा को (करोतु) करे (मे) मेरा जो (इदम्) यह (प्रजननम्) उत्पत्ति करने का निमित्त (हविः) लेने देने योग्य (दशवीरम्) दश सन्तानों का उत्पन्न करने हारा (सर्वगणम्) सब समुदायों से सहित (आत्मसनि) जिस से आत्मा का सेवन (प्रजासनि) प्रजा का सेवन (पशुसनि) पशु का सेवन (लोकसनि) लोकों का अच्छे प्रकार सेवन और (अभयसनि) अभय का दान रूप कर्म होता है उस सन्तान को करे वह (स्वस्तये) सुख के लिये (अस्तु) होवे हे माता पिता आदि लोगो आप (अस्मासु) हमारे बीच में प्रजा (अन्नम्) अन्न (पयः) दूध और (रेतः) वीर्य को (धत्त) धारण करो ॥ ४८ ॥

भावार्थः—जो स्त्री पुरुष पूर्ण ब्रह्मचर्य से सकल विद्या का शिक्षाओं का संग्रह कर परस्पर प्रीति से स्वयंवर विवाह कर के ऋतुगामी हो कर विधि पूर्वक प्रजा

की उत्पत्ति करते हैं उन की वह प्रजा शुभ गुण युक्त हो कर माता पिता आदि को निरन्तर सुखी करती है ॥ ४८ ॥

उदीरतामित्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।

स्वराट् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पितृभिः किम्भूतैः किं कार्य्यमित्याह ॥

पिताआदि को कैसे होकर क्या करना चाहिये इस वि० ॥

उदीरतामवर्ऽउत्परास उन्मध्यमाः पितरः सोम्यासः । असुं यऽईयुरवृका ऋतज्ञास्ते नोऽवन्तु पितरो हवेषु ॥ ४९ ॥

उत् । ईरताम् । अवरे । उत् । परासः । उत् । मध्यमाः । पितरः । सोम्यासः । असुम् । ये । ईयुः । अवृकाः । ऋतज्ञा इत्यृतऽज्ञाः । ते । नः । अवन्तु । पितरः । हवेषु ॥ ४९ ॥

पदार्थः—(उत) (ईरताम्) प्रेरताम् (अवरे) अर्वाचीनाः (उत) (परासः) प्रकृष्टाः (उत) (मध्यमाः) मध्ये भवाः (पितरः) पालकाः (सौम्यासः) साम्यगुणसम्पन्नाः (असुम) प्राणम् (ये) (ईयुः) प्राप्नुयुः (अवृकाः) अविद्यमानाः वृकाश्चौरा येषु ये (ऋतज्ञाः) ये ऋतं सत्यं जानन्ति (ते) (नः) अस्मान् (अवन्तु) रक्षन्तु (पितरः) रक्षितारः (हवेषु) संग्रामादिषु व्यवहारेषु ॥ ४९ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या येऽवृका ऋतज्ञाः पितरो हवेष्वसुमुदीयुस्ते न उदवन्तु ये सोम्यासोऽवरे परासो मध्यमाः पितरस्सन्ति तेऽस्मान् हवेषूदीरताम् ॥ ४९ ॥

भावार्थः—ये जीवन्तो निकृष्टमध्यमोत्तमाः स्तेयादिदोषरहिता विदितवेदितव्याऽधिगतयाथातथ्या विद्वांसस्सन्ति ते विद्याभ्यासोपदेशाभ्यां सत्यधर्मग्राहकत्वेन बाल्यावस्थायां विवाहनिषेधेन सर्वाः प्रजाः पालयन्तु ॥ ४९ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (ये) जो (अवृकाः) चौर्यादि दोष रहित (ऋतज्ञाः) सत्य के जानने हारे (पितरः) पिता आदि बड़े लोग (हवेषु) संग्रामादि व्यवहारों में (असुम्) प्राण को (उदीयुः) उत्तमता से प्राप्त हों (ते) वे (नः) हमारी (उत, अवन्तु) उत्कृष्टता से रक्षा करें और जो (सोम्यासः) शान्त्यादि गुण सम्पन्न (अवरे) प्रथम अवस्थायुक्त (परासः) उत्कृष्ट अवस्था वाले (मध्यमाः) बीच के विद्वान् (पितरः) पिता आदि लोग हैं वे हम को संग्रामादि कामों में (उदीरताम्) अच्छे प्रकार प्रेरणा करें ॥ ४९ ॥

भावार्थः—जो जीते हुए प्रथम मध्यम और उत्तम चोरी आदि दोषरहित जानने के योग्य विद्या को जानने हारे तत्वज्ञान को प्राप्त विद्वान् लोग हैं वे विद्या के अभ्यास और उपदेश से सत्य धर्म के ग्रहण कराने हारे कर्म से बाल्यावस्था में विवाह का निषेध करके सब प्रजाओं को पालें ॥ ४९ ॥

अङ्गिरस इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
निचृत्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पितृसन्तानैरितरेतरं कथं वर्त्तितव्यमित्याह ॥
माता पिता और सन्तानों को परस्पर कैसे वर्त्तना चाहिये इस वि० ॥

अङ्गिरसो नः पितरो नवंग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः । तेषां वयꣳ सुमतौ यज्ञियानामपि भद्रे सौमनसे स्याम ॥ ५० ॥

अङ्गिरसः । नः । पितरः । नवग्वाऽइति नवऽग्वाः । अथर्वाणः । भृगवः । सोम्यासः । तेषाम् । वयम् । सुमताविति सुऽमतौ । यज्ञियानाम् । अपि । भद्रे । सौमनसे । स्याम ॥ ५० ॥

पदार्थः—(अङ्गिरसः) सर्वविद्यासिद्धान्तविदः (नः) अस्माकम् (पितरः) पालकाः (नवग्वाः) (अथर्वाणः) अहिंसकाः (भृगवः) परिपक्वविज्ञानाः (सोम्यासः) ये "सोम,,मैश्वर्यमर्हन्ति ते (तेषाम्) (वयम्) (सुमतौ) शोभना चासौ मतिश्च तस्याम् (यज्ञियानाम्) ये यज्ञ मर्हन्ति तेषाम् (अपि) (भद्रे) कल्याणकरे (सौमनसे) शोभनं मनः सुमनस्तस्य भावे (स्याम) भवेम ॥ ५० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या ये नोऽङ्गिरसो नवग्वा अथर्वाणो भृगवः सोम्यासः पितरः सन्ति तेषां यज्ञियानां सुमतौ भद्रे सौमनसे वयं प्रवृत्तास्स्यामैवं यूयमपि भवत ॥ ५० ॥

भावार्थः—अपत्यैर्यद्यत् पितॄणां धर्म्यं कर्म तत् तत्सेवनीयं यद्यदधर्म्यं तत्तत्त्यक्तव्यं पितृभिरप्येवं समाचरणीयम् ॥ ५० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जो (नः) हमारे (अङ्गिरसः) सब विद्याओं के सिद्धान्तों को जानने और (नवग्वाः) नवीन २ ज्ञान के उपदेशों को करने हारे (अथर्वाणः) अहिंसक (भृगवः) परिपक्वविज्ञानयुक्त (सोम्यासः) ऐश्वर्य पाने योग्य (पितरः) पितादि ज्ञानी लोग हैं (तेषाम्) उन (यज्ञियानाम्) उत्तम व्यवहार करने हारों की (सुमतौ) सुन्दर प्रज्ञा और (भद्रे) कल्याण कारक (सौमनसे) प्राप्त हुए

श्रेष्ठ बोध में (वयम्) हम लोग प्रवृत्त (स्याम) होवें वैसे तुम (अपि) भी होओ ॥५०॥

भावार्थः—सन्तानों को योग्य है कि जो २ पिता आदि बड़ों का धर्म युक्त कर्म होवे उस २ का सेवन करें और जो २ अधर्म युक्त हो उस २ को छोड़ देवें ऐसे ही पिता आदि बड़े लोग भी सन्तानों के अच्छे २ गुणों का ग्रहण और बुरों का त्याग करें ॥ ५० ॥

ये न इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।

भुरिक्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासोऽनूहिरे सोमपीथं वसिष्ठाः । तेभिर्यमः सꣳरराणो हवीꣳष्युशन्नुशद्भिः प्रतिकाममत्तु ॥ ५१ ॥

ये । नः । पूर्वे । पितरः । सोम्यासः । अनूहिरऽइत्यनुऽऊहिरे । सोमपीथमिति सोमऽपीथम् । वसिष्ठाः । तेभिः । यमः । सꣳरराणऽइति सम्ऽरराणः । हवीꣳषि । उशन् । उशद्भिरित्युशद्ऽभिः । प्रतिकाममिति प्रतिऽकामम् । अत्तु ॥५१॥

पदार्थः—(ये) (नः) (पूर्वे) पूर्वजाः (पितरः) ज्ञानिनो जनकाः (सोम्यासः) सोमगुणानर्हन्तः (अनूहिरे)

अनु वहन्ति पुनः पुनः प्राप्नुवन्ति च (सोमपथिम्) सोमपानम् (वसिष्ठाः) येऽतिशयेन धनिनः (तेभिः) तैः (यमः) न्यायी संयमी सन्तानः (संरराणः) सम्यक्सुखानि राति ददाति सः (हवींषि) अत्तुमर्हाण्यन्नादीनि (उशन्) कामयमानः (उशद्भिः) कामयमानैः (प्रतिकामम्) कामं कामं प्रतीति प्रतिकामम् (अत्तु) भुङ्क्ताम् ॥ ५१ ॥

अन्वयः—ये नः सोम्यासो वसिष्ठाः पूर्वे पितरः सोमपीथमनूहिरे तेभिरुशद्भिः सह हवींष्युशन् संरराणो यमः प्रतिकाममत्तु ॥ ५१ ॥

भावार्थः—पितृभिः पुत्रैः सह पुत्रैः पितृभिः सह च सर्वे सुखदुःखभोगाः कार्य्याः प्रतिक्षणं सुखं वर्द्धनीयं दुःखं च ह्रासनीयम् ॥ ५१ ॥

पदार्थः—(ये) जो (नः) हमारे (सोम्यासः) शान्त्यादि गुणों के योग से योग्य (वसिष्ठाः) अत्यन्त धनी (पूर्वे) पूर्वज (पितरः) पालन करने हारे ज्ञानी पिता आदि (सोमपीथम्) सोम पान को (अनूहिरे) प्राप्त होते और कराते हैं (तेभिः) उन (उशद्भिः) हमारे पालन की कामना करने हारे पितरों के साथ (हवींषि) लेने देने योग्य पदार्थों की (उशन्) कामना करने हारा (संरराणः) अच्छे प्रकार सुखों का दाता (यमः) न्याय और योग युक्त संतान् (प्रतिकामम्) प्रत्येक काम को (अत्तु) भोगे ॥ ५१ ॥

भावार्थः—पिता आदि पुत्रों के साथ और पुत्र पिता आदि के साथ सब सुख दुःखों के भोग करें और सदा सुख की वृद्धि और दुःख का नाश किया करें ॥ ५१ ॥

त्वꣳसोमइत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।

स्वराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

त्वꣳ सोम॒ प्र चि॑कितो मनी॒षा त्वꣳ रजि॑ष्ठ॒मनु॑नेषि॒ पन्था॑म् । तव॒ प्रणी॑ती पि॒तरो॑ न इन्दो दे॒वेषु॒ रत्न॑मभजन्त॒ धीरा॑ः ॥ ५२ ॥

त्वम् । सोम॒ । प्र । चि॒कि॒तः । म॒नी॒षा । त्वम् । रजि॑ष्ठम् । अनु॑ । ने॒षि॒ । पन्था॑म् । तव॑ । प्रणी॑ती । प्रनी॒ती॒ति॒प्रऽनी॑ती । पि॒तर॑ः । न॒ः । इ॒न्दो॒ऽइति॑ऽइन्दो । दे॒वेषु॑ । रत्न॑म् । अ॒भ॒ज॒न्त॒ । धीरा॑ः ॥ ५२ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (सोम) विविधैश्वर्ययुक्त (प्र) (चिकितः) प्राप्तविज्ञान (मनीषा) सुसंस्कृतया प्रज्ञया । अत्र वाच्छन्दसीत्येकाराऽऽदेशो न (त्वम् (रजिष्ठम्) अतिशयेन ऋजु कोमलम् (अनु) (नेषि) नयसि । अत्र बहुलं छन्दसीति शबभावः । (पन्थाम्) पन्थानम् (तव) (प्रणीती) प्रकृष्टा चासौ नीतिश्च तया । अत्र सुपां सुलुगिति पूर्वसवर्णादेशः (पितरः)पालकाः (नः) अस्मभ्यम् (इन्दो) इन्दुश्चन्द्रइव वर्त्तमान (देवेषु) विद्वत्सु (रत्नम्) (अभजन्त) भजन्तु (धीराः) ध्यानवन्तः ॥ ५२ ॥

अन्वयः—हे सोम प्रचिकितस्त्वं मनीषा यं रजिष्ठं पन्थां नेषि तं त्वं मामनुनय । हे इन्दो ये तव प्रणीती धीराः पितरो देवेषु नो रत्नमभजन्त तेऽस्माभिर्नित्यं सेवनीयाः सन्तु ॥ ५२ ॥

भावार्थः—ये सन्तानाः पितृसेवकाः सन्तो विद्याविनयाभ्यां धर्ममनुतिष्ठन्ति ते स्वजन्मसाफल्यं कुर्वन्ति ॥ ५२ ॥

पदार्थः—हे (सोम) ऐश्वर्य्ययुक्त (प्र,चकितः) विज्ञान को प्राप्त (त्वम्) तू (मनीषा) उत्तम प्रज्ञा से जिस (रजिष्ठम्) अतिशय कोमल सुखदायक (पन्थाम्) मार्ग को (नेषि) प्राप्त होता है उस को (त्वम्) तू मुझ को भी (अनु) अनुकूलता से प्राप्त कर । हे (इन्दो) आनन्दकारक चन्द्रमा के तुल्य वर्त्तमान जो (तव) तेरी (प्रणीती) उत्तम नीति के साथ वर्त्तमान (धीराः) योगीराज (पितरः) पिता आदि ज्ञानी लोग (देवेषु) विद्वानों में (नः) हमारे लिये (रत्नम्) उत्तम धन का (अभजन्त) सेवन करते हैं वे हम को नित्य सत्कार करने योग्य हों ॥ ५२ ॥

भावार्थः—जो सन्तान माता पिता आदि के सेवक होते हुए विद्या और विनय से धर्म का अनुष्ठान करते हैं वे अपने जन्म की सफलता करते हैं ॥ ५२ ॥

त्वयेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ॥

त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी पूर्वोक्त वि० ॥

त्वया हि नः पितरः सोम पूर्वे कर्माणि चक्रुः पवमान धीराः । वन्वन्नवातः परिधीँ२॥ रपोर्णु वीरेभिरश्वैर्मघवा भवा नः ॥ ५३ ॥

त्वया । हि । नः । पितरः । सोम । पूर्वे । कर्माणि । चक्रुः । पवमान । धीराः । वन्वन् । अवातः । परिधीनिति परिऽधीन् । अप । ऊर्णु । वीरेभिः । अश्वैः । मघवेति मघऽवा । भव । नः ॥५३॥

पदार्थः—(त्वया) विदुषा (हि) खलु (नः) अस्माकम् (पितरः) पित्रध्यापकादयः (सोम) ऐश्वर्यसम्पन्न (पूर्वे) प्राचीना वृद्धाः (कर्माणि) (चक्रुः) कृतवन्तः (पवमान) पवित्र शुद्धकारक (धीराः) धीमन्तः (वन्वन्) धर्मं सेवमानः (अवातः) अविद्यमानो वातो हिंसनं यस्य (परिधीन्) यत्र परितः सर्वतो धीयन्ते तान् (अप) दूरीकरणे (ऊर्णु) आच्छादय (वीरेभिः) वीरैः (अश्वैः) तुरङ्गैः (मघवा) प्रशंसितधनयुक्त (भव) अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (नः) अस्माकम् ॥ ५३ ॥

अन्वयः—हे पवमान सोम त्वया सह नः पूर्वे धीराः पितरो यानि धर्म्याणि कर्माणि चक्रुस्तानि हि वयमप्यनुतिष्ठेम । अवातो वन्वन् त्वं वीरैभिरश्वैश्च सह नः शत्रून् परिधीनपोर्णु मघवा च भव ॥ ५३ ॥

भावार्थः—मनुष्या स्वेषां धार्मिकाणां पितॄणामनुकरणं कृत्वा शत्रून्निवार्य्य स्वसेनाङ्गप्रशंसायुक्तास्सन्तः सुखिनः स्युः ॥ ५३ ॥

पदार्थः—हे (पवमान) पवित्र स्वरूप पवित्र कर्म कर्त्ता और पवित्र करने हारे (सोम) ऐश्वर्य्ययुक्त सन्तान (त्वया) तेरे साथ (नः) हमारे (पूर्वे)

पूर्वज (धीराः) बुद्धिमान् (पितरः) पिताआदि ज्ञानी लोग जिन धर्म युक्त (कर्माणि) कर्मों को (चक्रुः) करने वाले हुए (हि) उन्हीं का सेवन हम लोग भी करें (अवातः) हिंसा कर्म रहित (वन्वन्) धर्म का सेवन करते हुए सन्तान तू (वीरेभिः) वीर पुरुष और (अश्वैः) घोड़े आदि के साथ (नः) हमारे शत्रुओं की (परिधीन्) परिधि अर्थात् जिन में चारों ओर से पदार्थों का धारण किया जाय उन मार्गों को (अपोर्णु) आच्छादन कर और हमारे मध्य में (मघवा) धनवान् (भव) हूजिये ॥ ५३ ॥

भावार्थः—मनुष्य लोग अपने धार्मिक पिताआदि का अनुकरण कर और शत्रुओं को निवारण करके अपनी सेना के अंगों की प्रशंसा से युक्त हुए सुखी होवें ॥५३॥

त्वꣳसोमेत्यस्य शंख ऋषिः । सोमो देवता ॥
भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

त्वꣳ सोम पितृभिः संविदानोऽनु द्यावापृथिवीऽआ ततन्थ । तस्मै त इन्दो हविषा विधेम वयꣳ स्याम पतयो रयीणाम् ॥ ५४ ॥

त्वम् । सोम । पितृभिरिति पितृऽभिः । संविदानइति समऽविदानः । अनु । द्यावापृथिवीऽइति द्यावापृथिवी । आ । ततन्थ । तस्मै । ते । इन्दोऽइति इन्दो । हविषा । विधेम । वयम् । स्याम । पतयः । रयीणाम् ॥ ५४ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (सोम) सोमवद्वर्त्तमान (पितृभिः) ज्ञानयुक्तैः (संविदानः) प्रतिजानन् (अनु) (द्यावापृथिवी) सूर्यश्च पृथिवी च ते (आ) (ततन्थ) विस्तृणीहि (तस्मै) (ते) तुभ्यम् (इन्दो) चन्द्रवत्प्रियदर्शन (हविषा) दातुमादातुमर्हेण पदार्थेन (विधेम) परिचरेम (वयम्) (स्याम) भवेम (पतयः) अधिष्ठातारः (रयीणाम्) राज्यश्रियादीनाम् ॥ ५४ ॥

अन्वयः—हे सोम सुसन्तान पितृभिः सह संविदानो यस्त्वमनुद्यावापृथिवी सुखमाततन्थ । हे इन्दो तस्मै ते वयं हविषा सुखं विधेम यतो रयीणां पतयः स्याम ॥ ५४ ॥

भावार्थः—हे सन्ताना यूयं यथा चन्द्रलोकः पृथिवीमभितो भ्रमन्सन् सूर्यमनुभ्रमति तथैव पित्रध्यापकादीननुचरत यतो यूयं श्रीमन्तो भवत ॥ ५४ ॥

पदार्थः—हे (सोम) चन्द्रमा के सदृश आनन्दकारक उत्तम सन्तान (पितृभिः) ज्ञानयुक्त पितरों के साथ (संविदानः) प्रतिज्ञा करता हुआ जो (त्वम्) तू (अनु, द्यावापृथिवी) सूर्य और पृथिवी के मध्य में धर्मानुकूल आचरण से सुख का (आ, ततन्थ) विस्तार कर । हे (इन्दो) चन्द्रमा के समान प्रियदर्शन (तस्मै) उस (ते) तेरे लिये (वयम्) हम लोग (हविषा) लेने देने योग्य व्यवहार से सुख का (विधेम) विधान करें जिस से हमलोग (रयीणाम्) धनों के (पतयः) पालन करने हारे स्वामी (स्याम) हों ॥ ५४ ॥

भावार्थः—हे सन्तानो तुम लोग जैसे चन्द्रलोक पृथिवी के चारों ओर भ्रमण करता हुआ सूर्य की परिक्रमा देता है वैसे ही माता पिता आदि के अनुचर होओ जिस से तुम श्रीमन्त हो जाओ ॥ ५४ ॥

बर्हिषद इत्यस्य शङ्ख ऋषिः। पितरो देवताः।
भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः। पञ्चमः स्वरः॥

पुनस्तमेव विषयमाह॥
फिर उसी वि०॥

बर्हिषदः पितर ऊत्यर्वागिमा वो हव्या चकृमा जुषध्वम्। त आगतावसा शन्तमेनाथा नः शंयोररपो दधात॥५५॥

बर्हिषदः। बर्हिसदऽइति बर्हिऽसदः। पितरः। ऊती। अर्वाक्। इमा। वः। हव्या। चकृम। जुषध्वम्। ते। आ। गत। अवसा। शन्तमेनेति शम्ऽतमेन। अथ। नः। शम्। योः। अरपः। दधात॥५५॥

पदार्थः-(बर्हिषदः) ये बर्हिषि उत्तमायां सभायां सीदन्ति (पितरः) न्यायेन पालकाः (ऊती) ऊत्या रक्षणादिक्रियया (अर्वाक्) पश्चात् (इमा) इमानि (वः) युष्मभ्यम् (हव्या) अत्तुमर्हाणि (चकृम) संस्कृतानि कुर्याम। अन्येषामपि दृश्यत इति दीर्घः (जुषध्वम्) सेवध्वम् (ते) (आ) (गत) गच्छत (अवसा) रक्षाद्येन (शन्तमेन) अतिशयितं शं सुखं तेन

(अथ) अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (नः) अस्मभ्यम् (शम्) सुखम् (योः) दूरीकरणे (अरपः) अविद्यमानं पापं यस्मिन् तत् सत्याचरणम् । रपो रिप्रमिति पाप नामनी भवतः । निरु० अ० ४। २१ (दधात) ॥ ५५ ॥

अन्वयः—हे बर्हिषदः पितरो वयमर्वागूयेभ्यो व ऊतीमा हव्या चकृम तानि यूयं जुषध्वं शन्तमेनावसा सहागत । अथ नः शमरपश्च दधात दुःखं च योः ॥ ५५ ॥

भावार्थः—येषां पितृणां सेवां सन्तानाः कुर्युस्ते स्वापत्येषु सुशिक्षया सुशीलतां धारयेयुः ॥ ५५ ॥

पदार्थः—हे (बर्हिषदः) उत्तम सभा में बैठने हारे (पितरः) न्याय से पालना करने वाले पितर लोगो हम (अर्वाक्) पश्चात् जिन (वः) तुम्हारे लिये (ऊती) रक्षणादि क्रिया से (इमा) इन (हव्या) भोजन के योग्य पदार्थों का (चकृम) संस्कार करते हैं उन का तुम लोग (जुषध्वम्) सेवन किया करो वे आप लोग (शन्तमेन) अत्यन्त कल्याण कारक (अवसा) रक्षणादि कर्म के साथ (आ, गत) आवें (अथ) इस के अनन्तर (नः) हमारे लिये (शम्) सुख तथा (अरपः) सत्याचरण को (दधात) धारण करें और दुःख को (योः) हम से पृथक् रक्खें ॥ ५५ ॥

भावार्थः—जिन पितरों की सेवा सन्तान लोग करें वे अपने सन्तानों में अच्छी शिक्षा से सुशीलता को धारण करें ॥ ५५ ॥

आहमित्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आहं पि॒तॄन्त्सु॑वि॒दत्राँ॑२॥ऽअवित्सि॒ नपा॑तं च

विक्रमणं च विष्णोः । बर्हिषदो ये स्वधया सुतस्य भजन्त पित्वस्तऽइहागमिष्ठाः ॥ ५६ ॥

आ । अहम् । पितॄन् । सुविदत्रानिति सुऽविदत्रान् । अवित्सि । नपातम् । च । विक्रमणमिति विऽक्रमणम् । च । विष्णोः । बर्हिषदइति बर्हिऽसदः । ये । स्वधया । सुतस्य । भजन्त । पित्वः । ते । इह । आगमिष्ठाऽइत्याऽगमिष्ठाः ॥ ५६ ॥

पदार्थः-(आ) (अहम्) (पितॄन्) जनकान् (सुविदत्रान्) सुष्ठुविविधानां सुखानां दातॄन् (अवित्सि) वेद्मि (नपातम्) न विद्यते पातो यस्य तम् (च) (विक्रमणम्) विक्रमन्ते यस्मिन् जगति तत् (च) (विष्णोः) वेवेष्टि चराचरं जगत् तस्येश्वरस्य (बर्हिषदः) उत्तम आसने सीदन्ति ते (ये) (स्वधया) अन्नेन (सुतस्य) निष्पादितस्य (भजन्त) भजन्ते सेवन्ते (पित्वः) सुरभिपानम् (ते) (इह) (आगमिष्ठाः) आगच्छन्तु । अत्र लोडर्थे लुङ् पुरुषवचनव्यत्ययः ॥ ५६ ॥

अन्वयः—ये बर्हिषदः पितर इह स्वधया सुतस्य पित्वश्चाभजन्त सेवन्ते त आगमिष्ठा आगच्छन्तु य इह विष्णोर्नपातं विक्रमणं च विदन्ति तान् सुविदत्रान् पितॄनहमवित्सि ॥ ५६ ॥

भावार्थः—ये पितरो विद्यासुशिक्षां कुर्वन्ति कारयन्ति च ते पुत्रैः कन्याभिश्च सम्यक् सेवनीयाः ॥ ५६ ॥

पदार्थः—(ये) जो (बर्हिषदः) उत्तम आसन में बैठने योग्य पितर लोग (इह) इस वर्त्तमान काल में (स्वधया) अन्नादि से तृप्त (सुतस्य) सिद्ध किये हुए (पित्वः) सुगन्धयुक्त पानका (च) भी (आ,भजन्त) सेवन करते हैं (ते) वे (आगमिष्ठाः) हमारे पास आवें जो इस संसार में (विष्णोः) व्यापक परमात्मा के (नपातम्) नाशरहित (विक्रमणम्) विविध सृष्टिक्रम को (च) भी जानते हैं उस (सुविदत्रान्) उत्तम सुखादि के दान देने हारे (पितॄन्) पितरों को (अहम्) मैं (अवित्सि) जानता हूं ॥ ५६ ॥

भावार्थः—जो पितर लोग विद्या की उत्तम शिक्षा करते और कराते हैं वे पुत्र और कन्याओं के सम्यक् सेवन करने योग्य हैं ॥ ५६ ॥

उपहूता इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।

निचृत्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

उप॑हूताः पि॒तर॑ः सो॒म्यासो॑ बर्हि॒ष्येषु नि॒धिषु॑ प्रि॒येषु॑ । तऽआग॑मन्तु॒ तऽइ॒ह श्रु॑वन्त्वधि॑ ब्रुवन्तु॒ तेऽवन्त्व॒स्मान् ॥ ५७ ॥

उप॑हूता॒ऽइत्युप॑ऽहूताः । पि॒तर॑ः । सो॒म्यास॑ः । ब॒र्हि॒ष्ये᳖षु । नि॒धिष्विति॑ नि॒ऽधिषु॑ । प्रि॒येषु॑ । ते । आ । ग॒म॒न्तु॒ । ते । इ॒ह । श्रु॒व॒न्तु॒ । अधि॑ । ब्रु॒व॒न्तु॒ । ते । अ॒व॒न्तु॒ । अ॒स्मान् ॥ ५७ ॥

पदार्थः—(उपहूताः) समीप आहूताः (पितरः) जनकादयाः (सोम्यासः) ये सोममैश्वर्यमर्हन्ति ते (बर्हिष्येषु) बर्हिःषूत्तमेषु साधुषु (निधिषु) धनकोशेषु (प्रियेषु) प्रीतिकारकेषु (ते) (आ) (गमन्तु) गच्छन्तु । अत्र बहुलं छन्दसीति शपो लुक् (ते) (इह) (श्रुवन्तु) अत्र विकरणव्यत्ययेन शः (अधि) आधिक्ये (ब्रुवन्तु) (ते) (अवन्तु) रक्षन्तु (अस्मान्) ॥ ५७ ॥

अन्वयः—ये सोम्यासः पितरो बर्हिष्येषु प्रियेषु निधिषूपहूतास्त इहागमन्तु तेऽस्मद्वचांसि श्रुवन्तु तेऽस्मानधिब्रुवन्तु तेऽवन्तु ॥५७॥

भावार्थः—ये विद्यार्थिनोऽध्यापकानुपहूय सत्कृत्यैतेभ्यो विद्यां जिघृक्षेयुस्ताँस्ते प्रीत्याऽध्यापयेयुः सर्वतो विषयासक्त्यादिभ्यो दुष्कर्मभ्यः पृथग्रक्षेयुश्च ॥ ५७ ॥

पदार्थः—जो (सोम्यासः) ऐश्वर्य को प्राप्त होने के योग्य (पितरः) पितर लोग (बर्हिष्येषु) अत्युत्तम (प्रियेषु) प्रिय (निधिषु) रत्नादि से भरे हुए कोशों के निमित्त (उपहूताः) बुलाये हुए हैं (ते) वे (इह) इस हमारे समीप स्थान में (आ,गमन्तु) आवें (ते) वे हमारे वचनों को (श्रुवन्तु) सुनें वे (अस्मान्) हम को (अधि,ब्रुवन्तु) अधिक उपदेश से बोधयुक्त करें (ते) वे हमारी (अवन्तु) रक्षा करें ॥ ५७ ॥

भावार्थः—जो विद्यार्थी जन अध्यापकों को बुला उन का सत्कार कर उन से विद्या ग्रहण की इच्छा करें उन विद्यार्थियों को वे अध्यापक भी प्रीति पूर्वक पढ़ावें और सर्वथा विषयासक्ति आदि दुष्कर्मों से पृथक् रक्खें ॥ ५७ ॥

आ यान्त्वित्यस्य शङ्खऋषिः । पितरो देवताः ।

विराट्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

आ यन्तु नः पितरः सोम्यासोऽग्निष्वात्ताः पथिभिर्देवयानैः । अस्मिन् यज्ञे स्वधया मदन्तोऽधि ब्रुवन्तु तेऽवन्त्वस्मान् ॥ ५८ ॥

आ । यन्तु । नः । पितरः । सोम्यासः । अग्निष्वात्ताः । अग्निस्वात्ताऽइत्यग्निऽस्वात्ताः । पथिभिरिति पथिऽभिः । देवयानैरिति देवऽयानैः । अस्मिन् । यज्ञे । स्वधया । मदन्तः । अधि । ब्रुवन्तु । ते । अवन्तु । अस्मान् ॥ ५८ ॥

पदार्थः—(आ) (यन्तु) आगच्छन्तु (नः) अस्माकम् (पितरः) अन्नविद्यादानेन पालका जनकाध्यापकोपदेशकाः (सोम्यासः) सोमइव शमदमादिगुणान्विताः (अग्निष्वात्ताः) गृहीताग्निविद्याः (पथिभिः) मार्गैः (देवयानैः) देवा आप्ता विद्वांसो यान्ति यैस्तैः (अस्मिन्) वर्त्तमाने (यज्ञे) उपदेशाध्यापनाख्ये (स्वधया)अन्नाद्येन (मदन्तः) आनन्दन्तः (अधि) अधिष्ठा-

तृभावे (ब्रुवन्तु)उपदिशन्त्वध्यापयन्तु वा (ते) (अवन्तु) रक्षन्तु (अस्मान्) पुत्रान् विद्यार्थिनश्च ॥ ५८ ॥

अन्वयः—ये सोम्यासोऽग्निष्वात्ता नः पितरः सन्ति ते देवयानैः पथिभिरायन्त्वास्मिन्यज्ञे वर्त्तमाना भूत्वा स्वधया मदन्तः सन्तोऽस्मानधिब्रुवन्त्वस्मानवन्तु ॥ ५८ ॥

भावार्थः—विद्यार्थिभिर्विद्यावयोवृद्धेभ्यो विद्यां रक्षां च प्राप्याप्तमार्गेण गत्वागत्य सर्वेषां रक्षा विधेया ॥ ५८ ॥

पदार्थः—जो (सोम्यासः) चन्द्रमा के तुल्य शान्त शमदमादि गुणयुक्त (अग्निष्वात्ताः) अग्न्यादि पदार्थ विद्या में निपुण (नः) हमारे (पितरः) अन्न और विद्या के दान से रक्षक जनक अध्यापक और उपदेशक लोग हैं (ते) वे (देवयानैः) आप्त लोगों के जाने आने योग्य (पथिभिः) धर्मयुक्त मार्गों से (आ,यन्तु) आवें (अस्मिन्) इस (यज्ञे) पढ़ाने उपदेश करने रूप व्यवहार में वर्त्तमान हो के (स्वधया) अन्नादि से (मदन्तः) आनन्द को प्राप्त हुए (अस्मान्) हम को (अधि ब्रुवन्तु) अधिष्ठाता होकर उपदेश करें और पढ़ावें और हमारी (अवन्तु) सदा रक्षा करें ॥ ५८ ॥

भावार्थः—विद्यार्थियों को योग्य है कि विद्या और आयु में वृद्ध विद्वानों से विद्या और रक्षा को प्राप्त होकर सत्यवादी निष्कपटी परोपकारी उपदेशकों के मार्ग से जा आ के सब की रक्षा करें ॥ ५८ ॥

अग्निष्वात्ता इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
निचृज्जगतीछन्दः । निषादः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उक्त वि० ॥

अग्निष्वात्ताः पितर एह गच्छत सदःसदः सदत

सुप्रणीतयः । अत्ता हवीꣳषि प्रयंतानि बर्हिष्यथा रयिꣳ सर्ववीरं दधातन ॥ ५९ ॥

अग्निष्वात्ताः । अग्निष्वात्ताऽइत्यग्निऽस्वात्ताः । पितरः । आ । इह । गच्छत । सदःसद इति सदःऽसदः । सदत । सुप्रणीतयः । सुप्रणीतयइति सुऽप्रनीतयः । अत्त । हवीꣳषि । प्रयंतानीति प्रऽयंतानि । बर्हिषि । अथ । रयिम् । सर्ववीरमिति सर्ववीरम् । दधातन ॥ ५९ ॥

पदार्थः—(अग्निष्वात्ताः) अधीताग्निविद्याः (पितरः) पालकाः (आ) (इह) अस्मिन् वर्त्तमाने काले विद्याप्रचाराय (गच्छत) (सदःसदः) सीदन्ति यस्मिन् यस्मिन् तत्तद्गृहम् (सदत) (सुप्रणीतयः) शोभना प्रगता नीतिर्न्यायो येषान्ते (अत्ता) अत्र द्व्यचोऽतस्तिङ इति दीर्घः (हवींषि) अत्तुमर्हाण्यन्नादीनि (प्रयतानि) प्रयत्नेन साधितानि (बर्हिषि) उत्तमे व्यवहारे (अथ) अत्र निपातस्य चेति दीर्घः (रयिम्) धनम् (सर्ववीरम्) सर्वे वीरा-यस्मात्प्राप्यन्ते तम् (दधातन) धरत ॥ ५९ ॥

अन्वयः—हे सुप्रणीतयोऽग्निष्वात्ताः पितरो यूयमिहागच्छत सदःसदः सदत प्रयतानि हवींष्यत्ताऽथ बर्हिषि स्थित्वाऽस्मदर्थं सर्ववीरं रयिं दधातन ॥ ५९ ॥

भावार्थः—ये विद्वांस उपदेशाय गृहङ्गृहं प्रति गत्वाऽऽगत्य च सत्यं धर्मं प्रचारयन्ति ते गृहस्थैः श्रद्धया दत्तान्यन्नपानादीनि सेवन्तां सर्वाञ्छरीरात्मबलयोग्यान् पुरुषार्थिनः कृत्वा श्रीमन्तः कुर्वन्तु ॥ ५९ ॥

पदार्थः—हे (सुप्रणीतयः) अत्युत्तम न्याय धर्म से युक्त (अग्निष्वात्ताः) अग्न्यादि पदार्थ विद्या में निपुण (पितरः) पालन करने हारे पितरो ! आपलोग (इह) इस वर्त्तमान समय में विद्याप्रचार के लिये (आ,गच्छत) आओ (सदःसदः) जहां२ बैठें उस२ घर में (सदत) स्थित हो ओ (प्रयतानि)अति विचार से सिद्ध किये हुए (हवींषि) भोजन के योग्य अन्नादि का (अत्त) भोग करो (अथ) इस के पश्चात् (बर्हिषि) विद्या प्रचाररूप उत्तम व्यवहार में स्थित हो कर हमारे लिये (सर्ववीरम्) सब वीर पुरुषों को प्राप्त कराने हारे (रयिम्) धन को (दधातन) धारण कीजिये ॥ ५९ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् लोग उपदेश के लिये घर२ के प्रति गमनागमन कर के सत्य धर्म का प्रचार करते हैं वे गृहस्थों में श्रद्धा से दिये हुए अन्नपानादि का सेवन करें सब को शरीर और आत्मा के बल से योग्य पुरुषार्थी करके श्रीमान् करें ॥ ५९ ॥

ये अग्निष्वात्ता इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
स्वराट्त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यैरीश्वरः कथं प्रार्थनीयइत्याह ॥
मनुष्यों को ईश्वर की प्रार्थना कैसे करनी चाहिये इस वि० ॥

येऽअग्निष्वात्ता येऽअनग्निष्वात्ता मध्ये दिवः स्वधया मादयन्ते । तेभ्यः स्वराडसुनीतिमेतां यथावशं तन्वं कल्पयाति ॥ ६० ॥

ये । अग्निष्वात्ताः । अग्निष्वात्ता इत्यग्निऽस्वात्ताः । ये । अनग्निष्वात्ताः । अनग्निष्वात्ता इत्यनग्निऽस्वात्ताः । मध्ये । दिवः । स्वधया । मादयन्ते । तेभ्यः । स्वराडिति स्वऽराट् । असुनीतिमित्यसुऽनीतिम् । एताम् । यथावशमिति यथाऽवशम् । तन्वम् । कल्पयाति ॥ ६० ॥

पदार्थः-(ये) (अग्निष्वात्ताः) सम्यग्गृहीताऽग्निविद्याः (ये) (अनग्निष्वात्ताः) अविद्यमानाग्निविद्याग्रहणा ज्ञाननिष्ठाः पितरः (मध्ये) (दिवः) विज्ञानादिप्रकाशस्य (स्वधया) स्वकीयपदार्थ धारणक्रियया (मादयन्ते) आनन्दन्ति (तेभ्यः) पितृभ्यः (स्वराट्) यः स्वयं राजतेऽसौ परमात्मा (असुनीतिम्) यात्रसून् प्राणान् नयति प्राप्नोति ताम् (एताम्) (यथावशम्) वशं कामनामनतिक्रम्य करोतीति (तन्वम्) (कल्पयाति) कल्पयेत् समर्थं कुर्य्यात् ॥ ६० ॥

अन्वयः—येऽग्निष्वात्ता ये अनग्निष्वात्ता दिवो मध्ये स्वधया मादयन्ते तेभ्यः स्वराडेतामसुनीतिं तन्वं तथावशं कल्पयाति ॥ ६० ॥

भावार्थः—हे परमेश्वर येऽग्न्यादिपदार्थविद्यां विज्ञाय प्रवर्तयन्ति

ये च ज्ञाननिष्ठाः विद्वांसः स्वेनैव पदार्थेन तुष्टाभवन्ति तेषां शरीराणि दीर्घायूंषि सम्पादय इति प्रार्थनीयः ॥ ६० ॥

पदार्थः—(ये) जो (अग्निष्वात्ताः) अच्छे प्रकार अग्निविद्या के ग्रहण करने तथा (ये) जो (अग्निष्वात्ताः) अग्नि से भिन्न अन्य पदार्थविद्याओं को जानने हारे वा ज्ञानी पितृलोग (दिवः) वा विज्ञानादिप्रकाश के (मध्ये) बीच (स्वधया) अपने पदार्थ के धारण करने रूप क्रिया से (मादयन्ते) आनन्द को प्राप्त होते हैं (तेभ्यः) उन पितरों के लिये (स्वराट्) स्वयं प्रकाशमान परमात्मा (एताम्) इस (असुनीतिम्) प्राणों को प्राप्त होने वाले (तन्वम्) शरीर को (यथावशम्) कामना के अनुकूल (कल्पयाति) समर्थ करे ॥ ६० ॥

भावार्थः—मनुष्यों को परमेश्वर से ऐसी प्रार्थना करनी चाहिये कि हे परमेश्वर जो अग्नि आदि की पदार्थ विद्या को यथार्थ जान के प्रवृत्त करते और जो ज्ञान में तत्पर विद्वान् अपने ही पदार्थ के भोग से सन्तुष्ट रहते हैं उन के शरीरों को दीर्घायु कीजिये ॥ ६० ॥

अग्निष्वात्तानित्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पितृसन्तानैरितरेतरं किं कर्त्तव्यमित्याह ॥
माता पिता और सन्तनों को परस्पर क्या करना चाहिये इस वि० ॥

अग्निष्वात्तानृतुमतो हवामहे नाराशꣳसे सोमपीथं यऽआशुः । ते नो विप्रासः सुहवा भवन्तु वयꣳ स्याम पतयो रयीणाम् ॥ ६१ ॥

अग्निष्वात्तान् । अग्निस्वात्तानित्यग्निऽस्वात्तान् । ऋतुमतऽइत्यृतुऽमतः । हवामहे । नाराशꣳसे ।

सोमपीथमिति सोमऽपीथम् । ये । आशुः । ते । नः । विप्रासः । सुहवाऽइति सुऽहवाः । भवन्तु । वयम् । स्याम । पतयः । रयीणाम् ॥ ६१ ॥

पदार्थः—(अग्निष्वात्तान्) सुष्ठु गृहीताऽग्निविद्यान् (ऋतुमतः) प्रशस्ता वसन्तादय ऋतवो विद्यन्ते येषां तान् (हवामहे) (नाराशंसे) नराणां प्रशंसामये सत्कारव्यवहारे (सोमपीथम्) सोमपानम् (ये) (आशुः) अश्नीयुः (ते) (नः) अस्मभ्यम् (विप्रासः) मेधाविनः (सुहवाः) सुष्ठुदानाः (भवन्तु) (वयम्) (स्याम) (पतयः) स्वामिनः (रयीणाम्) धनानाम् ॥ ६१ ॥

अन्वयः—ये सोमपीथमाशुर्यानृतुमतोऽग्निष्वात्तान् पितॄन् वयं नाराशंसे हवामहे ते विप्रासो नः सुहवा भवन्तु वयं च तत्कृपातो रयीणाम् पतयः स्याम ॥ ६१ ॥

भावार्थः—सन्तानाः पदार्थविद्याविदो देशकालज्ञान् प्रशस्तौषधिरससेवकान् विद्यावयोवृद्धान् पित्रादीन् सत्कारार्थमाहूय तत्सहायेन धनाद्यैश्वर्य्यवन्तो भवन्तु ॥ ६१ ॥

पदार्थः—(ये) जो (सोमपीथम्) सोम आदि उत्तम ओषधि रस को (आशुः) पीवें जिन (ऋतुमतः) प्रशंसित वसन्तादि ऋतु में उत्तम कर्म करने वाले (अग्निष्वात्तान्) अच्छे प्रकार अग्नि विद्या को जानने हारे पिताआदि ज्ञानियों को हम लोग (नाराशंसे) मनुष्यों के प्रशंसारूप सत्कार के व्यवहार में (हवामहे) बुलाते

हैं (ते) वे (विप्रासः) बुद्धिमान् लोग (नः) हमारे लिये (सुहवाः) अच्छे दान देने हारे (भवन्तु) हों और (वयम्) हम उन की कृपा से (रयीणाम्) धनों के (पतयः) स्वामी (स्याम) होवें ॥ ६१ ॥

भावार्थः—सन्तान लोग पदार्थविद्या और देश काल के जानने और प्रशंसित ओषधियों के रस को सेवन करने हारे विद्या और अवस्था में वृद्ध पिता आदि को सत्कार के अर्थ बुला के उन के सहाय से धनादि ऐश्वर्य्यवाले हों ॥ ६१ ॥

आच्याजान्वित्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ॥
निचृत् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आच्या जानु दक्षिणतो निषद्ये मं यज्ञमभिगृणीत विश्वे । मा हिंᳪसिष्ट पितरः केन चिन्नो यद्व आगः पुरुषता कराम ॥ ६२ ॥

आच्येत्याऽअच्य । जानु । दक्षिणतः । निषद्य । निसद्येति निऽसद्य । इमम् । यज्ञम् । अभि । गृणीत । विश्वे । मा । हिᳪसिष्ट । पितरः । केन । चित् । नः । यत् । वः । आगः । पुरुषता । कराम ॥ ६२ ॥

पदार्थः—(आच्य) अधो निपात्य (जानु) (दक्षिणतः) दक्षिणपार्श्वतः (निषद्य) समास्य (इमम्) (यज्ञम्) सत्काराख्यम् (अभि) आभिमुख्ये (गृणीत) प्रशंसत (विश्वे) सर्वे (मा) (हिंसिष्ट) (पितरः) ज्ञानप्रदाः (केन) (चित) (नः) अस्माकम् (यत) (वः) (आगः) अपराधम् (पुरुषता) पुरुषस्य भावः (कराम) कुर्याम । अत्र विकरणव्यत्ययेन शप् ॥ ६२ ॥

अन्वयः—हे विश्वे पितरो यूयं केनचिद्धेतुना नो या पुरुषता तां मा हिंसिष्ट यतो वयं सुखं कराम यद्द्आगस्तत्त्याजयेम यूयमिमं यज्ञमभिगृणीत वयमाच्य जानु दक्षिणतो निषद्य युष्मान् सततं सत्कुर्याम ॥ ६२ ॥

भावार्थः—येषां पितरो यदा सामीप्यमागच्छेयुः स्वयं वै तेषां निकटे समभिगच्छेयुस्तदा भूमौ जानुनी निपात्य नमस्कृत्य तान् प्रसादयेयुः पितरश्चाशीर्विद्यासुशिक्षोपदेशेन स्वसन्तानान् प्रसन्नान् कृत्वा सततं रक्षेयुः ॥ ६२ ॥

पदार्थः—हे (विश्वे) सब (पितरः) पितृ लोगो तुम (केन,चित्) किसी हेतु से (नः) हमारी जो (पुरुषता) पुरुषार्थता है उस को (मा,हिंसिष्ट) मत नष्ट करो जिस से हम लोग सुख को (कराम) प्राप्त करें (यत्) जो (वः) तुम्हारा (आगः) अपराध है उस को हम छुड़ावें तुमलोग (इमम्) इस (यज्ञम्) सत्कार क्रियारूप व्यवहार को (अभि,गृणीत) हमारे सन्मुख प्रशंसित करो हम (जानु) जानु अवयव को (आच्य) नीचे टेक के (दक्षिणतः) तुम्हारे दक्षिण पार्श्व में (निषद्य) बैठ के तुम्हारा निरन्तर सत्कार करें ॥ ६१ ॥

भावार्थः—जिन के पितृ लोग जब समीप आवें अथवा सन्तान लोग इन के समीप जावें तब भूमि में घुटने टिका नमस्कार कर इन को प्रसन्न करें पितर लोग भी

आशीर्वाद विद्या और अच्छी शिक्षा के उपदेश से अपने सन्तानों को प्रसन्न करके सदा रक्षा किया करें ॥ ६२ ॥

आसीनास इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
स्वराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

आसीनासोऽअरुणीनामुपस्थे रयिं धत्त दाशुषे मर्त्याय । पुत्रेभ्यः पितरस्तस्य वस्वः प्रयच्छत तऽइहोर्जं दधात ॥ ६३ ॥

आसीनासः । अरुणीनाम् । उपस्थऽइत्युपऽस्थे । रयिम् । धत्त । दाशुषे । मर्त्याय । पुत्रेभ्यः । पितरः । तस्य । वस्वः । प्र । यच्छत । ते । इह । ऊर्जम् । दधात ॥ ६३ ॥

पदार्थः—(आसीनासः) उपस्थिताः सन्तः (अरुणीनाम्) अरुणवर्णानां स्त्रीणाम् (उपस्थे) उत्सङ्गे (रयिम्) श्रियम् (धत्त) (दाशुषे) दात्रे (मर्त्याय) मनुष्याय (पुत्रेभ्यः) (पितरः) (तस्य) (वस्वः)वसुनो धनस्य(प्र) (यच्छत) (ते) (इह) (ऊर्ज्जम्) पराक्रमं (दधात)दधीरन् ॥ ६३ ॥

अन्वयः—हे पितरो यूयमिहारुणीनामुपस्थ आसीनासः सन्तः पुत्रेभ्यो दाशुषे मर्त्याय च रयिं धत्त तस्य वस्वोऽशान्प्रयच्छत यतस्त ऊर्जं दधात ॥ ६३ ॥

भावार्थः—तएव वृद्धाः सन्ति ये स्वस्त्रीव्रताः स्वपत्नीनां सत्कर्त्तारोऽपत्येभ्यो यथायोग्यं दायं सत्पात्रेभ्यो दानं च सदा ददति ते च सन्तानैर्माननीयाः सन्ति ॥ ६३ ॥

पदार्थः—हे (पितरः) पितृ लोगो तुम (इह) इस गृहाश्रम में (अरुणीनाम्) गौर वर्ण युक्त स्त्रियों के (उपस्थे) समीप में (आसीनासः) बैठे हुए (पुत्रेभ्यः) पुत्रों के और (दाशुषे) दाता (मर्त्याय) मनुष्य के लिये (रयिम्) धन को (धत्त) धरो (तस्य) उस (वस्वः) धन के भागों को (प्रयच्छत) दिया करो जिस से (ते) वे स्त्री आदि सब लोग (ऊर्जम्) पराक्रम को (दधात) धारण करें ॥ ६३ ॥

भावार्थः—वेही वृद्ध हैं जो अपनी स्त्री ही के साथ प्रसन्न अपनी पत्नियों का सत्कार करने हारे सन्तानों के लिये यथायोग्य दायभाग और सत्पात्रों को सदा दान देते हैं और वे सन्तानों को सत्कार करने योग्य होते हैं ॥ ६३ ॥

यमग्नइत्यस्य शङ्ख ऋषिः । अग्निर्देवता ।
विराडनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

यमग्ने कव्यवाहन त्वं चिन्मन्यसे रयिम् ।
तन्नो गीर्भिः श्रवाय्यं देवत्रा पनया युजम् ॥ ६४ ॥

यम् । अग्ने । कव्यवाहनेति । कव्यऽवाहन । त्वम् । चित् । मन्यसे । रयिम । तम् । नः । गीर्भिरिति गीःऽभिः । श्रवाय्यम् । देवत्रेति । देवऽत्रा । पनय । युजम् ॥ ६४ ॥

पदार्थः—(यम्) (अग्ने) अग्निरिव प्रकाशमान विद्वन् (कव्यवाहन) यः कविषु साधूनि वस्तूनि वहति प्रापयति तत्सम्बुद्धौ (त्वम्) (चित) अपि (मन्यसे) (रयिम्) ऐश्वर्यम्

(तम्) (नः) अस्मभ्यम् (गीर्भिः) (श्रवाय्यम्) श्रावयितुमर्हम् । श्रुदक्षीत्यादिना आय्य प्रत्ययः । उ० ३ । ९६ (देवत्रा) देवेषु विद्वत्सु (पनय) देहि । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (युजम्) योक्तुमर्हम् ॥ ६४ ॥

अन्वयः—हे कव्यवाहनाऽग्ने त्वं गीर्भिः श्रवाय्यं देवत्रा युजं यं रयिं मन्यसे तं चिन्नः पनय ॥ ६४ ॥

भावार्थः—पितृभिः पुत्रेभ्यस्सत्पात्रेभ्यश्च प्रशंसनीयं धनं सञ्चेयम् । तेनैतान्विदुषो गृहीत्वा सत्यधर्मोपदेशकान्कारयित्वा विद्याधर्मौ प्रचारणीयौ ॥ ६४ ॥

पदार्थः—हे (कव्यवाहन) बुद्धिमानों के समीप उत्तम पदार्थ पहुंचाने हारे (अग्ने) अग्नि के समान प्रकाश युक्त (त्वम्) आप (गीर्भिः) कोमल वाणियों से (श्रवाय्यम्) सुनाने योग्य (देवत्रा) विद्वानों में (युजम्) युक्त करने योग्य (यम्) जिस (रयिम्) ऐश्वर्य्य को (मन्यसे) जानते हो (तम्) उस को (चित्) भी (नः) हमारे लिये (पनय) दीजिये ॥ ६४ ॥

भावार्थः—पिताआदि ज्ञानी लोगों को चाहिये कि पुत्रों और सत्पात्रों से प्रशंसित धन का संचय करें उस धन से उत्तम विद्वानों को ग्रहण कर उन को सत्य धर्म के उपदेशक बना के विद्या और धर्म का प्रचार करें और करावें ॥ ६४ ॥

योऽअग्निरित्यस्य शङ्ख ऋषिः । अग्निर्देवता ।

अनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

योऽअ॒ग्निः क॑व्य॒वाह॑नः पि॒तॄन्यक्ष॑दृता॒वृधः॑ । प्रेदु॑ ह॒व्यानि॑ वोचति दे॒वेभ्य॑श्च पि॒तृभ्य॒ आ ॥ ६५ ॥

यः । अग्निः । कव्यवाहन इति कव्यऽवाहनः । पितॄन् । यक्षत् । ऋतावृधः । ऋतवृध इत्यृतऽवृधः । प्र । इत् । ऊँऽइत्यूँ । हव्यानि । वोचति । देवेभ्यः । च । पितृभ्य इति पितृऽभ्यः । आ ॥ ६५ ॥

पदार्थः—(यः) (अग्निः) अग्निरिव विद्यासु प्रकाशमानः (कव्यवाहनः) यः कव्यानि कवीनां प्रशस्तानि कर्माणि प्रापयति सः (पितॄन्) जनकादीन् (यक्षत्) सत्कुर्यात् (ऋतावृधः) य ऋतेन वेदविज्ञानेन वर्द्धन्ते । अत्रान्येषामपीति दीर्घः (प्र) (इत) एव (उ) वितर्के (हव्यानि) आदातुमर्हाणि विज्ञानानि (वोचति) वदति वचेर्लेट्यट् वचउमित्युमागमः (देवेभ्यः) विद्वद्भ्यः (च) (पितृभ्यः) जनकादिभ्यः (आ) समन्तात् ॥६५॥

अन्वयः- यः कव्यवाहनोऽग्निर्विद्वान् ऋतावृधः पितॄन्यक्षत्स इदु देवेभ्यः पितृभ्यश्च हव्यानि प्रावोचति ॥ ६५ ॥

भावार्थः—ये ब्रह्मचर्येण पूर्णविद्या भवन्ति ते विद्वत्सु विद्वांसः पितृषु पितरश्च गण्यन्ते ॥ ६५ ॥

पदार्थः—(यः) जो (कव्यवाहनः) विद्वानों के श्रेष्ठ कर्मों को प्राप्त कराने हारा (अग्निः) अग्नि के समान विद्याओं में प्रकाशमान विद्वान् (ऋतावृधः) वेद विद्या से वृद्ध (पितॄन्) पितरों का (यक्षत्) सत्कार करे सो (इत्) ही (उ) अच्छे प्रकार (देवेभ्यः) विद्वानों (च) और (पितृभ्यः) पितरों के लिये (हव्यानि) ग्रहण करने योग्य विज्ञानों का (प्रावोचति) अच्छे प्रकार सब ओर से उपदेश करता है ॥ ६५ ॥

भावार्थः—जो पूर्ण ब्रह्मचर्य से पूर्णविद्या वाले होते हैं वे विद्वानों में विद्वान् और पितरों में पितर गिने जाते हैं ॥ ६५ ॥

त्वमग्नइत्यस्य शङ्ख ऋषिः । अग्निर्देवता ।

निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

त्वमंग्नऽईडितः कंव्यवाहुनावांड्ढुव्यानिं सुरभीणिं कृत्वी । प्रादांः पितृभ्यंः स्वधया तेऽअंक्षन्नद्धि त्वं देव प्रयंता हुवीᳬषिं ॥ ६६ ॥

त्वम् । अग्ने । ईडितः । कव्यवाहनेतिंकव्यऽवाहन । अवाट् । हुव्यानिं । सुरभीणिं । कृत्वी । प्र । अदाः । पितृभ्यऽइतिं पितृऽभ्यंः । स्वधयां । ते । अक्षन् । अद्धि । त्वम् । देव । प्रयतेति प्रऽयंता । हुवीᳬषिं ॥ ६६ ॥

पदार्थः—(त्वम्) (अग्ने) पावकइव पवित्र (ईडितः) प्रशंसितः (कव्यवाहन) कवीनां प्रागल्भ्यानि कर्माणि प्राप्त (अवाट्) वहसि (हव्यानि) अत्तुमर्हाणि (सुरभीणि) सुगन्धादियुक्तानि

(कृत्वी) कृत्वा । स्नात्व्यादयश्च अ० ७ । १ । ४९ (प्र) (अदाः) प्रदेहि (पितृभ्यः) (स्वधया) अन्नेन सह (ते) (अक्षन्) अदन्तु (अद्धि) भुङ्क्ष्व (त्वम्) (देव) दातः (प्रयता) प्रयत्नेन साधितानि (हवींषि) आदातुमर्हाणि ॥ ६६ ॥

अन्वयः—हे कव्यवाहनाग्ने विद्वन् पुत्र ईडितस्त्वं सुरभीणि हव्यानि कृत्व्यवाट् तानि पितृभ्यः प्रादास्ते पितरः स्वधया सहैतान्यक्षन् हे देव त्वं प्रयता हवींष्यद्धि ॥ ६६ ॥

भावार्थः—पुत्रादयः सर्वे सुसंस्कृतैः सुगन्धादियुक्तैरन्नपानैः पितॄन् भोजयित्वा स्वयमेतानि भुञ्जीरन्नियमेव पुत्राणां योग्यतास्ति । ये सुसंस्कृतान्नपाने कुर्वन्ति तेऽरोगाः शतायुषो भवन्ति ॥ ६६ ॥

पदार्थः—हे (कव्यवाहन) कवियों के प्रगल्भतादिकर्मों को प्राप्त हुए (अग्ने) अग्नि के समान पवित्र विद्वन्! पुत्र ! (ईडितः) प्रशंसित (त्वम्) तू (सुरभीणि) सुगन्धादि युक्त (हव्यानि) खाने के योग्य पदार्थ (कृत्वी) कर के (अवाट्) प्राप्त करता है उन को (पितृभ्यः) पितरों के लिये (प्रादाः) दिया कर (ते) वे पितर लोग (स्वधया) अन्नादि के साथ इन पदार्थों का (अक्षन्) भोग किया करें । हे (देव) विद्वन् दातः ! (त्वम्) तू (प्रयता) प्रयत्न से साधे हुए (हवींषि) खाने के योग्य अन्नों को (अद्धि) भोजन किया कर ॥ ६६ ॥

भावार्थः—पुत्रादि सब लोग अच्छे संस्कार किये हुए सुगन्धादि से युक्त अन्न पानों से पितरों को भोजन करा के आप भी इन अन्नों का भोजन करें यही पुत्रों की योग्यता है । जो अच्छे संस्कार किये हुए अन्न पानों को करते हैं वे रोग रहित होकर शत वर्ष पर्यन्त जीते हैं ॥ ६६ ॥

येचेहेत्यस्य शङ्खऋषिः । पितरो देवताः ।

स्वराट्पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

ये चेह पितरो ये च नेह याँश्च विद्म याँ२॥ऽउंच न प्रविद्म । त्वं वेत्थ यति ते जातवेदः स्वधाभिर्यज्ञꣳसुकृतं जुषस्व ॥ ६७ ॥

ये । च । इह । पितरः । ये । च । न । इह । यान् । च । विद्म । यान् । ऊँऽइत्यूँ । च । न । प्रविद्मेति प्रऽविद्म । त्वम् । वेत्थ । यति । ते । जातवेद इति जातऽवेदः । स्वधाभिः । यज्ञम् । सुकृतमिति सुऽकृतम् । जुषस्व ॥ ६७ ॥

पदार्थः—(ये) (च) (इह) (पितरः) (ये) (च) (न) (इह) (यान्) (च) (विद्म) जानीमः (यान्) (उ) वितर्के (च) (न) (प्रविद्म) (त्वम्) (वेत्थ) (यति) या सङ्ख्या येषान्तान् (ते) (जातवेदः) जाता वेदः प्रज्ञा यस्य तत्सम्बुद्धौ हे विद्वन् (स्वधाभिः) (यज्ञम्) (सुकृतम्) सुष्ठु कर्माणि क्रियन्ते यस्मिन् (जुषस्व) सेवस्व ॥ ६७ ॥

अन्वयः—हे जातवेदो ये चेह पितरो ये चेह न सन्ति वयं यांश्च विद्म यांश्च न प्रविद्म तान् यति यावतस्त्वं वेत्थ उ ते त्वां विदुस्तत्सेवामयं सुकृतं यज्ञं स्वधाभिर्जुषस्व ॥ ६७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्या ये प्रत्यक्षा वा येऽप्रत्यक्षा विद्वांसोऽध्यापका उपदेशकाश्च सन्ति तान् सर्वानाहूयाऽन्नादिभिस्सदा सत्कुरुत येन स्वयं सर्वत्र सत्कृता भवत ॥ ६७ ॥

पदार्थः—हे (जातवेदः) नवीन तीक्ष्ण बुद्धि वाले विद्वन् (ये) जो (इह) यहां (च) ही (पितरः) पिताआदि ज्ञानी लोग हैं (च) और (ये) जो (इह) यहां (न) नहीं हैं (च) और हम (यान्) जिन को (विद्म) जानते (च) और (यान्) जिन को (न, प्रविद्म) नहीं जानते हैं उन (यति) यावत् पितरों को (त्वम्) आप (वेत्थ) जानते हो (उ) और (ते) वे आप को भी जानते हैं उन की सेवा रूप (सुकृतम्) पुण्यजनक (यज्ञम्) सत्काररूप व्यवहार को (स्वधाभिः) अन्नादि से (जुषस्व) सेवन करो ॥ ६७ ॥

भावार्थः—हे मनुष्यो जो प्रत्यक्ष वा जो अप्रत्यक्ष विद्वान् अध्यापक और उपदेशक हैं उन सब को बुला अन्नादि से सदा सत्कार करो जिस से आप भी सर्वत्र सत्कारयुक्त होओ ॥ ६७ ॥

इदमित्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।

स्वराट् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

इदम्पितृभ्यो नमोऽअस्त्वद्य ये पूर्वासो यऽउपरास ईयुः । ये पार्थिवे रजस्या निषत्ता ये वा नूनꣳ सुवृजनासु विक्षु ॥ ६८ ॥

इदम् । पितृभ्यइति पितृऽभ्यः । नमः । अस्तु । अद्य । ये । पूर्वासः । ये । उपरासः । ईयुः । ये । पार्थिवे । रजांसि । आ । निषत्ताः । निसत्ताइति निऽसत्ताः । ये । वा । नूनम् । सुवृजनास्विति । सुऽवृजनासु । विक्षु ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(इदम्) प्रत्यक्षम् (पितृभ्यः) जनकादिभ्यः (नमः) सुसंस्कृतमन्नम् (अस्तु) (अद्य) इदानीम् (ये) (पूर्वासः) अस्मत्तो वृद्धाः (ये) (उपरासः) वानप्रस्थसन्यासाश्रममाप्ता गृहाश्रमविषयभोगेभ्य उपरताः (ईयुः) प्राप्नुयुः (ये) (पार्थिवे) पृथिव्यां विदिते (रजसि) लोके (आ) (निषत्ताः) कृतनिवासा (ये) (वा) (नूनम्) निश्चितम् (सुवृजनासु) शोभना वृजनाः गतयो यासां तासु (विक्षु) प्रजासु ॥ ६८ ॥

अन्वयः—ये पितरः पूर्वासो य उपरास ईयुर्ये पार्थिवे रजस्या निषत्ता वा नूनं ये सुवृजनासु विक्षु प्रयतन्ते तेभ्यः पितृभ्योऽद्येदं नमोऽस्तु ॥ ६८ ॥

भावार्थः—अस्मिन् संसारे ये प्रजाशोधका अस्मत्तो वरा विरक्ताश्रमं प्राप्ताः पित्रादयस्सन्ति ते पुत्रादिभिर्मनुष्यैः सदा सेवनीया नोचेत् कियती हानिः ॥ ६८ ॥

पदार्थः—(ये) जो पितर लोग (पूर्वासः) हम से विद्या वा अवस्था में वृद्ध हैं (ये) जो (उपरासः) वानप्रस्थ वा संन्यासाश्रम को प्राप्त हो के गृहाश्रम के विषय भोग से उदासीन चित्त हुए (ईयुः) प्राप्त हों (ये) जो (पार्थिवे) पृथिवी

पर विदित (रजःसि) लोक में (आ,निषत्ताः) निवास किये हुए (वा) अथवा (ये) जो (नूनम्) निश्चय करके (सुवृजनासु) अच्छीगतिवाली (विक्षु) प्रजाओं में प्रयत्न करते हैं उन (पितृभ्यः) पितरों के लिये (अद्य) आज (इदम्) यह (नमः) सुसंस्कृत अन्न (अस्तु) प्राप्त हो ॥ ६८ ॥

भावार्थः—इस संसार में जो प्रजा के शोधने वाले हम से श्रेष्ठ विरक्ताश्रम अर्थात् संन्यासाश्रम को प्राप्त पिताआदि हैं वे पुत्रादि मनुष्यों को सदा सेवने योग्य हैं जो ऐसा न करें तो कितनी हानि हो ॥ ६८ ॥

अधेत्यस्य शङ्खऋषिः । पितरो देवताः ।

त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर भी उसी वि० ॥

अधा यथा नः पितरः परासः प्रत्नासोऽअग्नऽऋतमाशुषाणाः । शुचीदयन्दीधितिमुक्थशासः क्षामा भिन्दन्तोऽअरुणीरप व्रन् ॥ ६९ ॥

अध । यथा । नः । पितरः । परासः । प्रत्नासः । अग्ने । ऋतम् । आशुषाणाः । शुचि । इत् । अयन् । दीधितिम् । उक्थशासः । उक्थशस इत्युक्थऽशसः । क्षामा । भिन्दन्तः । अरुणीः । अप । व्रन् ॥ ६९ ॥

पदार्थः—(अध) अथ । अत्र वर्णव्यत्ययेन थस्य धः (यथा) (नः) अस्माकम् (पितरः) (परासः) प्रकृष्टाः (प्रत्नासः) प्रा-

चीनाः (अग्ने) विद्वन् (ऋतम्) सत्यम् (आशुषाणाः) प्राप्नुवन्तः (शुचि) पवित्रम् (इत्) एव (अयन्) प्राप्नुवन्ति (दीधितिम्) विद्याप्रकाशम् (उकथशासः) य उक्थानि वक्तुं योग्यानि वचनानि शंसन्ति (क्षामा) निवासभूमिम्। अत्र विभक्तेर्लुक् (भिन्दन्तः) विदारयन्तः (अरुणीः) सुशीलतया प्रकाशमयाः स्त्रियः (अप) (व्रन्) दूरीकुर्वन्ति ॥६९॥

अन्वयः—हे अग्ने विद्वन् यथा नः परास प्रत्नास उक्थशासः शुचि ऋतमाशुषाणाः पितरो दीधितिमरुणीः क्षामा चायन्नधाऽथाऽविद्यां भिन्दन्त इदावरणान्यपव्रँस्तांस्त्वं तथा सेवस्व॥६९॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—ये जनकादयो विद्यां प्रापय्याऽविद्यां निवर्तयन्ति तेऽत्र सर्वैस्सत्कर्त्तव्याः सन्तु ॥ ६९ ॥

पदार्थः—हे (अग्ने) विद्वन् (यथा) जैसे (नः) हमारे (परासः) उत्तम (प्रत्नासः) प्राचीन (उकथशासः) उत्तम शिक्षा करने हारे (शुचि) पवित्र (ऋत) सत्य को (आशुषाणाः) अच्छे प्रकार प्राप्त हुए (पितरः) पिताआदि ज्ञानी जन (दीधितिम्) विद्या के प्रकाश (अरुणीः) सुशीलता से प्रकाश वाली स्त्रियों और (क्षामा) निवास भूमि को (अयन्) प्राप्त होते हैं (अध) इस के अनन्तर अविद्या का (भिन्दन्तः) विदारण करते हुए (इत्) ही अन्धकार रूप आवरणों को (अप,व्रन्) दूर करते हैं उन का तू वैसे सेवन कर ॥ ६९ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जो पिता आदि विद्या को प्राप्त करा के अविद्या का निवारण करते हैं वे इस संसार में सब लोगों से सत्कार करने योग्य हों ॥ ६९ ॥

उशन्त इत्यस्य शङ्खऋषिः । पितरो देवताः ।
निचृत्त्रिष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

उशन्तस्त्वा नि धीमह्युशन्तः समिधीमहि ।
उशन्नुशत ऽआवह पितॄन्हविषे ऽअत्तवे ॥ ७०

उशन्तः । त्वा । नि । धीमहि । उशन्तः । सम् । इधीमहि । उशन् । उशतः । आ । वह । पितॄन् । हविषे । अत्तवे ॥ ७० ॥

पदार्थः—(उशन्तः) कामयमानाः (त्वा) त्वाम् (नि) (धीमहि) धरेम । अत्र बहुलं छन्दसीति शपो लुक् छन्दस्युभयथेत्यार्द्धधातुकसञ्ज्ञा घुमास्थेत्यादिना ईत्वम् (उशन्तः) (सम्) एकीभावे (इधीमहि) दीपयेम (उशन्) कामयमानः (उशतः) कामयमानान् (आ) (वह) प्राप्नुहि (पितॄन्) जनकादीन् (हविषे) हविर्दातुमर्हम् । अत्र व्यत्ययेन द्वितीयास्थाने चतुर्थी (अत्तवे) अत्तुं भोक्तुम् ॥ ७० ॥

अन्वयः—हे विद्यार्थिन्पुत्र ! वा त्वामुशन्तो वयं त्वा निधीमह्युशन्तः सन्तः समिधीमहि । उशँस्त्वं हविषेऽत्तवे उशतोऽस्मान् पितॄनावह ॥ ७० ॥

भावार्थः—यथा विद्वांसो धीमतो जितेन्द्रियान् कृतज्ञान् परिश्रमिणो विचारशीलान् विद्यार्थिनो नित्यं कामयेरँस्तथा विद्यार्थिनोऽपीदृशानध्यापकान् विदुषः संसेव्य विद्वांसो भवन्तु ॥ ७० ॥

पदार्थः—हे विद्या की इच्छा करने वाले अथवा पुत्र तेरी (उशन्तः) कामना करते हुए हम लोग (त्वा) तुझ को (नि,धीमहि)विद्या का निधिरूप बनावें (उशन्तः) कामना करते हुए हम तुझ को (समिधीमहि) अच्छे प्रकार विद्या से प्रकाशित करें (उशन्) कामना करता हुआ तूं (हविषे) भोजन करने योग्य पदार्थ के (अत्तवे) खाने को (उशतः) कामना करते हुए हम (पितॄन्) पितरों को (आ,-वह) अच्छे प्रकार प्राप्त हो ॥ ७० ॥

भावार्थः—जैसे विद्वान् लोग बुद्धिमान् जितेन्द्रिय कृतज्ञ परिश्रमी विचार शील विद्यार्थियों की नित्य कामना करें वैसे विद्यार्थी लोग भी ऐसे उत्तम अध्यापक विद्वान् लोगों की सेवा कर के विद्वान् होवें ॥ ७० ॥

अपामित्यस्य शङ्खऋषिः । इन्द्रो देवता ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
अथ सेनेशः कीदृशः स्यादित्याह ॥
अब सेनापति कैसा हो इस वि० ॥

अपां फेनेन नमुचेः शिरऽइन्द्रोदवर्त्तयः । विश्वा यदजय स्पृधः ॥ ७१ ॥

अपाम् । फेनेन । नमुचेः । शिरः । इन्द्र । उत् । अवर्त्तयः । विश्वाः । यत् । अजयः । स्पृधः ॥ ७१ ॥

पदार्थः—(अपाम्) जलानाम् (फेनेन) वर्द्धनेन (नमुचेः) योऽपः स्वस्वरूपं न मुञ्चति तस्य मेघस्य (शिरः) घनाकारमुपरिभागम् (इन्द्र) सूर्य्यइव वर्तमान सेनेश (उत्) (अवर्तयः) ऊर्ध्वं वर्त्तय (विश्वाः) अखिलाः (यत्) याः (अजयः) जय (स्पृधः) याः स्पर्द्धन्ते ताः शत्रुसेनाः ॥ ७१ ॥

अन्वयः—हे इन्द्र यथा सूर्य्योऽपां फेनेन नमुचेर्मेघस्य शिरश्छिनत्ति तथैव त्वं स्वकीयाः सेना उदवर्त्तयो यथा विश्वाः स्पृधः सन्ति ता अजयः ॥ ७१ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०— यथा सूर्य्येणाच्छादितोऽपि मेघः पुनः पुनरुत्तिष्ठति तथैव ते शत्रवोऽपि पुनः पुनरुत्थानं कुर्वन्ति ते यावत् स्वं बलं न्यूनं परेषामधिकं च पश्यन्ति तावच्छान्ता वर्तन्ते ॥ ७१ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सूर्य्य के समान वर्त्तमान सेनापते जैसे सूर्य (अपाम्) जलों की (फेनेन) वृद्धि से (नमुचेः) अपने स्वरूप को न छोड़ने वाले मेघ के (शिरः) घनाकार बद्दलों को काटता है वैसे ही तू अपनी सेनाओं को (उदवर्त्तयः) उत्कृष्टता को प्राप्त कर (यत्) जो (विश्वाः) सब (स्पृधः) स्पर्द्धा करने हारी शत्रुओं की सेना हैं उन को (अजयः) जीत ॥ ७१ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जैसे सूर्य से आच्छादित भी मेघ वारंवार उठता है वैसे ही वे शत्रु भी वारंवार उत्थान करते हैं वे जब तक अपने बल को न्यून और दूसरों का बल अधिक देखते हैं तबतक शान्त रहते हैं ॥ ७१ ॥

सोमोराजेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । सोमो देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

के मुक्तिमाप्नुवन्तीत्याह ॥

कौन पुरुष मुक्ति को प्राप्त होते हैं इस वि० ॥

सोमो राजामृतꣳ सुत ऋजीषेणाजहान्मृत्युम्। ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानꣳ शुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥ ७२ ॥

सोमः। राजा। अमृतम्। सुतः। ऋजीषेण। अजहात्। मृत्युम्। ऋतेन। सत्यम्। इन्द्रियम्। विपानमिति विऽपानम्। शुक्रम्। अन्धसः। इन्द्रस्य। इन्द्रियम्। इदम्। पयः। अमृतम्। मधु ॥ ७२ ॥

पदार्थः—(सोमः) ऐश्वर्यवान् प्रेरकः (राजा) देदीप्यमानः (अमृतम्) अमृतात्मकं ब्रह्म ओषधेः सारं वा (सुतः) (ऋजीषेण) सरलभावेन (अजहात्) जह्यात् (मृत्युम्) (ऋतेन) सत्येन ब्रह्मणा (सत्यम्) सत्सु साधु (इन्द्रियम्) इन्द्रस्य जीवस्य लिङ्गम् (विपानम्) विविधं पानं यस्मात् तत् (शुक्रम्) आशु कार्य्यकरम् (अन्धसः) अन्नस्य (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यस्य (इन्द्रियम्) धनम् (इदम्) जलम्। इदमित्युदकना० निघं० १। १२ (पयः) दुग्धम् (अमृतम्) एतत्स्वरूपमानन्दम् (मधु) क्षौद्रम् ॥ ७२ ॥

अन्वयः—य ऋतेनान्धसः सत्यं विपानं शुक्रमिन्द्रियमिन्द्रस्येन्द्रियमिदम्पयोऽमृतं मधु च सङ्गृह्णीयात्सोऽमृतं प्राप्तः सन् सुतस्सोमो राजर्जीषेण मृत्युमजहात् ॥ ७२ ॥

भावार्थः—ये सुशीलेन विद्वत्सङ्गात्सर्वाणि शुभलक्षणानि प्राप्नुवन्ति ते मृत्युदुःखं हित्वा मोक्षसुखं गृह्णन्ति ॥ ७२ ॥

पदार्थः—जो (ऋतेन) सत्य ब्रह्म के साथ (अन्धसः) सुसंस्कृत अन्नादि के सम्बन्धी (सत्यम्) विद्यमान द्रव्यों में उत्तम पदार्थ (विपानम्) विविध पान करने के साधन (शुक्रम्) शीघ्रकार्य कराने हारे (इन्द्रियम्) धन (इन्द्रस्य) परम ऐश्वर्य वाले जीव के (इन्द्रियम्) श्रोत्र आदि इन्द्रिय (इदम्) जल (पयः) दुग्ध (अमृतम्) अमृतरूप ब्रह्म वा ओषधि के सार और (मधु) सहत का संग्रह करे सो (अमृतम्) अमृतरूप आनन्द को प्राप्त हुआ (सुतः) संस्कारयुक्त (सोमः) ऐश्वर्यवान् प्रेरक (राजा) न्यायविद्या से प्रकाशमान राजा (ऋजीषेण) सरल भाव से (मृत्युम्) मृत्यु को (अजहात्) छोड़ देवे ॥ ७२ ॥

भावार्थः—जो उत्तम शील और विद्वानों के सङ्ग से सब शुभलक्षणों को प्राप्त होते हैं वे मृत्यु के दुःख को छोड़ कर मोक्षसुख को ग्रहण करते हैं ॥ ७२ ॥

अद्भ्य इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । अङ्गिरसो देवताः ।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
के जना विज्ञानमाप्नुवन्तीत्याह ॥
कौन पुरुष विज्ञान को प्राप्त होते हैं इस वि० ॥

अद्भ्यः क्षीरं व्यपिबत् क्रुङ्ङाङ्गिरसो धिया । ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानꣳ शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदम्पयोऽमृतं मधु ॥ ७३ ॥

अद्भ्यऽइत्यत्ऽभ्यः । क्षीरम् । वि । अपिबत् । क्रुङ् । आङ्गिरसः । धिया । ऋतेन । सत्यम् । इन्द्रियम । विपानमिति विऽपानम् । शुक्रम् । अन्धसः । इन्द्रस्य । इन्द्रियम् । इदम् । पयः । अमृतम् । मधु ॥ ७३ ॥

पदार्थः—(अद्भ्यः) जलेभ्यः (क्षीरम्) दुग्धम् (वि) (अपिबत्) पिबेत् (क्रुङ्) यथा पक्षी अल्पमल्पं पिबति तथा (आङ्गिरसः) आङ्गिरसो विदुषा कृतो विद्वान् (धिया) कर्मणा (ऋतेन) यथार्थेन योगाभ्यासेन (सत्यम्) अविनश्वरम् (इन्द्रियम्) दिव्यां वाचम् (विपानम्) विविधशब्दार्थसम्बन्धयुक्ताम् (शुक्रम्) पवित्राम् (अन्धसः) अन्नादियोगात् (इन्द्रस्य) परमैश्वर्ययुक्तस्य (इन्द्रियम्) दिव्यं श्रोत्रम् (इदम्) प्रत्यक्षम् (पयः) रसम् (अमृतम्) रोगनाशकम् (मधु) मधुरम् ॥७३॥

अन्वयः—य आङ्गिरसो धियाऽद्भ्यः क्षीरं क्रुङ् व्यपिबत्स ऋतेनेन्द्रस्यान्धसः सकाशादिदं सत्यं विपानं शुक्रमिन्द्रियं पयोऽमृतं मध्विन्द्रियं च प्राप्नुयात् ॥ ७३ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—ये सत्याऽऽचरणैर्वैद्यकशास्त्रविधानात्युक्ताहारविहारं कुर्वन्तितेसत्यंबोधं विज्ञानञ्चयान्ति ॥७३॥

पदार्थः—जो (आङ्गिरसः) अङ्गिरा विद्वान् से किया हुआ विद्वान् (धिया) कर्म के साथ (अद्भ्यः) जलों से (क्षीरम्) दूध को (क्रुङ्) कुञ्ज पक्षी के समान थोड़ा२ करके (व्यपिबत्) पीवे वह (ऋतेन) यथार्थयोगाभ्यास से (इन्द्रस्य) ऐश्वर्ययुक्त जीव के (अन्धसः) अन्नादि के योग से (इदम्) इस प्रत्यक्ष (सत्यम्) सत्य पदार्थों में अविनाशी (विपानम्) विविध शब्दार्थ सम्बन्धयुक्त (शुक्रम्) पवित्र (इन्द्रियम्) दिव्यवाणी और (पयः) उत्तम रस (अमृतम्) रोगनाशक ओषधि (मधु) मधुरता और (इन्द्रियम्) दिव्य श्रोत्र को प्राप्त होवे ॥ ७३ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०—जो सत्याचरणादि कर्मों करके वैद्यक शास्त्र के विधान से युक्ताहारविहार करते हैं वे सत्य बोध और सत्य विज्ञान को प्राप्त होते हैं ॥ ७३ ॥

सोममित्यस्य शङ्ख ऋषिः । सोमो देवता ।

त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

सोमम॒द्भ्यो व्य॑पिब॒च्छन्द॑सा ह॒ꣳसः शु॑चि॒षत्। ऋ॒तेन॑ स॒त्यमि॑न्द्रि॒यं वि॒पान॑ꣳ शुक्रमन्ध॑स॒ऽ इन्द्र॑स्येन्द्रि॒यमि॒दं पयो॒ऽमृत॒म्मधु॑ ॥ ७४ ॥

सोम॑म् । अ॒द्भ्यऽइत्य॒त्ऽभ्यः । वि । अ॒पि॒ब॒त् । छन्द॑सा । ह॒ꣳसः । शु॒चि॒षत् । शु॒चि॒सादिति॑शु॒चि॒ऽसत् । ऋ॒तेन॑ । स॒त्यम् । इ॒न्द्रि॒यम् । वि॒पान॒मिति॑ वि॒ऽपान॑म् । शु॒क्रम् । अन्ध॑सः । इन्द्र॑स्य । इ॒न्द्रि॒यम् । इ॒दम् । पय॑ः । अ॒मृत॑म् । मधु॑ ॥ ७४ ॥

पदार्थः-(सोमम्) सोमलतादिमहौषधिसारम् (अद्भ्यः) सुसंस्कृतेभ्यो जलेभ्यः (वि) (अपिबत्) (छन्दसा) स्वच्छन्दतया (हंसः) यो हन्ति दुःखानि सः (शुचिषत्) यः पवित्रेषु विद्वत्सु सीदति सः (ऋतेन) सत्येन वेदविज्ञानेन (सत्यम्) सत्सु परमेश्वरादिपदार्थेषु साधु (इन्द्रियम्) प्रज्ञानम् (विपानम्) विविधरक्षान्वितम् (शुक्रम्) शुद्धिकरम् (अन्धसः) सुसंस्कृतस्यान्नस्य (इन्द्रस्य) योगजन्यस्य परमैश्वर्यस्य (इन्द्रियम्)

जीवेन जुष्टम् (इदम्) प्रत्यक्षप्रत्ययालम्बम् (पयः) उत्तमरसम् (अमृतम्) मोक्षम् (मधु) मधुविद्यासमन्वितम् ॥ ७४ ॥

अन्वयः—यः शुचिषद्धंसो विवेकी जनश्छन्दसाऽद्भ्यः सोमं व्यपिबत्स ऋतेनाऽन्धसो दोषनिवर्तकं शुक्रं विपानं सत्यमिन्द्रियमिन्द्रस्य प्रापकमिदं पयोऽमृतं मध्विन्द्रियं चाप्तुमर्हति सएवाखिलानन्दं प्राप्नोति ॥ ७४ ॥

भावार्थः—ये युक्ताहारविहारा वेदानधीत्य योगमभ्यस्याऽविद्यादिक्लेशान्निवर्त्य योगसिद्धीः प्राप्य तदभिमानमपि विहाय कैवल्यमाप्नुवन्ति ते ब्रह्मानन्दम्भुञ्जते ॥ ७४ ॥

पदार्थः—जो (शुचिषत्) पवित्र विद्वानों में बैठता है (हंसः) दुःख का नाशक विवेकी जन (छन्दसा) स्वच्छन्दता के साथ (अद्भ्यः) उत्तम संस्कार युक्त जलों से (सोमम्) सोमलतादि महौषधियों के सार रस को (व्यपिबत्) अच्छे प्रकार पीता है सो (ऋतेन) सत्य वेदविज्ञान से (अन्धसः) उत्तम संस्कार किये हुए अन्न के दोष निवर्तक (शुक्रम्) शुद्धि करने हारे (विपानम्) विविध रक्षा से युक्त (सत्यम्) परमेश्वरादि सत्य पदार्थों में उत्तम (इन्द्रियम्) प्रज्ञान रूप (इन्द्रस्य) योग विद्या से उत्पन्न हुए परम ऐश्वर्य की प्राप्ति कराने हारे (इदम्) इस प्रत्यक्ष प्रतीति के आश्रय (पयः) उत्तम ज्ञान रस वाले (अमृतम्) मोक्ष (मधु) और मधु विद्यायुक्त (इन्द्रियम्) जीव ने सेवन किये हुए सुख को प्राप्त होने को योग्य होता है वही अखिल आनन्द को पाता है ॥ ७४ ॥

भावार्थः—जो युक्ताहार विहार करने हारे वेदों को पढ़, योगाभ्यास कर अविद्यादि क्लेशों को छुड़ा, योग की सिद्धियों को प्राप्त हो और उन के अभिमान को भी छोड़ के कैवल्य को प्राप्त होते हैं वे ब्रह्मानन्द का भोग करते हैं ॥ ७४ ॥

अन्नात्परिस्रुतइत्यस्य शङ्ख ऋषिः । प्रजापतिर्देवता ।

भुरिगतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

कथं राज्यमुन्नेयमित्याह ॥

कैसे राज्य की उन्नति करनी चाहिये इस वि० ॥

अन्नात्परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत्क्षत्रं पयः सोमं प्रजापतिः । ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानꣳ शुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥७५॥

अन्नात् । परिस्रुतऽइति परिऽस्रुतः । रसम् । ब्रह्मणा । वि । अपिबत् । क्षत्रम् । पयः । सोमम् । प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । ऋतेन । सत्यम् । इन्द्रियम् । विपानमिति विऽपानम् । शुक्रम् । अन्धसः । इन्द्रस्य । इन्द्रियम् । इदम् । पयः । अमृतम् । मधु ॥ ७५ ॥

पदार्थः—(अन्नात) यवादेः (परिस्रुतः) सर्वतः स्रुतः पक्वात् (रसम्) सारभूतम् (ब्रह्मणा) अधीतचतुर्वेदेन (वि) (अपिबत) गृह्णीयात (क्षत्रम) क्षत्रियकुलम् (पयः) दुग्धमिव (सोमम्) ऐश्वर्ययुक्तम् (प्रजापतिः) प्रजापालकः सभेशो राजा (ऋतेन) विद्याविनययुक्तेन न्यायेन (सत्यम्) सत्सु व्यवहारेषु साधु (इन्द्रियम्) इन्द्रेणेश्वरेण दत्तम् (विपानम्) विविधं

पानं रक्षणं यस्मात् तत् (शुक्रम्) वीर्यकरम् (अन्धसः) अन्धकाररूपस्याऽन्यायस्य निवर्तकम् (इन्द्रस्य) समग्रैश्वर्यप्रदस्य राज्यस्य (इन्द्रियम्) इन्द्रैराजभिर्जुष्टं न्यायाऽऽचरणम् (इदम्) (पयः) पातुमर्हम् (अमृतम्) अमृतमिव सुखप्रदम् (मधु) माधुर्यगुणोपेतम् ॥ ७५ ॥

अन्वयः—यो ब्रह्मणा सह प्रजापतिः परिस्रुतोऽन्नान्निःसृतं पयः सोमं रसं क्षत्रं च व्यपिबत् स ऋतेनाऽन्धसो निवर्तकं शुक्रं विपानं सत्यमिन्द्रियमिन्द्रस्य प्रापकमिदं पयोऽमृतं मध्विन्द्रियं च प्राप्नुयात् स सदा सुखी भवेत् ॥ ७५ ॥

भावार्थः—ये विद्वदनुमत्या राज्यं वर्द्धितुमिच्छन्ति तेऽन्यायं निवर्तयितुं राज्यं वर्द्धयितुं च शक्नुवन्ति ॥ ७५ ॥

पदार्थः—जो (ब्रह्मणा) चारों वेद पढ़े हुए विद्वान् के साथ (प्रजापतिः) प्रजा का रक्षक सभाध्यक्ष राजा (परिस्रुतः) सब ओर से पके हुए (अन्नात्) जौ आदि अन्न से निकले (पयः) दुग्ध के तुल्य (सोमम्) ऐश्वर्ययुक्त (रसम्) साररूप रस और (क्षत्रम्) क्षत्रिय कुल को (व्यपिबत्) ग्रहण करे सो (ऋतेन) विद्या तथा विनय से युक्त न्याय से (अंधसः) अंधकार रूप अन्याय के निवारक (शुक्रम्) पराक्रम करने हारे (विपानम्) विविध रक्षण के हेतु (सत्यम्) सत्य व्यवहारों में उत्तम (इन्द्रियम्) इन्द्र नामक परमात्मा ने दिये हुए (इन्द्रस्य) समग्र ऐश्वर्य के देने हारे राज्य की प्राप्ति कराने हारे (इदम्) इस प्रत्यक्ष (पयः) पीने के योग्य (अमृतम्) अमृत के तुल्य सुखदायक रस और (मधु) मधुरादि गुण युक्त (इन्द्रियम्) राजादि पुरुषों ने सेवे हुए न्यायाचरण को प्राप्त होवे वह सदा सुखी होवे ॥ ७५ ॥

भावार्थः—जो विद्वानों की अनुमति से राज्य को बढ़ाने की इच्छा करते हैं वे अन्याय की निवृत्ति करने और राज्य को बढ़ाने में समर्थ होतेहैं ॥ ७५ ॥

रेत इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । इन्द्रो देवता । भुरिगतिशक्करी छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

शरीरात्कथं वीर्य्यमुत्पद्यत इत्याह ॥

शरीर से वीर्य्य कैसे उत्पन्न होता है इस वि० ॥

रेतो मूत्रं वि जहाति योनिं प्रविशदिन्द्रियम् । गर्भो जरायुणावृतउल्वं जहाति जन्मना । ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानꣳशुक्रमन्धस इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥ ७६ ॥

रेतः । मूत्रम् । वि । जहाति । योनिम् । प्रविशदिति प्रऽविशत् । इन्द्रियम् । गर्भः । जरायुणा । आवृतऽइत्याऽवृतः । उल्वम् । जहाति । जन्मना । ऋतेन । सत्यम् । इन्द्रियम् । विपानमिति विऽपानम् । शुक्रम् । अन्धसः । इन्द्रस्य । इन्द्रियम् । इदम् । पयः । अमृतम् । मधु ॥ ७६ ॥

पदार्थः—(रेतः) वीर्यम् (मूत्रम्) प्रस्रावः (वि) (जहाति) (योनिम्) जन्मस्थानम् (प्रविशत) प्रवेशं कुर्वत् सत् (इन्द्रियम्) उपस्थः पुरुषलिङ्गम् (गर्भः) यो गृह्यते सः (ज-

रायुणा) बहिराच्छादनेन (आवृतः) (उल्वम्) आवरणम् (जहाति) त्यजति (जन्मना) प्रादुर्भावेन (ऋतेन) बहिस्थेन वायुना सह (सत्यम्) वर्त्तमाने साधु (इन्द्रियम्) जिह्वादिकम् (विपानम्) विविधं पानं येन तत् (शुक्रम्) पवित्रम् (अन्धसः) आवरणस्य (इन्द्रस्य) जीवस्य (इन्द्रियम्) धनम् (इदम्) (पयः) रसवत् (अमृतम्) नाशरहितम् (मधु) येन मन्यते तत् ॥ ७६ ॥

अन्वयः—इन्द्रियं योनिं प्रविशत्सद् रेतो विजहाति । अतोऽन्यत्र मूत्रं विजहाति । तज्जरायुणावृतो गर्भो जायते जन्मनोल्वं जहाति स ऋतेनान्धसो निवर्तकं विपानं शुक्रं सत्यमिन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मध्विन्द्रियं चैति ॥ ७६ ॥

भावार्थः—प्राणिना यत् किंचिद्भुज्यते पीयते तत् परंपरया शुक्रं भूत्वा शरीरकारणं जायते पुरुषस्योपस्थेन्द्रियं स्त्रीसंयोगेन शुक्रं मुञ्चति । अतोऽन्यत्र मूत्रं त्यजति तेन ज्ञायते शरीरे मूत्रस्थानादन्यत्र रेतस्तिष्ठति तद् यस्मात्सर्वेभ्योऽङ्गेभ्य उत्पद्यते तस्मात्सर्वाङ्गाकृतिर्वर्त्तते । अतएव यस्य शरीराद् वीर्यमुत्पद्यते तदाकृतिरेव सन्तानो जायते ॥ ७६ ॥

पदार्थः—(इन्द्रियम्) पुरुष का लिंग इन्द्रिय (योनिम्) स्त्री की योनि में (प्रविशत्) प्रवेश करता हुआ (रेतः) वीर्य को (वि,जहाति) विशेष कर छोड़ता है इस से अलग (मूत्रम्) प्रस्राव को छोड़ता है वह वीर्य (जरायुणा) जरायु से (आवृतः) ढका हुआ (गर्भः) गर्भरूप हो कर जन्मता है (जन्मना) जन्म से (उल्वम्) आवरण को (जहाति) छोड़ता है वह (ऋतेन) बाहर के वायु से

(अन्धसः) आवरण को निवृत्त करने हारे (विपानम्) विविध पान के साधन (शुक्रम्) पवित्र (सत्यम्) वर्त्तमान में उत्तम (इन्द्रस्य) जीव के सम्बन्धी (इन्द्रियम्) धन को और (इदम्) इस (पयः) रस के तुल्य (अमृतम्) नाशरहित (मधु) प्रत्यक्षादि ज्ञान के साधन (इन्द्रियम्) चक्षुरादि इन्द्रिय को प्राप्त होता है ॥ ७६ ॥

भावार्थः—प्राणी जो कुछ खाता पीता है परंपरा से वीर्य होकर शरीर का कारण होता है पुरुष का लिंग इन्द्रिय स्त्री के संयोग से वीर्य छोड़ता और इस से अलग मूत्र को छोड़ता है इस से जाना जाता है कि शरीर में मूत्र के स्थान से पृथक् स्थान में वीर्य रहता है वह वीर्य्य जिस कारण सब अंगों से उत्पन्न होता है इस से सब अंगों की आकृति उस में रहती है इसी से जिस के शरीर से वीर्य उत्पन्न होता है उसी की आकृति वाला सन्तान होता है ॥ ७६ ॥

दृष्ट्वेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । प्रजापतिर्देवता ।
अतिशक्करी छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

अथ धर्माधर्मौ कीदृशावित्युपदिश्यते ॥

अब धर्म अधर्म कैसे हैं इस वि० ॥

दृष्ट्वा रूपे व्याकरोत्सत्यानृते प्रजापतिः । अश्रद्धामनृतेऽदधाच्छ्रद्धाᳬं सत्ये प्रजापतिः । ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानᳬं शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥ ७७ ॥

दृष्ट्वा । रूपेऽइति रूपे । वि । आ । अकरोत् । सत्यानृतेऽइति सत्यऽअनृते । प्रजापतिरिति प्रजाऽ-

पतिः । अश्रद्धाम् । अनृते । अदधात् । श्रद्धाम् । सत्ये । प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । ऋतेन । सत्यम् । इन्द्रियम् । विपानमिति विऽपानम् । शुक्रम् । अन्धसः । इन्द्रस्य । इन्द्रियम् । इदम् । पयः । अमृतम् । मधु ॥ ७७ ॥

पदार्थः—(दृष्ट्वा) संप्रेक्ष्य (रूपे) निरूपिते (वि) (आ) (अकरोत्) करोति (सत्यानृते) सत्यं चानृतं च ते (प्रजापतिः) प्रजायाः पालकः (अश्रद्धाम्) अप्रीतिम् (अनृते) अविद्यमानमृतं यस्मिँस्तस्मिन्नधर्मे (अदधात्) दधाति (श्रद्धाम्) श्रत् सत्यं दधाति यया ताम् (सत्ये) सत्सु भवे (प्रजापतिः) परमेश्वरः (ऋतेन) यथार्थेन (सत्यम्) (इन्द्रियम्) चित्तम् (विपानम्) विविध रक्षणम् (शुक्रम्) शुद्धिकरम् (अन्धसः) अधर्माऽऽचरणस्य नाशकम् (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यवतो धर्मस्य प्रापकम् (इन्द्रियम्) विज्ञानसाधकम् (इदम्) (पयः) सुखप्रदम् (अमृतम्) मृत्युरोगात् पृथक् करम् (मधु) मन्तव्यम् ॥ ७७ ॥

अन्वयः—यः प्रजापतिर्ऋतेन स्वकीयेन सत्येन विज्ञानेन सत्यानृते रूपे दृष्ट्वा व्याकरोत् योऽनृतेऽश्रद्धामदधात् सत्ये श्रद्धां च यश्चाऽन्धसो निवर्त्तकं शुक्रं विपानं सत्यमिन्द्रियं यश्चेन्द्रस्य प्रापकमिदं पयोऽमृतं मध्विन्द्रियं चाऽदधात् स एव प्रजापतिः सर्वैरुपासनीयः ॥ ७७ ॥

भावार्थः—ये मनुष्या ईश्वराज्ञापितं धर्ममाचरन्ति । अधर्मं न सेवन्ते ते सुखं लभन्ते यदीश्वरो धर्माऽधर्मौ नज्ञापयेत्तर्ह्येतयोः स्वरूपविज्ञानं कस्यापि न स्यात् । य आत्मानुकूलमाचरणं कुर्वन्ति प्रतिकूलं च त्यजन्ति ते हि धर्माऽधर्मबोधयुक्ता भवन्ति नेतरे ॥ ७७ ॥

पदार्थः--जो (प्रजापतिः) प्रजा का रक्षक परमेश्वर (ऋतेन) यथार्थ अपने सत्य विज्ञान से (सत्यानृते) सत्य और झूठ जो (रूपे) निरूपण किये हुए हैं उनको (दृष्ट्वा) ज्ञानदृष्टि से देखकर (व्याकरोत्) विविध प्रकार से उपदेश करता है जो (अनृते) मिथ्याभाषणादि में (अश्रद्धाम्) अप्रीति को (अदधात्) धारण कराता और (सत्ये) सत्य में (श्रद्धाम्) प्रीति को धारण कराता और जो (अन्धसः) अधर्माचरण के निवर्त्तक (शुक्रम्) शुद्धि करने हारे (विपानम्) विविध रक्षा के साधन (सत्यम्) सत्यस्वरूप (इन्द्रियम्) चित्त को और जो (इन्द्रस्य) परमैश्वर्ययुक्त धर्म के प्रापक (इदम्) इस (पयः) अमृतरूप सुखदाता (अमृतम्) मृत्यु रोग निवारक (मधु) मान ने योग्य (इन्द्रियम्) विज्ञान के साधन को धारण करे वह (प्रजापतिः) परमेश्वर सब का उपासनीय देव है ॥ ७७ ॥

भावार्थः—जो मनुष्य ईश्वर के आज्ञा किये धर्म का आचरण करते और निषेध किये हुए अधर्म का सेवन नहीं करते हैं वे सुख को प्राप्त होते हैं जो ईश्वर धर्म अधर्म को न जनावे तो धर्माऽधर्म्म के स्वरूप का ज्ञान किसी को भी नहीं हो, जो आत्मा के अनुकूल आचरण करते और प्रतिकूलाचरण को छोड़ देते हैं वेही धर्माधर्म के बोध से युक्त होते हैं इतर जन नहीं ॥ ७७ ॥

वेदेनेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । प्रजापतिर्देवता । भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

अथ वेदज्ञाः कीदृशा इत्युपदिश्यते ॥

अब वेद के जानने वाले कैसे होते हैं इस वि० ॥

वेदेन रूपे व्यपिबत्सुतासुतौ प्रजापतिः । ऋतेन

सत्यमिन्द्रियं विपानꣳ शुक्रमन्धस॒ इन्द्रस्येन्द्रिय-मिदं पयोऽमृतं मधु ॥ ७८ ॥

वेदेन । रूपेऽइति रूपे । वि । अपिबत् । सुतासुतौ । प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । ऋतेन । सत्यम् । इन्द्रियम् । विपानमिति विऽपानम् । शुक्रम् । अन्धसः । इन्द्रस्य । इन्द्रियम् । इदम् । पयः । अमृतम् । मधु ॥ ७८ ॥

पदार्थः—(वेदेन) ईश्वरप्रकाशितेन वेदचतुष्टयेन (रूपे) सत्यानृतस्वरूपे (वि) (अपिवत्) गृह्णीयात् (सुतासुतौ) प्रेरिताप्रेरितौ धर्माधर्मौ (प्रजापतिः) प्रजापालको जीवः (ऋतेन) सत्यविज्ञानयुक्तेन (सत्यम्) सत्सु धर्माचरणेषु साधु (इन्द्रियम्) धनम् (विपानम्) विविधपाननिमित्तम् (शुक्रम्) पराक्रमप्रदम् (अन्धसः) अन्नादेः (इन्द्रस्य) ऐश्वर्ययुक्तस्य जीवस्य (इन्द्रियम्) इन्द्रेणेश्वरेण दत्तं ज्ञानम् (इदम्) जलादि (पयः) दुग्धादि (अमृतम्) मृत्युधर्मरहितं विज्ञानम् (मधु) माधुर्यगुणोपेतम् ॥ ७८ ॥

अन्वयः—यः प्रजापतिर्ऋतेन वेदेन सुतासुतौ रूपे व्यपिबत् स इन्द्रस्यान्धसो विपानं शुक्रं सत्यमिन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधिवन्द्रियं चाप्नुयात् ॥ ७८ ॥

भावार्थः—वेदवित् एव धर्माधर्मौ ज्ञातुं धर्माचरणेनाऽधर्मत्यागेन च सुखिनो भवितुं शक्नुवन्ति ॥ ७८ ॥

पदार्थः—जो (प्रजापतिः) प्रजा का पालन करने वाला जीव (ऋतेन) सत्य विज्ञानयुक्त (वेदेन) ईश्वर प्रकाशित चारों वेदों से (सुतासुतौ) प्रेरित अप्रेरित धर्माधर्म्म (रूपे) स्वरूपों को (व्यपिबत्) ग्रहण करे सो (इन्द्रस्य) ऐश्वर्य्ययुक्त जीव के (अन्धसः) अन्नादि के (विपानम्) विविध पान के निमित्त (शुक्रम्) पराक्रम देने हारे (सत्यम्) सत्य धर्माचरण में उत्तम (इन्द्रियम्) धन और (इदम्) जलादि (पयः) दुग्धादि (अमृतम्) मृत्युधर्मरहित विज्ञान (मधु) मधुरादि गुण युक्त पदार्थ और (इन्द्रियम्) ईश्वर के दिये हुए ज्ञान को प्राप्त होवे ॥ ७८ ॥

भावार्थः—वेदों को जनाने वाले ही धर्माधर्म्म के जानने तथा धर्म के आचरण और अधर्म के त्याग से सुखी होने को समर्थ होते हैं ॥ ७८ ॥

दृष्ट्वेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । प्रजापतिर्देवता ॥
भुरिगतिजगती छन्दः । निषादः स्वरः ॥

कीदृग्जनो बलमुन्नेतुं शक्नोतीत्याह ॥
कैसा जन बल बढ़ा सकता है इस वि० ॥

दृष्ट्वा परिस्रुतो रसꣳ शुक्रेण शुक्रं व्यपिबत् पयः सोमं प्रजापतिः । ऋतेन सत्यमिन्द्रियं विपानꣳ शुक्रमन्धसऽ इन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥ ७९ ॥

दृष्ट्वा । परिस्रुतऽइति परिऽस्रुतः । रसम् । शुक्रेण । शुक्रम् । वि । अपिबत् । पयः । सोमम् । प्रजापतिरिति प्रजाऽपतिः । ऋतेन । सत्यम् । इन्द्रियम् । विपानमिति विऽपानम् । शुक्रम् । अन्धसः । इन्द्रस्य । इन्द्रियम् । इदम् । पयः । अमृतम् । मधु ॥ ७९ ॥

पदार्थः—(दृष्ट्वा) पर्यालोच्य (परिस्रुतः) सर्वतः प्राप्तः

(रसम्) विद्यानन्दम् (शुक्रेण) शुद्धेन भावेन (शुक्रम्) शीघ्रं सुखकरम् (वि) (अपिबत्) पिबेत् (पयः) पातुमर्हम् (सोमम्) महौषधिरसम् (प्रजापतिः) प्रजायाः स्वामी (ऋतेन) यथार्थेन (सत्यम्) सत्स्वोषधीषु भवम् (इन्द्रियम्) इन्द्रेण विदुषा जुष्टम् (विपानम्) विशिष्टेन पानेन युक्तम् (शुक्रम्) वीर्यवत् (अन्धसः) संस्कृतस्यान्नादेः (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यस्य (इन्द्रियम्) इन्द्रेणेश्वरेण सृष्टम् (इदम्) (पयः) सुरसम् (अमृतम्) मृत्युनिमित्तरोगनिवारकम् (मधु) ज्ञातं सत् ॥ ७९ ॥

अन्वयः—यः परिस्रुतः प्रजापतिर्ऋतेन सत्यं दृष्ट्वा शुक्रेण शुक्रं पयः सोमं रसं व्यपिबत् सोऽन्धसः प्रापकं विपानं शुक्रमिन्द्रियमिन्द्रस्येदं पयोऽमृतं मध्विन्द्रियञ्च प्राप्नुयात् ॥ ७९ ॥

भावार्थः—यो वैद्यकशास्त्ररीत्योत्तमानोषधीरसान्निर्माय यथाकालं यथायोग्यं पिबेत् स रोगेभ्यः पृथग्भूत्वा शरीरात्मबलं वर्द्धयितुं शक्नुयात् ॥ ७९ ॥

पदार्थः—जो (परिस्रुतः) सब ओर से प्राप्त (प्रजापतिः) प्रजा का स्वामी राजा आदि जन (ऋतेन) यथार्थ व्यवहार से (सत्यम्) वर्त्तमान उत्तम ओषधियों में उत्पन्न हुए रस को (दृष्ट्वा) विचारपूर्वक देख के (शुक्रेण) शुद्ध भाव से (शुक्रम्) शीघ्र सुख करने वाले (पयः) पान करने योग्य (सोमम्) महौषधि के रस को तथा (रसम्) विद्या के आनन्दरूप रस को (व्यपिबत्) विशेष करके पीता वा ग्रहण करता है वह (अन्धसः) शुद्ध अन्नादि के प्रापक (विपानम्) विशेष पान से युक्त (शुक्रम्) वीर्य वाले (इन्द्रियम्) विद्वान् ने सेवे हुए इन्द्रिय को और (इन्द्रस्य) परम ऐश्वर्य युक्त पुरुष के (इदम्) इस (पयः) अच्छे रस वाले (अमृतम्) मृत्यु कारक रोग के निवारक (मधु) मधुरादि गुण युक्त और (इन्द्रियम्) ईश्वर के बनाये हुए धन को प्राप्त होवे ॥ ७९ ॥

भावार्थः—जो वैद्यक शास्त्र की रीति से उत्तम ओषधियों के रसों को बना उचित समय जितना चाहिये उतना पीवे वह रोगों से पृथक् हो के शरीर और आत्मा के बल के बढ़ाने को समर्थ होता है ॥ ८० ॥

सीसेनेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । सविता देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विद्वद्वदन्यैराचरणीयमित्याह ॥
विद्वानों के तुल्य अन्यों को भी आचरण करना चाहिये इस वि० ॥

सीसेन तन्त्रं मनसा मनीषिणं ऊर्णासूत्रेणं कवयों वयन्ति । अश्विनां यज्ञꣳसंविता सरस्वतीन्द्रस्य रूपं वरुणो भिषज्यन् ॥ ८० ॥

सीसेन । तन्त्रम् । मनसा । मनीषिणः । ऊर्णासूत्रेणेत्यूर्णाऽसूत्रेणं । कवयः । वयन्ति । अश्विना । यज्ञम् । सविता । सरस्वती । इन्द्रस्य । रूपम् । वरुणः । भिषज्यन् ॥ ८० ॥

पदार्थः—(सीसेन) सीसकधातुपात्रेणेव (तन्त्रम्) कुटुम्बधारणमिव तन्त्रकलानिर्माणम् (मनसा) अन्तःकरणेन (मनीषिणः) मेधाविनः (ऊर्णासूत्रेण) ऊर्णाकम्बलेनेव (कवयः) विद्वांसः (वयन्ति) निर्मिमते (अश्विना) विद्याव्यासावध्यापको-

पदेशकौ (यज्ञम्) सङ्गन्तुमर्हं व्यवहारम् (सविता) विद्याव्यवहारेषु प्रेरकः (सरस्वती) प्रशस्तविज्ञानयुक्ता स्त्री (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यस्य (रूपम्) स्वरूपम् (वरुणः) श्रेष्ठः (भिषज्यन्) चिकित्सुः सन् ॥ ८० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा कवयो मनीषिणः सीसेनोर्णासूत्रेण मनसा तन्त्रं वयन्ति यथा सविता सरस्वत्याऽश्विना च यज्ञं कुरुतो यथा भिषज्यन् वरुण इन्द्रस्य रूपं विदधाति तथा यूयमप्याचरत ॥ ८० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा विद्वांसोऽनेकैर्धातुभिः साधनविशेषैर्वस्त्रादीनि निर्माय कुटुम्बं पालयन्ति यज्ञं च कृत्वौषधानि च दत्वाऽरोजयन्ति शिल्पक्रियाभिः प्रयोजनानि साध्नुवन्ति तथाऽन्यैरप्यनुष्ठेयम् ॥ ८० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (कवयः) विद्वान् (मनीषिणः) बुद्धिमान् लोग (सीसेन) सीसे के पात्र के समान कोमल (ऊर्णासूत्रेण) ऊन के सूत्र से कम्बल के तुल्य प्रयोजन साधक (मनसा) अन्तःकरण से (तन्त्रम्) कुटुम्ब के धारण के समान यन्त्र कलाओं को (वयन्ति) रचते हैं जैसे (सविता) अनेक विद्या व्यवहारों में प्रेरणा करने हारा पुरुष और (सरस्वती) उत्तम विद्या युक्त स्त्री तथा (अश्विना) विद्याओं में व्याप्त पढ़ाने और उपदेश करने हारे दो पुरुष (यज्ञम्) संगति मेल करने योग्य व्यवहार को करते हैं जैसे(भिषज्यन्) चिकित्सा की इच्छा करता हुआ (वरुणः) श्रेष्ठ पुरुष (इन्द्रस्य) परमऐश्वर्य के (रूपम्) स्वरूप का विधान करता है वैसे तुम भी किया करो ॥ ८० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु० जैसे विद्वान् लोग अनेक धातु और साधन विशेषों से वस्त्रादि को बना के अपने कुटुम्ब का पालन करते हैं तथा पदार्थों के मेल

रूप यज्ञ को कर पथ्य ओषधि रूप पदार्थों को देके रोगों से छुड़ाते और शिल्प क्रियाओं से प्रयोजनों को सिद्ध करते हैं वैसे अन्य लोग भी किया करें ॥ ८० ॥

तदित्यस्य शङ्ख ऋषिः । वरुणो देवता ।
भुरिक्त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

के यज्ञमर्हन्तीत्याह ॥
कौन पुरुष यज्ञ करने योग्य हैं इस वि० ॥

तदस्य रूपममृतꣳ शचीभिस्तिस्रो दधुर्देवताः सꣳरराणाः । लोमानि शष्पैर्बहुधा न तोक्मभिस्त्वगस्य माꣳसमभवन्न लाजाः ॥ ८१ ॥

तत् । अस्य । रूपम् । अमृतम् । शचीभिः । तिस्रः । दधुः । देवताः । सꣳरराणाऽइति समऽरराणाः । लोमानि । शष्पैः । बहुधा । न । तोक्मभिरिति तोक्मऽभिः । त्वक् । अस्य । माꣳसम् । अभवत् । न । लाजाः ॥ ८१ ॥

पदार्थः—(तत्) पूर्वोक्तं सत्यादिकम् (अस्य) यज्ञस्य रूपम्) स्वरूपम् (अमृतम्) नाशरहितम् (शचीभिः) प्रज्ञाभिः कर्मभिर्वा (तिस्रः) अध्यापकाऽध्येतृपरीक्षकाः (दधुः) दध्युः (देवता) देवा विद्वांसः (संरराणाः) सम्यग्दातारः (लोमानि)

रोमाणि (शष्पैः) दीर्घैर्लोमभिः (बहुधा) बहुप्रकारैः (न) (तोक्मभिः) बालकैः (त्वक्) (अस्य) (मांसम्) (अभवत्) भवेत् (न) निषेधार्थे (लाजाः) ॥ ८१ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यं संरराणास्तिस्रो देवताः शचीभिर्बहुधा यं यज्ञं शष्पैः सह लोमानि च दधुस्तदस्यामृतं रूपं यूयं विजानीत । अयं तोक्मभिर्नानुष्ठेयः । अस्य मध्ये त्वङ्मांसं लाजा वा हविर्नाभवदिति च वित्त ॥ ८१ ॥

भावार्थः—ये दीर्घसमयावधिजटिला ब्रह्मचारिणो वा पूर्णविद्या जितेन्द्रिया भद्रा जनाः सन्ति तएव यजधातोरर्थं ज्ञातुमर्हन्ति न बाला अविद्वांसो वा स होमाख्यो यज्ञो यत्र मांसक्षाराम्लतिक्तगुणादिरहितं किन्तु सुगन्धिपुष्टमिष्टं रोगनाशकादिगुणसहितं हविः स्यात् तदेव होतव्यं च स्यात् ॥ ८१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (संरराणाः) अच्छे प्रकार देने (तिस्रः) पढ़ाने पढ़ने और परीक्षा करनेहारे तीन (देवताः) विद्वान् लोग (शचीभिः) उत्तम प्रज्ञा और कर्मों के साथ (बहुधा) बहुत प्रकारों से जिस यज्ञ को और (शष्पैः) दीर्घ लोमों के साथ (लोमानि) लोमों को (दधुः) धारण करें और (तत्) उस (अस्य) इस यज्ञ के (अमृतम्) नाश रहित (रूपम्) रूप को तुम लोग जानो यह (तोक्मभिः) बालकों से (न) नहीं अनुष्ठान करने योग्य और (अस्य) इस के मध्य (त्वक्) त्वचा (मांसम्) मांस और (लाजाः) भुंजा हुआ सूखा अन्न आदि होम करने योग्य (न,अभवत्) नहीं होता इस को भी तुम जानो ॥ ८१ ॥

भावार्थः—जो बहुत काल पर्य्यन्त डाढ़ीमूंछ धारण पूर्वक ब्रह्मचारी अथवा पूर्ण विद्या वाले जितेन्द्रिय भद्र जन हैं वेही यज धातु के अर्थ को जानने योग्य अर्थात् यज्ञ करने योग्य होते हैं अन्य बालबुद्धि अविद्वान् नहीं होसकते वह हवन

रूप यज्ञ ऐसा है कि जिस में मांस क्षार खट्टे से भिन्न पदार्थ वा तीखा आदि गुण रहित सुगन्धि पुष्ट मिष्ट तथा रोगनाशकादि गुणों के सहित हो वही हवन करने योग्य होवे ॥ ८१ ॥

तदित्यस्य शङ्ख ऋषिः । अश्विनौ देवते ।
त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विदुषीभिः किं कर्त्तव्यमित्याह ॥
विदुषी स्त्रियों को क्या करना चाहिये इस वि० ॥

तदश्विना भिषजा रुद्रवर्तनी सरस्वती वयति पेशोऽअन्तरम् । अस्थि मज्जानं मासरैः कारोतरेण दधतो गवां त्वचि ॥ ८२ ॥

तत् । अश्विना । भिषजा । रुद्रवर्त्तनीऽइति रुद्रऽवर्त्तनी । सरस्वती । वयति । पेशः । अन्तरम् । अस्थि । मज्जानम् । मासरैः । कारोतरेण । दधतः । गवाम् । त्वचि ॥८२॥

पदार्थः—(तत्) पूर्वोक्तं हविः (अश्विना) विद्याव्यापिनौ (भिषजा) वैद्यकशास्त्रविदौ (रुद्रवर्तनी) रुद्रस्य प्राणस्य वर्तनिरिव वर्त्तनिर्मार्गो ययोस्तौ (सरस्वती) प्रशस्तज्ञानयुक्ता पत्नी (वयति) सन्तनोति (पेशः) (अन्तरम्) मध्यस्थम् (अस्थि) (मज्जानम्) (मासरैः) परिपक्वौषधिसंस्रावैः (कारो-

तरेण) कूपेनेव कारोतर इति कूपनामसु० निघं० ३ । २३ (दधतः) धरतः (गवाम्) पृथिव्यादीनाम् (त्वचि) उपरि भागे ॥ ८२ ॥

अन्वयः—यत्सरस्वती वयति तत्पेशोऽस्थि मज्जानमन्तरं मासरैः कारोतरेण गवां त्वचि रुद्रवर्त्तनी भिषजाऽश्विना दधतो दध्याताम् ॥ ८२ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा वैद्यकशास्त्रविदः पतयः शरीरारोग्यादिकं विधाय स्त्रियः सततं सुखयेयुस्तथैव विदुष्यः स्त्रियः स्वपतीन् रोगरहितान् कुर्युः ॥ ८२ ॥

पदार्थः—जिस को (सरस्वती) श्रेष्ठ ज्ञानयुक्त पत्नी (वयति) उत्पन्न करती है (तत्) उस (पेशः) सुन्दर स्वरूप (अस्थि) हाड़ (मज्जानम्) मज्जा (अन्तरम्) अन्तःस्थ को (मासरैः) परिपक्व ओषधि के सारों से (कारोतरेण) जैसे कूप से सब कामों को वैसे (गवाम्) पृथिव्यादि की (त्वचि) त्वचा रूप उपरि भाग में (रुद्रवर्तनी) प्राण के मार्ग के समान मार्ग से युक्त (भिषजा) वैद्यक विद्या के जानने हारे (अश्विना) विद्याओं में पूर्ण दो पुरुष (दधतः) धारण करें ॥ ८२ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु० जैसे वैद्यक शास्त्र के जानने हारे पति लोग शरीर को आरोग्य करके स्त्रियों को निरन्तर सुखी करें वैसे ही विदुषी स्त्री लोग भी अपने पतियों को रोगरहित किया करें ॥ ८२ ॥

सरस्वतीत्यस्य शङ्ख ऋषिः । सरस्वती देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

विद्वद्वदितरैराचरणीयमित्याह ॥

विद्वानों के समान अन्यों को आचरण करना चाहिये इस वि० ॥

सर॑स्वती॒ मन॑सा पेश॒लं वसु॒नास॑त्याभ्यां व-

यति दर्शतं वपुः। रसं परिस्रुता न रोहितं नग्नहुर्धीरस्तसरं न वेम ॥ ८३ ॥

सरस्वती । मनसा । पेशलम् । वसु । नासत्याभ्याम् । वयति । दर्शतम् । वपुः । रसम् । परिस्रुतेति परिऽस्रुता । न । रोहितम् । नग्नहुः । धीरः । तसरम् । न । वेम ॥ ८३ ॥

पदार्थः—(सरस्वती) प्रशस्तं सरो विज्ञानं विद्यते यस्याः सा (मनसा) विज्ञानेन (पेशलम्) उत्तमाङ्गवत् (वसु) द्रव्यम् (नासत्याभ्याम्) न विद्यते असत्यं ययोस्ताभ्यां मातापितृभ्याम् (वयति) विस्तृणाति (दर्शतम्) दर्शनीयम् (वपुः) शरीरमुदकं वा । वपुरित्युदकना० निघं० १ । १२ (रसम्) आनन्दम् (परिस्रुता) परितः सर्वतः स्रुतम् । अत्र सुपां सुलुगित्याकारादेशः (न) इव (रोहितम्) प्रादुर्भूतम् (नग्नहुः) नग्नं शुद्धं जुहोति गृह्णाति सः (धीरः) ध्यानशीलः (तसरम्) तस्यत्युपक्षयति दुःखानि येन तम् (न) इव (वेम) प्रजनम् ॥८३॥

अन्वयः—सरस्वती मनसा वेम न यत् पेशलं दर्शतं वपुस्तसरं रोहितं परिस्रुता रसं न वसु वयति नासत्याभ्यां नग्नहुर्धीरश्चाऽस्ति तौ द्वौ वयं प्राप्नुयाम ॥ ८३ ॥

भावार्थः—यथा विद्वांसावध्यापकोपदेशकौ सारं सारं वस्तु गृह्णान्ति तथैव सर्वैः स्त्रीपुरुषैर्ग्राह्यम् ॥ ८३ ॥

पदार्थः—(सरस्वती) उत्तम विज्ञानयुक्त स्त्री (मनसा) विज्ञान से (वेम)

उत्पत्ति के (न) समान जिस (पेशलम्) उत्तम अङ्गों से युक्त (दर्शतम्) देखने योग्य (वपुः) शरीर वा जल को तथा (तसरम्) दुःखों के क्षय करने हारे (रोहितम्) प्रकट हुए (परिस्रुता) सब ओर से प्राप्त (रसम्) आनन्द को देने हारे रसके (न) समान (वसु) द्रव्य को (वयति) बनाती है जिन (नासत्याभ्याम्) असत्य व्यवहार से रहित माता पिता दोनों से (नग्नहुः) शुद्ध को ग्रहण करने हारा (धीरः) ध्यानवान् तेरा पति है उन दोनों को हम लोग प्राप्त होवें ॥ ८३ ॥

भावार्थः—जैसे विद्वान् अध्यापक और उपदेशक सार२ वस्तुओं का ग्रहण करते हैं वैसे ही सब स्त्री पुरुषों को ग्रहण करना योग्य है ॥ ८३ ॥

पयसेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । सोमो देवता ।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

स्वकुलं प्रशस्तं कर्त्तव्यमित्याह ॥
अपने कुल को श्रेष्ठ करना चाहिये इस वि० ॥

पयसा शुक्रममृतं जनित्रꣳ सुरया मूत्राज्जनयन्त रेतः । अपामतिं दुर्मतिं बाधमाना ऊवध्यं वातꣳ सब्वं तदारात् ॥ ८४ ॥

पयसा । शुक्रम् । अमृतम् । जनित्रम् । सुरया । मूत्रात् । जनयन्त । रेतः । अप । अमतिम् । दुर्मतिमिति दुःऽमतिम् । बाधमानाः । ऊवध्यम् । वातम् । सब्वम् । तत् । आरात् ॥ ८४ ॥

पदार्थः—(पयसा) जलेन दुग्धेन वा (शुक्रम्) शुद्धम् (अमृतम्) अल्पमृत्युरोगनिवारकम् (जनित्रम्) अपत्यजन्मनिमित्तम् (सुरया) सोमलतादिरसेन (मूत्रात्) मूत्राधारेन्द्रियात्

(जनयन्त) उत्पादयेयुः । अत्र लुङ्यडभावः (रेतः) वीर्यम् (अप) (अमतिम्) नष्टा मतिरमतिस्ताम् (दुर्मतिम्) दुष्टा चासौ मतिश्च ताम् (बाधमानाः) निवर्त्तयन्तः (ऊवध्यम्) ऊरू वध्ये येन तत् । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेति रुलोपः (वातम्) प्राप्तम् (सब्वम्) समवेतम् । अत्र सप समवाये धातोरौणादिको वः प्रत्ययः (तत्) (आरात्) निकटात् ॥ ८४ ॥

अन्वयः—ये विद्वांसोऽमतिं दुर्मतिमपबाधमानाः सन्तो यदूवध्यं वातं सब्वं पयसा सुरयोत्पन्नं मूत्रात् जनित्रममृतं शुक्रं रेतोऽस्ति तदाराज्जनयन्त ते प्रजावन्तो भवन्ति ॥ ८४ ॥

भावार्थः—ये दुर्गुणान् दुष्टसङ्गांस्त्यक्त्वा व्यभिचाराद्दूरे निवसन्तो वीर्यं वर्द्धयित्वा सन्तानानुत्पादयन्ति ते स्वकुलं प्रशस्तं कुर्वन्ति ॥ ८४ ॥

पदार्थः—जो विद्वान् लोग (अमतिम्) नष्ट बुद्धि (दुर्मतिम्) वा दुष्ट बुद्धि को (अप, बाधमानाः) हटाते हुए जो (ऊवध्यम्) ऐसा है कि जिस से परिमाण अंगुल आदि काटे जांय अर्थात् बहुत नाश करने का साधन (वातम्) प्राप्त (सब्वम्) सब पदार्थों में सम्बन्ध वाला (पयसा) जल दुग्ध वा (सुरया) सोम लता आदि ओषधी के रस से उत्पन्न हुए (मूत्रात्) मूत्राधार इन्द्रिय से (जनित्रम्) सन्तानोत्पत्ति का निमित्त (अमृतम्) अल्पमृत्यु रोगनिवारक (शुक्रम्) शुद्ध (रेतः) वीर्य है (तत्) उस को (आरात्) समीप से (जनयन्त) उत्पन्न करते हैं वे ही प्रजा वाले होते हैं ॥ ८४ ॥

भावार्थः—जो मनुष्यों के दुर्गुण और दुष्ट सङ्गों को छोड़ कर व्यभिचार से दूर रहते हुए वीर्य को बढ़ा के सन्तानों को उत्पन्न करते हैं वे अपने कुल को प्रशंसित करते हैं ॥ ८४ ॥

इन्द्र इत्यस्य शङ्ख ऋषिः । सविता देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

मनुष्यै रोगात् पृथक् भवितव्यमित्याह ॥

मनुष्यों को रोग से पृथक् होना चाहिये इस वि० ॥

इन्द्रः सुत्रामा हृदयेन सत्यं पुरोडाशेन सविता जजान । यकृत् क्लोमानं वरुणो भिषज्यन् मतस्ने वायव्यैर्न मिनाति पित्तम् ॥ ८५ ॥

इन्द्रः । सुत्रामेति सुऽत्रामा । हृदयेन । सत्यम् । पुरोडाशेन । सविता । जजान । यकृत् । क्लोमानम् । वरुणः । भिषज्यन् । मतस्ने इति मतऽस्ने । वायव्यैः । न । मिनाति । पित्तम् ॥ ८५ ॥

पदार्थः—(इन्द्रः) रोगविच्छेदकः (सुत्रामा) यः सुष्ठु त्रायते रोगाच्छरीरं सः (हृदयेन) स्वात्मना (सत्यम्) यथार्थम् (पुरोडाशेन) सुसंस्कृतेनान्नेन (सविता) प्रेरकः (जजान) जनयति । अत्र व्यत्ययेन परस्मैपदम् (यकृत्) हृदयाद् दक्षिणे स्थितं मांसपिण्डम् (क्लोमानम्) कण्ठनाडिकाम्

(वरुणः) श्रेष्ठः (भिषज्यन्) चिकित्सां कुर्वन् (मतस्ने) हृदयोभयपार्श्वस्थे अस्थिनी (वायव्यैः) वायुषु साधुभिर्मार्गैः (न) (मिनाति) हिनस्ति (पित्तम्) ॥ ८५ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा सुत्रामा सवितेन्द्रो वरुणो विद्वान् भिषज्यन् सन् हृदयेन सत्यं जजान पुरोडाशेन वायव्यैश्च यकृत् क्लोमानं मतस्ने पित्तं च नमिनाति तथैतत्सर्वं यूयं माहिंस्त ॥ ८५ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु० सद्वैद्याः स्वयमरोगा भूत्वान्येषां शरीरं रोगं विज्ञायारोगान् सततं कुर्युः ॥ ८५ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (सुत्रामा) अच्छे प्रकार रोग से शरीर की रक्षा करने हारा (सविता) प्रेरक (इन्द्रः) रोगनाशक (वरुणः) श्रेष्ठ विद्वान् (भिषज्यन्) चिकित्सा करता हुआ (हृदयेन) अपने आत्मा से (सत्यम्) यथार्थ भाव को (जजान) प्रसिद्ध करता और (पुरोडाशेन) अच्छे प्रकार संस्कार किये हुये अन्न और (वयाव्यैः) पवनों में उत्तम अर्थात् सुखदेने वाले मार्गों से (यकृत्) जो हृदय से दाहिनी ओर में स्थित मांस पिंड (क्लोमानम्) कंठनाड़ी (मतस्ने) हृदय के दोनों ओर के हाड़ों और (पित्तम्) पित्त को (न, मिनाति) नष्ट नहीं करता वैसे इन सभों की हिंसा तुम भी मत करो ॥ ८५ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में वाचकलु०— सद्वैद्य लोग स्वयं रोगरहित हो कर अन्यों के शरीर में हुए रोग को जानकर रोगरहित निरन्तर किया करें ॥ ८५ ॥

आन्त्राणीत्यस्य शङ्ख ऋषिः । सविता देवता ।

त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आन्त्राणि स्थालीर्मधुपिन्वमाना गुदाः पात्राणि सुदुघा न धेनुः । श्येनस्य पत्रं न प्लीहा शचीभिरासन्दी नाभिरुदरं न माता ॥ ८६ ॥

आन्त्राणि । स्थालीः । मधु । पिन्वमानाः । गुदाः । पात्राणि । सुदुघेति सुऽदुघा । न । धेनुः । श्येनस्य । पत्रम् । न । प्लीहा । शचीभिः । आसन्दीत्याऽसन्दी । नाभिः । उदरम् । न । माता ॥ ८६ ॥

पदार्थः—(आन्त्राणि) उदरस्था अन्नपाकाधारा नाडीः (स्थालीः) यासु पच्यन्तेऽन्नानि (मधु) मधुरगुणान्वितमन्नम् (पिन्वमानाः) सेवमानाः प्रीतिहेतवः पिवि सेवने सेचने च (गुदाः) गुह्येन्द्रियाणि (पात्राणि) यैः पिबन्ति तानि (सुदुघा) (सुष्ठु) सुखेन दुह्यतइति । दुहः कप् घश्चेति कर्मणि कप् (न) इव (धेनुः) गौः (श्येनस्य) (पत्रम्) पक्षः (न) इव (प्लीहा) (शचीभिः) प्रज्ञाकर्मभिः (आसन्दी) समन्तात् रसप्रापिका (नाभिः) शरीरमध्यस्था (उदरम्) (न) इव (माता)॥ ८६ ॥

अन्वयः—युक्तिमता पुरुषेण शचीभिः स्थालीरग्नेरुपरि निधायौषधिपाकान्विधाय तत्र मधु प्रक्षिप्य भुक्त्वाऽऽन्त्राणि पिन्वमाना गुदाः पात्राणि भोजनार्थानि सुदुघा धेनुर्न प्लीहा श्येनस्य पत्रं न माता नासन्दी नाभिरुदरं पुष्येत् ॥ ८६ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः—ये मनुष्या उत्तमैः सुसंस्कृतैरन्नैरसैः शरीरमरोगीकृत्य प्रयतन्ते तेऽभीष्टं सुखं लभन्ते ॥ ८६ ॥

पदार्थः—युक्ति वाले पुरुष को योग्य है कि (शचीभिः) उत्तम बुद्धि और कर्मों से (स्थालीः) दाल आदि पकाने के वर्त्तनों को अग्नि के ऊपर धर ओषधियों का पाक बना (मधु) उस में सहत डाल भोजन करके (आन्त्राणि) उदरस्थ अन्न पकाने वाली नाड़ियों को (पिन्वमानाः) सेवन करते हुए प्रीति के हेतु (गुदाः) गुदेन्द्रियादि तथा (पात्राणि) जिन से खाया पिया जाय उन पात्रों को (सुदुघा) दुग्धादि से कामना सिद्ध करने वाली (धेनुः) गाय के (न) समान (प्लीहा) रक्तशोधक लोहू का पिण्ड (श्येनस्य) श्येन पक्षी के तथा (पत्रम्) पांख के (न) समान (माता) और माता के (न) तुल्य (आसन्दी) सब ओर से रस प्राप्त कराने हारी (नाभिः) नाभि नाड़ी (उदरम्) उदर को पुष्ट करती हैं ॥ ८६ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालंकार है—जो मनुष्य लोग उत्तम संस्कार किये हुए उत्तम अन्न और रसों से शरीर को रोग रहित करके प्रयत्न करते हैं वे अभीष्ट सुख को प्राप्त होते हैं ॥ ८६ ॥

कुम्भइत्यस्य शङ्ख ऋषिः । पितरो देवताः ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

दम्पती कीदृशावित्याह ॥

स्त्री पुरुष कैसे हों इस वि० ॥

कुम्भो वनिष्ठुर्जनिता शचीभिर्यस्मिन्नग्रे योन्यां गर्भोऽअन्तः । प्लाशिर्व्यक्तः शतधार उत्सो दुहे न कुम्भी स्वधां पितृभ्यः ॥ ८७ ॥

कुम्भः । वनिष्ठुः जनिता । शचीभिः । यस्मिन् । अग्रे । योन्याम् । गर्भः । अन्तरित्यन्तः । प्लाशिः । व्यक्तऽइति विऽअक्तः । शतधारऽइति शतऽधारः । उत्सः । दुहे । न । कुम्भी । स्वधाम् । पितृभ्यऽइति पितृऽभ्यः ॥ ८७ ॥

पदार्थः—(कुम्भः) कलशइव वीर्यादिधातुभिः पूर्णः (वनिष्ठुः) सम्भाजी । अत्र वनसम्भक्तावित्यस्मादौणादिक इष्ठुप् प्रत्ययः (जनिता) उत्पादकः (शचीभिः) कर्मभिः (यस्मिन्) (अग्रे) पुरा (योन्याम्) गर्भाधारे (गर्भः) (अन्तः) अभ्यन्तरे (प्लाशिः) यः प्रकृष्टतयाऽश्नुते सः (व्यक्तः) विविधाभिः पुष्टिभिः प्रसिद्धः (शतधारः) शतशो धारा वाचो यस्य सः (उत्सः) उन्दन्ति यस्मात् स कूपइव (दुहे) प्रपूर्तिकरे व्यवहारे (न) इव (कुम्भी) धान्याधारा स्वधाम् (अन्नम्) (पितृभ्यः) पालकेभ्यः ॥ ८७ ॥

अन्वयः— यः कुम्भो वनिष्ठुर्जनिता प्लाशिर्व्यक्तः शचीभिः शतधार उत्सो दुहे न पुरुषो या च कुम्भीव स्त्री तौ पितृभ्यः स्वधां प्रदद्यातां यस्मिन्नग्रे योन्यामन्तर्गर्भोधीयेत तं सततं रक्षेताम् ॥ ८७ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—स्त्रीपुरुषौ वीर्यवन्तौ पुरुषार्थिनौ भूत्वा अन्नादिभिर्विद्वांसं सन्तोष्य धर्मेण सन्तानोत्पत्तिं कुर्याताम् ॥ ८७ ॥

पदार्थः—जो (कुम्भः) कलश के समान वीर्यादि धातुओं से पूर्ण (वनिष्ठुः) सम विभाग करने हारी (जनिता) सन्तानों का उत्पादक (प्राशिः) अच्छे प्रकार भोजन का करने वाला (व्यक्तः) विविध पुष्टियों से प्रसिद्ध (शचीभिः) उत्तम कर्मों करके (शतधारः) सैकड़ों वाणियों से युक्त (उत्सः) जिस से गीला किया जाता है उस कूप के समान (दुहे) पूर्ति करने हारे व्यवहार में स्थित के (न) समान पुरुष और जो (कुम्भी) कुम्भी के सदृश स्त्री है इन दोनों को योग्य है कि (पितृभ्यः) पितरों को (स्वधाम्) अन्न देवें और (यस्मिन्) जिस (अग्रे) नवीन (योन्याम्) गर्भाशय के (अन्तः) बीच (गर्भः) गर्भ धारण किया जाता उस की निरन्तर रक्षा करें ॥ ८७ ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—स्त्री और पुरुष वीर्य वाले पुरुषार्थी हो कर अन्नादि से विद्वान् को प्रसन्न कर धर्म से सन्तानों की उत्पत्ति करें ॥ ८७ ॥

मुखमित्यस्य शङ्ख ऋषिः । सरस्वती देवता ।
स्वराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

मुखꣳ सद॑स्य॒ शिर॒ इत् सते॑न जि॒ह्वा प॒वित्र॑म॒श्विना॒ सन्त्सर॑स्वती । चप्यं॒ न पा॒युर्भि॒षग॑स्य॒ वालो॑ व॒स्तिर्न शेपो॒ हर॑सा तर॒स्वी ॥ ८८ ॥

मुख॑म् । सत् । अ॒स्य॒ । शिरः॑ । इत् । सते॑न । जि॒ह्वा । प॒वित्र॑म् । अ॒श्विना॑ । आ॒सन् । सर॑स्वती । चप्य॑म् । न । पा॒युः । भि॒षक् । अ॒स्य॒ । वालः॑ । व॒स्तिः । न । शेपः॑ । हर॑सा । त॒रस्वी ॥ ८८ ॥

पदार्थः—(मुखम्) (सत्) (अस्य) पुरुषस्य (शिरः) (इत्) एव (सतेन) उत्तमावयवैर्विभक्तेन शिरसा । सत् इत्यु-

त्तरना० निघं० ३ । २९ (जिह्वा) जुहोति गृह्णाति यया सा (पवित्रम्) शुद्धम् (अश्विना) गृहाश्रमव्यवहारव्यापिनौ (आसन्) आस्ये (सरस्वती) वाणीव ज्ञानवती स्त्री (चप्यम्) चयेषु सान्त्वनेषु भवम् । चय सान्त्वने धातोरच् ततो यत् (न) इव (पायुः) रक्षकः (भिषक्) वैद्यः) (अस्य) (बालः) बालकः (वस्तिः) वासहेतुः (न) इव (शेपः) उपस्थेन्द्रियम् (हरसा) हरति येन तेन बलेन (तरस्वी) प्रशस्तं तरो विद्यते यस्य सः ॥ ८८ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा जिह्वा सरस्वती स्त्र्यस्य पत्युः सतेन शिरसा सह शिरः कुर्यादासन् पवित्रं मुखं कुर्यादेवमश्विना द्वाविह वर्त्तेतां यदस्य पायुर्भिषग् बालो वस्तिः शेपो हरसा तरस्वी भवति स चप्यन्न सद् भवेत्तत्सर्वं यथावत्कुर्यात् ॥ ८८ ॥

भावार्थः—स्त्रीपुरुषौ गर्भाधानसमये परस्पराङ्गव्यापिनौ भूत्वा मुखेन मुखं चक्षुषा चक्षुः मनसा मनः शरीरेण शरीरं चानुसंधाय गर्भं दध्यातां यतः कुरूपं वक्राङ्गं वाऽपत्यन्न स्यात् ॥ ८८ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (जिह्वा) जिस से रस ग्रहण किया जाता है वह (सरस्वती) वाणी के समान स्त्री (अस्य) इस पति के (सतेन) सुन्दर अवयवों से विभक्त शिर के साथ (शिरः) शिर करे तथा (आसन्) मुख के समीप (पवित्रम्) पवित्र (मुखम्) मुख करे इसी प्रकार (अश्विना) गृहाश्रम के व्यवहार में व्याप्त स्त्री पुरुष दोनों (इत्) ही वर्त्तें तथा जो (अस्य) इस रोग से (पायुः) रक्षक (भिषक्) वैद्य (बालः) और बालक के (न) समान (वस्तिः) वास करने का हेतु पुरुष (शेपः) उपस्थेन्द्रिय को (हरसा) बल से (तरस्वी) करने हारा होता है वह (चप्यम्) शान्ति करने के (न) समान (सत्) वर्तमान में सन्तानोत्पत्ति का हेतु होवे उस सब को यथावत् करे ॥ ८८ ॥

भावार्थः--स्त्री पुरुष गर्भाधान के समय में परस्पर मिल कर प्रेम से पूरित होकर मुख के साथ मुख आंख के साथ आंख मन के साथ मन शरीर के साथ शरीर का अनुसंधान करके गर्भ का धारण करें जिस से कुरूप वा वक्राङ्ग सन्तान न होवे ॥ ८८ ॥

अश्विभ्यामित्यस्य शङ्ख ऋषिः । अश्विनौ देवते ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

अश्विभ्यां चक्षुरमृतं ग्रहाभ्यां छागेन तेजो हविषा शृतेन । पक्ष्माणि गोधूमैः कुवलैरुतानि पेशो न शुक्रमसितं वसाते ॥ ८९ ॥

अश्विऽभ्यामित्यश्विऽभ्याम् । चक्षुः । अमृतम् । ग्रहाभ्याम् । छागेन । तेजः । हविषा । शृतेन । पक्ष्माणि । गोधूमैः । कुवलैः । उतानि । पेशः । न । शुक्रम् । असितम् । वसातेऽइति वसाते ॥८९॥

पदार्थः--(अश्विभ्याम्) बहुभोजिभ्यां स्त्रीपुरुषाभ्याम् (चक्षुः) नेत्रम् (अमृतम्) अमृतात्मकम् (ग्रहाभ्याम्) यौ

गृहीतस्ताभ्याम् (छागेन) अजादिदुग्धेन (तेजः) प्रकाशयुक्तम् (हविषा) आदातुमर्हेण (शृतेन) परिपक्केन (पक्ष्माणि) परिगृहीतान्यन्यानि (गोधूमैः) (कुवलैः) सुशब्दैः (उतानि) संततानि वस्त्राणि (पेशः) रूपम् (न) इव (शुक्रम्) शुद्धम् (असितम्) कृष्णम् (वसाते) वसेताम् ॥ ८९ ॥

अन्वयः—यथा ग्रहाभ्यामश्विभ्यां सह कौचिद्विद्वांसौ स्त्रीपुरुषावुतानिपक्ष्माणि वसाते यथा वा भवन्तोऽपि छागेनाऽजादिदुग्धेन शृतेन हविषा सह तेजोऽमृतं चक्षुः कुवलैर्गोधूमैः शुक्रमसितं पेशो न स्वीकियेरंस्तथाऽन्ये गृहस्था अपि कुर्य्युः ॥ ८९ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा कृतक्रियौ स्त्री पुरुषौ प्रियदर्शनौ प्रियभोजिनौ गृहीतपूर्णसामग्रीकौ भवतस्तथान्ये गृहस्था अपि भवेयुः ॥ ८९ ॥

पदार्थः—जैसे (ग्रहाभ्याम्) ग्रहण करने हारे (अश्विभ्याम्) बहु भोजी स्त्री पुरुषों के साथ कोईभी विदुषी स्त्री और विद्वान् पुरुष (उतानि) विने हुए विस्तृत वस्त्र (पक्ष्माणि) और ग्रहण किये हुए अन्य रेशम और दुशाले आदि को (वसाते) ओढें पहने वा जैसे आप भी (छागेन) अजा आदि के दूध के साथ और (शृतेन) पकाये हुए (हविषा) ग्रहण करने योग्य होम के पदार्थ के साथ (तेजः) प्रकाशयुक्त (अमृतम्) अमृतस्वरूप (चक्षुः) नेत्र को (कुवलैः) अच्छे शब्दों और (गोधूमैः) गेहूं के साथ (शुक्रम्) शुद्ध (असितम्) काले (पेशः) रूप के (न) समान स्वीकार करें वैसे अन्य गृहस्थ भी करें ॥ ८९ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जैसे क्रिया किये हुए स्त्री पुरुष प्रियदर्शन प्रियभोजनशील पूर्णसामग्री को ग्रहण करने हारे होते हैं वैसे अन्यगृहस्थ भी होवें ॥ ८९ ॥

अविरित्यस्य शङ्ख ऋषिः । सरस्वती देवता ।
भुरिक् पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

अथ योगिकृत्यमाह ॥

अब योगी का कर्त्तव्य अगले मन्त्र में कहते हैं ॥

अविर्न मेषो नसि वीर्याय प्राणस्य पन्था अमृतो ग्रहाभ्याम् । सरस्वत्युपवाकैर्व्यानं नस्यानि बर्हिर्बदरैर्जजान ॥ ९० ॥

अविः । न । मेषः । नसि । वीर्याय । प्राणस्य । पन्थाः । अमृतः । ग्रहाभ्याम् । सरस्वती । उपवाकैरित्युपऽवाकैः । व्यानमिति विऽआनम् । नस्यानि । बर्हिः । बदरैः । जजान ॥ ९० ॥

पदार्थः—(अविः) योऽवति रक्षति सः (न) इव (मेषः) यो मिषति स्पर्द्धते सः (नसि) नासिकायाम् (वीर्याय) योगबलाय (प्राणस्य) (पन्थाः) मार्गः (अमृतः) मृत्युधर्मरहितः (ग्रहाभ्याम्) यौ गृह्णीतस्ताभ्याम् (सरस्वती) प्रशस्तविज्ञानयुक्ता स्त्री (उपवाकैः) उपयन्ति यैस्तैः (व्यानम्) विविधमनन्ति येन तम् (नस्यानि) नासिकायै हितानि (बर्हिः) बर्द्धनम् (बदरैः) बदरीफलैः (जजान) जनयति ॥ ९० ॥

अन्वयः—यथा ग्रहाभ्यां सह सरस्वती बदरैरुपवाकैर्जजान

तथा वीर्याय नसि प्राणस्याऽमृतः पन्था अविर्न मेषो व्यानं नस्या-
नि बर्हिश्च उपयुज्यते ॥ ९० ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—यथा धार्मिको न्यायाधीशः प्रजा रक्षति तथैव प्राणायामादिभिः संसाधिताः प्राणा योगिनं सर्वेभ्यो दुःखेभ्यस्त्रायन्ते यथा विदुषी माता विद्यासुशिक्षाभ्यां स्वसन्तानान् वर्द्धयति तथाऽनुष्ठितानि योगकर्माणि योगिनो वर्द्धयन्ति ॥ ९० ॥

पदार्थः—जैसे (ग्रहाभ्याम्) ग्रहण करने हारों के साथ (सरस्वती) प्रशस्त विज्ञानयुक्त स्त्री (बदरैः) बेरों के समान (उपवाकैः) सामीप्य भाव किया जाय जिन से उन कर्मों से (जजान) उत्पत्ति करती है वैसे जो (वीर्याय) वीर्य के लिये (नसि) नासिका में (प्राणस्य) प्राण का (अमृतः) नित्य (पन्थाः) मार्ग वा (मेषः) दूसरे से स्पर्द्धा करने वाला और (अविः) जो रक्षा करता है उस के (न) समान (व्यानम्) सब शरीर में व्याप्त वायु (नस्यानि) नासिका के हितकारक धातु और (बर्हिः) बढ़ाने हारा उपयुक्त किया जाता है ॥ ९० ॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमालं०—जैसे धार्मिक न्यायाधीश प्रजा की रक्षा करता है वैसे ही प्राणायामादि से अच्छे प्रकार सिद्ध किये हुए प्राण योगी की सब दुःखों से रक्षा करते हैं जैसे विदुषी माता विद्या और अच्छी शिक्षा से अपने सन्तानों को बढ़ाती है वैसे अनुष्ठान किये हुए योग के अङ्ग योगियों को बढ़ाते हैं ॥९०॥

इन्द्रेत्यस्य शङ्ख ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

इन्द्रस्य रूपमृषभो बलाय कर्णाभ्याꣳ श्रोत्रममृतं ग्रहाभ्याम् । यवा न बर्हिर्भ्रुवि केसराणि कर्कन्धु जज्ञे मधु सारघं मुखात् ॥ ९१ ॥

इन्द्रस्य रूपम् । ऋषभः । बलाय । कर्णाभ्याम् । श्रोत्रम् । अमृतम् । ग्रहाभ्याम् । यवाः । न । बर्हिः । भ्रुवि केसराणि । कर्कन्धु । जज्ञे । मधु । सारघम् । मुखात् ॥ ९१ ॥

पदार्थः—(इन्द्रस्य) परमैश्वर्य्यस्य (रूपम्) स्वरूपम् (ऋषभः) विज्ञानवान् (बलाय) योगसामर्थ्याय (कर्णाभ्याम्) कुर्वन्ति श्रवणं याभ्याम् (श्रोत्रम्) शब्दविषयम् (अमृतम्) अमृतात्मकमुदकम् (ग्रहाभ्याम्) याभ्यां गृह्णीतस्ताभ्याम् (यवाः) धान्यविशेषाः (न) इव (बर्हिः) वर्द्धनम् भ्रुवि) नेत्रललाटयोर्मध्ये (केसराणि) विज्ञानानि । अत्र किं ज्ञाने इत्यस्मादौणादिकः सरन् प्रत्ययः (कर्कन्धु) येन कर्म दधाति (जज्ञे) जायते (मधु) विज्ञानम् (सारघम्) यदारघ्यते स्वाद्येत तदारघं समानं च तदारघं च तत् (मुखात्) ॥ ९१ ॥

अन्वयः—यथा ग्रहाभ्यां सहर्षभो बलाय यवा न कर्णाभ्यां श्रोत्रममृतं कर्कन्धु सारघं मधु बर्हिर्भ्रुवि केसराणि मुखात् जनयति तथैतत् सर्वमिन्द्रस्य रूपं जज्ञे ॥ ९१ ॥

भावार्थः—अत्रोपमावाचकलु०—यथा निवृत्तिमार्गे परमयोगी योगबलेन सर्वाः सिद्धीः प्राप्नोति तथैवान्यैर्गृहस्थैरपि प्रवृत्तिमार्गे सर्वमैश्वर्य्यं प्राप्तव्यमिति ॥ ९१ ॥

पदार्थः—जैसे (ग्रहाभ्याम्) जिन से ग्रहण करते हैं उन व्यवहारों के

साथ (ऋषभः) ज्ञानी पुरुष बलाय योग सामर्थ्य के लिये (यवाः) यवों के (न) समान (कर्णाभ्याम्) कानों से (श्रोत्रम्) शब्दविषय को (अमृतम्) नीरोग जल को और (कर्कन्धु) जिस से कर्म को धारण करें उस को (सारघम्) एक प्रकार के स्वाद से युक्त (मधु) सहत (बर्हिः) वृद्धिकारक व्यवहार और (भ्रुवि) नेत्र और ललाट के बीच में (केसराणि) विज्ञानों अर्थात् सुषुम्ना में प्राण वायु का निरोध कर ईश्वर विषयक विशेष ज्ञानों को (मुखात्) मुख से उत्पन्न करता है वैसे यह सब (इन्द्रस्य) परमैश्वर्य्य का (रूपम्) स्वरूप (जज्ञे) उत्पन्न होता है ॥९१॥

भावार्थः—इस मन्त्र में उपमा और वाचकलु ०—जैसे निवृत्ति मार्ग में परम योगी योग बल से सब सिद्धियों को प्राप्त होता है वैसे ही अन्य गृहस्थ लोगों को भी प्रवृत्ति मार्ग में सब ऐश्वर्य्य को प्राप्त होना चाहिये ॥ ९१ ॥

आत्मन्नित्यस्य शङ्ख ऋषिः । आत्मा देवता ।

त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

आत्मन्नुपस्थे न वृकस्य लोम मुखे श्मश्रूणि न व्याघ्रलोम । केशा न शीर्षन्यशसे श्रियै शिखा सिꣳहस्य लोम त्विषिरिन्द्रियाणि ॥ ९२ ॥

आत्मन् । उपस्थऽइत्युपस्थे । न । वृकस्य । लोम । मुखे । श्मश्रूणि । न । व्याघ्रऽलोमेति व्याघ्रलोम । केशाः । न । शीर्षन् । यशसे । श्रियै । शिखा । सिꣳहस्य । लोम । त्विषिः । इन्द्रियाणि ॥९२॥

पदार्थः—(आत्मन्) आत्मनि (उपस्थे) उपतिष्ठन्ति यस्मिंस्तस्मिन् (न) इव (वृकस्य) यो वृश्चति छिनत्ति तस्य (लोम) (मुखे) (श्मश्रूणि) (न) इव (व्याघ्रलोम) व्याघ्रस्य लोम व्याघ्रलोम (केशाः) (न) इव (शीर्षन्) शिरसि (यशसे) (श्रियै) (शिखा) (सिंहस्य) (लोम) (त्विषिः) दीप्तिः (इन्द्रियाणि) श्रोत्रादीनि ॥ ९२ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यस्यात्मन्नुपस्थे सति वृकस्य लोम न व्याघ्रलोम न मुखे श्मश्रूणि शीर्षन्केशा न शिखा सिंहस्य लोमेव त्विषिरिन्द्रियाणि सन्ति स यशसे श्रियै प्रभवति ॥ ९२ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालंकारः—ये परमात्मानमुपतिष्ठन्ते ते यशस्विनो भवन्ति ये योगमभ्यस्यन्ति ते वृकवद्व्याघ्रवत्सिंहवदेकान्तदेशं सेवित्वा पराक्रमिणो जायन्ते ये पूर्णब्रह्मचर्यं कुर्वन्ति ते क्षत्रियाः पूर्णोपमा भवन्ति ॥ ९२ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जिस के (आत्मन्) आत्मा में (उपस्थे) समीप स्थिति होने में (वृकस्य) भेड़िया के (लोम) बालों के (न) समान वा (व्याघ्रलोम) बाघ के बालों के(न) समान (मुखे) मुख पर (श्मश्रूणि) दाढ़ी और मूंछ (शीर्षन्) शिर में (केशाः) बालों के (न) समान (शिखा) शिखा (सिंहस्य) सिंह के (लोम) बालों के समान (त्विषिः) कान्ति तथा (इन्द्रियाणि) श्रोत्रादि शुद्ध इन्द्रियां हैं वह (यशसे) कीर्ति और (श्रिये) लक्ष्मी के लिये प्राप्त होने को समर्थ होता है ॥ ९२ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में उपमालं०—जो परमात्मा का उपस्थान करते हैं

वे यशस्वी कीर्त्तिमान् होते हैं जो योगाभ्यास करते हैं वे भेड़िया व्याघ्र और सिंह के समान एकान्त देश का सेवन करके पराक्रम वाले होते हैं जो पूर्ण ब्रह्मचर्य करते हैं वे क्षत्रियभेडिया व्याघ्र और सिंह के समान पराक्रम वाले होते हैं ॥ ९२ ॥

अङ्गानीत्यस्य शङ्ख ऋषिः । अश्विनौ देवते ।
त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेवविषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

अङ्गान्यात्मन् भिषजा तदश्विनात्मानमङ्गैः सम॑धात् सर॑स्वती । इन्द्र॑स्य रूपꣳ शतमा॑नमायु॑श्चन्द्रेण ज्योति॑रमृतं॒ दधा॑नाः ॥ ९३ ॥

अङ्गा॑नि । आत्मन् । भिषजा॑ । तत् । अश्विना॑ । आत्मान॑म् । अङ्गैः॑ । सम् । अधात् । सर॑स्वती । इन्द्र॑स्य । रूपम् । शतमा॑नमिति॑ शतऽमा॑नम् । आयुः॑ । चन्द्रेण॑ । ज्योति॑ः । अमृत॑म् । दधा॑नाः ॥ ९३ ॥

पदार्थः—(अङ्गानि) योगाङ्गानि (आत्मन्) आत्मनि (भिषजा) सद्वैद्यवदरोगौ (तत्) (अश्विना) सिद्धसाधकौ (आत्मानम्) (अङ्गैः) योगाङ्गैः (सम्) (अधात्) समादधाति

(सरस्वती) योगिनी स्त्री (इन्द्रस्य) परमैश्वर्यस्य (रूपम्) (शतमानम्) शतमसंख्यं मानं यस्य तत् (आयुः) जीवनम् (चन्द्रेण) आनन्देन (ज्योतिः) प्रकाशम् (अमृतम) (दधानाः) धरन्तः ॥ ९३ ॥

यत्रेत्यस्याश्वतराश्विऋषिः । अग्निर्देवता ।
निचृदनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

यत्रेन्द्रश्च वायुश्च सम्यञ्चौ चरतः सह । तं लोकं पुण्यं प्रज्ञेषं यत्र सेदिर्न विद्यते ॥२६॥

यत्र । इन्द्रः । च । वायुः । च । सम्यञ्चौ । चरतः । सह । तम् । लोकम् । पुण्यम् । प्र । ज्ञेषम् । यत्र । सेदिः । न । विद्यते ॥ २६ ॥

पदार्थः—(यत्र) यस्मिन्नीश्वरे (इन्द्रः) सर्वत्राऽभिव्याप्ता विद्युत् (च) (वायुः) धनञ्जयादिस्वरूपः पवनः (च) (सम्यञ्चौ) (चरतः) (सह) (तम्) (लोकम्) सर्वस्य द्रष्टारम् (पुण्यम्) पुण्यजन्यज्ञानेन ज्ञातुमर्हम् (प्र) (ज्ञेषम्) जानीयाम् (यत्र) यस्मिन् (सेदिः) नाश उत्पत्तिर्वा (न) निषेधे (विद्यते) ॥ २६ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथाऽहं यत्रेन्द्रश्च वायुः सह सम्यञ्चौ चरतश्च यत्र सेदिर्न विद्यते तं पुण्यं लोकं प्रज्ञेषं तथैतं यूयं विजानीत ॥ २६ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०-यदि कश्चिद्विद्वान् वायुविद्युदाकाशादीनामियत्तां जिज्ञासेत तर्ह्यन्तं न प्राप्नोति यत्र चैते व्याप्याः सन्ति तस्य ब्रह्मणोऽन्तं ज्ञातुं कः शक्नुयात् ॥ २६ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे मैं (यत्र) जिस ईश्वर में (इन्द्रः) सर्वत्रव्याप्त बिजुली (च) और (वायुः) धनञ्जय आदिवायु (सह) साथ (सम्यञ्चौ) अच्छे प्रकार मिले हुए (चरतः) विचरते हैं (च) और (यत्र) जिस ब्रह्म में (सेदिः) नाश वा उत्पत्ति (न, विद्यते) नहीं विद्यमान है (तम्) उस (पुण्यम्) पुण्य से उत्पन्न हुए ज्ञान से जानने योग्य (लोकम्) सब को देखने हारे परमात्मा को (प्र, ज्ञेषम्) जानूं वैसे इस को तुम लोग भी जानो ॥ २६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जो कोई विद्वान् वायु बिजुली और आकाशादि की सीमा को जानना चाहे तो अन्त को प्राप्त नहीं होता जिस ब्रह्म में ये सब आकाशादि विभु पदार्थ भी व्याप्य हैं उस ब्रह्म के अन्त के जानने को कौन समर्थ हो सकता है ॥ २६ ॥

अꣳशुनेत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । सोमो देवता । विराडनुष्टुप्छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

अꣳशुना ते अꣳशुः पृच्यतां परुषा परुः । गन्धस्ते सोममवतु मदाय रसोऽअच्युतः ॥ २७ ॥

अꣳशुना । ते । अꣳशुः । पृच्यताम् । परुषा । परुः । गन्धः । ते । सोमम् । अवतु । मदाय । रसः । अच्युतः ॥ २७ ॥

पदार्थः—(अंशुना) भागेन (ते) तव (अंशुः) भागः (पृच्यताम्) संबध्यताम् (परुषा) मर्म्मणा (परुः) मर्म्म (गन्धः) (ते) तव (सोमम्) ऐश्वर्य्यम् (अवतु) (मदाय) आनन्दाय (रसः) सारः (अच्युतः) नाशरहितः ॥ २७ ॥

अन्वयः—हे विद्वन् ते तवांऽशुनांऽशुः परुषा परुः पृच्यतां तेऽच्युतो गन्धो रसश्च मदाय सोममवतु ॥२७॥

भावार्थः—यदा ध्यानावस्थितस्य मनुष्यस्य मनसा सहेन्द्रियाणि प्राणाश्च ब्रह्मणि स्थिरा भवन्ति तदा स नित्यमानन्दति ॥ २७ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् (ते) तेरे (अंशुना) भाग से (अंशुः) भाग और (परुषा) मर्म से (परुः) मर्म (पृच्यताम्) मिले तथा (ते) तेरा (अच्युतः) नाशरहित (गंधः) गंध और (रसः) रस पदार्थ सार (मदाय) आनन्द के लिये (सोमम्) ऐश्वर्य की (अवतु) रक्षा करे ॥ २७ ॥

भावार्थः—जब ध्यानावस्थित मनुष्य के मन के साथ इन्द्रियां और प्राण ब्रह्म में स्थिर होते हैं तभी वह नित्य आनन्द को प्राप्त होता है ॥ २७ ॥

सिञ्चन्तीत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
भुरिगुष्णिक् छन्दः । ऋषभः स्वरः ॥

अथ विद्वद्विषये शारीरिकविषयमाह ॥

अब विद्वानों के विषय में शरीरसंबंधी वि० ॥

सिञ्चन्ति परि षिञ्चन्त्युत्सिञ्चन्ति पुनन्ति च । सुरायै बभ्र्वै मदे किन्त्वो वदति किन्त्वः ॥ २८ ॥

सिञ्चन्ति । परि । सिञ्चन्ति । उत् । सिञ्चन्ति ।। पुनन्ति । च । सुरायै । बभ्र्वै । मदे । किन्त्वः । वदति । किन्त्वः ॥ २८ ॥

पदार्थः-(सिञ्चन्ति) (परि) सर्वतः (सिञ्चन्ति) (उत्) (सिञ्चन्ति) (पुनन्ति) पवित्रीभवन्ति (च) (सुरायै) सोमाय (बभ्र्वै) बलधारकाय (मदे) आनन्दाय (किन्त्वः) किमसौ (वदति) (किन्त्वः) किमन्यः ॥ २८ ॥

अन्वयः-ये बभ्र्वै सुरायै मदे महौषधिरसं सिञ्चन्ति परिसिञ्चन्त्युत्सिञ्चन्ति पुनन्ति च ते शरीरात्मबलमाप्नुवन्ति यः किन्त्वः किन्त्वश्चेति वदति स किंचिदपि नाप्नोति॥२८॥

भावार्थः-येऽन्नादीनि पवित्रीकृत्य संस्कृत्योत्तमरसैः परिषिच्य युक्ताहारविहारेण भुञ्जते ते बहु सुखं लभन्ते यो-मूढतयैवं नाचरति स बलबुद्धिहीनः सततं दुःखं भुङ्क्ते॥ २८॥

पदार्थः—जो (बभ्र्वै) बल के धारण करने हारे (सुरायै) सोम वा (मदे) आनन्द के लिये महौषधियों के रस को (सिञ्चन्ति) जाठराग्नि में सींचते सेवन करते (परि,सिञ्चन्ति) सब ओर से पीते (उत्सिञ्चन्ति) उत्कृष्टता से ग्रहण करते (च) और (पुनन्ति) पवित्र होते हैं वे शरीर और आत्मा के बल को प्राप्त होते हैं और जो (किन्त्वः) क्या वह (किन्त्वः) क्या और ऐसा (वदति) कहता है वह कुछ भी नहीं पाता है ॥ २८ ॥

भावार्थः—जो अन्नादि को पवित्र और संस्कार कर उत्तम रसों से युक्त करके युक्त आहार विहार से खाते पीते हैं वे बहुत सुख को प्राप्त होते हैं जो मूढ़ता से ऐसा नहीं करता वह बल बुद्धि हीन हो निरन्तर दुःख को भोगता है ॥ २८ ॥

धानावन्तमित्यस्य विश्वामित्र ऋषिः । इन्द्रो देवता । गायत्रीच्छन्दः । षड्जः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

धानावन्तं करम्भिणमपूपवन्तमुक्थिनम् । इन्द्र प्रातर्जुषस्व नः ॥२९॥

धा॒नाव॑न्तमि॒ति धा॒नाऽव॑न्तम् । क॒र॒म्भिण॑म् । अ॒पू॒पव॑न्त॒मित्य॑पू॒पऽव॑न्तम् । उ॒क्थिन॑म् । इन्द्र॑ । प्रा॒तः । जु॒षस्व॑ । नः॒ ॥ २९ ॥

पदार्थः-(धानावन्तम्) सुसंस्कृतैर्धान्यान्नैर्युक्तम् (करम्भिणम्) सुष्ठुक्रियया निष्पन्नम् (अपूपवन्तम्) सुष्ठु संपादितापूपसहितम् (उक्थिनम्) प्रशस्तोक्थवाक्यजन्यबोधनिष्पादितम् (इन्द्र) सुखेच्छो विद्यैश्वर्ययुक्त जन (प्रातः) प्रभाते (जुषस्व) सेवस्व (नः) अस्माकम् ॥ २९ ॥

अन्वयः-हे इन्द्र त्वं नो धानावन्तं करम्भिणमपूपवन्तमुक्थिनं भक्ष्याद्यन्वितं भोज्यमन्नरसादिकं प्रातर्जुषस्व ॥ २९ ॥

भावार्थः-ये विद्याध्यापनोपदेशैः सर्वेषामलङ्कर्त्तारो विश्वोद्धारका विद्वांसो जनाः सुसंस्कृतैरसादिभिर्युक्तान्यन्नादीनि यथासमयं भुञ्जते ये च तान् विद्यासुशिक्षायुक्तां वाचं ग्राहयेयुस्ते धन्यवादार्हा जायन्ते ॥ २९ ॥

पदार्थः—हे (इन्द्र) सुख की इच्छा करने हारे विद्या और ऐश्वर्य से युक्त जन तू (नः) हमारे (धानावन्तम्) अच्छेप्रकार से संस्कार किये हुए धान्य अन्नों से युक्त (करम्भिणम्) और अच्छी क्रिया से सिद्ध किये और (अपूपवन्तम्) सुन्दरता से इकट्ठे किये हुए मालपुये आदि से युक्त (उक्थिनम्) तथा उत्तम वाक्य से उत्पन्न हुए बोध को सिद्ध करने हार और भक्ष्य आदि से युक्त भोजन योग्य अन्न रसादि को (प्रातः) प्रातःकाल (जुषस्व) सेवन किया कर ॥ २९ ॥

भावार्थः—जो विद्या के पढ़ाने और उपदेशों से सब को सुभूषित और विश्व का उद्धार करने हारे विद्वान् जन अच्छे संस्कार किये हुए रसादि पदार्थों से युक्त अन्नादि को ठीक समय में भोजन करते हैं और जो उन को विद्या सुशिक्षा से युक्त वाणी का ग्रहण करावें वे धन्यवाद के योग्य होते हैं ॥ २९ ॥

बृहदित्यस्य नृमेधपुरुषमेधावृषी । इन्द्रो देवता ।
बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

बृहदिन्द्राय गायत मरुतो वृत्रहन्तमम् । येन ज्योतिरजनयन्नृतावृधो देवं देवाय जागृवि ॥ ३० ॥

बृहत् । इन्द्राय । गायत । मरुतः । वृत्रहन्तममिति वृत्रहनऽतमम् । येन । ज्योतिः । अजनयन् । ऋतावृधः । ऋतवृधऽइत्यृतऽवृधः । देवम् । देवाय । जागृवि ॥ ३० ॥

पदार्थः—(बृहत्) महत् साम (इन्द्राय) परमैश्वर्ययुक्ताय (गायत) प्रशंसत (मरुतः) विद्वांसः (वृत्रहन्तमम्) यो वृत्रं मेघं हन्ति तमतिशयितं सूर्यमिव (येन) (ज्योतिः) तेजः (अजनयन्) उत्पादयन्तु (ऋतावृधः) ये ऋतं सत्यं वर्द्धयन्ति ते (देवम्) दिव्यसुखप्रदम् (देवाय) दिव्यगुणाय (जागृवि) जागरूकम् ॥३०॥

अन्वयः—हे मरुत ऋतावृधो भवन्तो येन देवायेन्द्राय देवं जागृवि ज्योतिरजनयँस्तद्वृत्रहन्तम बृहत् तस्मै गायत ॥ ३० ॥

भावार्थः—मनुष्यैः सदैव युक्ताहारविहारेण शरीरात्मरोगान् निवार्य पुरुषार्थमुन्नीय परमेश्वरप्रतिपादकं गानं कर्त्तव्यम् ॥ ३० ॥

पदार्थः— हे (मरुतः) विद्वान् लोगो (ऋतावृधः) सत्य के बढ़ाने हारे आप (येन) जिससे (देवाय) दिव्यगुण वाले (इन्द्राय) परमैश्वर्य से युक्त ईश्वर के लिये (देवम्) दिव्य सुख देने वाले (जागृवि) जागरूक अर्थात् अतिप्रसिद्ध (ज्योतिः) तेज पराक्रम को (अजनयन्) उत्पन्न करें उस (वृत्रहन्तमम्) अतिशय करके मेघहन्ता सूर्य के समान (बृहत्) बड़े सामगान को उक्त उस ईश्वर के लिये (गायत) गाओ ॥३०॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि सर्वदा युक्त आहार और व्यवहार से शरीर और आत्मा के रोगों का निवारण कर पुरुषार्थ को बढ़ा के परमेश्वर का प्रतिपादन करनेहारे गान को किया करें ॥ ३० ॥

अध्वर्यो इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
गायत्री छन्दः । षड्जः स्वरः ॥
पुनः प्रकारान्तरेणोक्तविषयमाह ॥
फिर प्रकारान्तर से उक्त वि० ॥

अध्वर्य्योऽअद्रिभिः सुतꣳसोमं पवित्रऽआ नय । पुनीहीन्द्राय पातवे ॥३१॥

अध्वर्यो इत्यध्वर्यो । अद्रिभिरित्यद्रिऽभिः । सुतम् । सोमम् । पवित्रे । आ । नय । पुनीहि । इन्द्राय । पातवे ॥ ३१ ॥

पदार्थः—(अध्वर्यो) यो अध्वरं यज्ञं युनक्ति तत्संबुद्धौ (अद्रिभिः) मेघैः । अद्रिरिति मेघना० १ । १० (सुतम्) निष्पन्नम् (सोमम्) सोमवल्याद्योषधिसारं रसम् (पवित्रे) शुद्धे व्यवहारे (आ) (नय) (पुनीहि) पवित्रय (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (पातवे) पातुम् ॥ ३१ ॥

अन्वयः-- हे अध्वर्यो त्वमिन्द्राय पातवे अद्रिभिः सुतं सोमं पवित्र आनय तेन त्वं पुनीहि ॥ ३१ ॥

भावार्थः--वैद्यराजैः शुद्धदेशोत्पन्नौषधिसारान् निर्माय तद्दानेन सर्वेषां रोगनिवृत्तिः सततं कार्या ॥ ३१ ॥

पदार्थः--हे (अध्वर्यो) यज्ञ को युक्त करने हारे पुरुष तू (इन्द्राय) परमैश्वर्यवान् के लिये (पातवे) पीने को (अद्रिभिः) मेघों से (सुतम्) उत्पन्न हुए (सोमम्) सोमवल्यादि ओषधियों के सार रूप रस को (पवित्रे) शुद्धव्यवहार में (आनय) लेआ उस से तू (पुनीहि) पवित्र हो ॥ ३१॥

भावार्थः--वैद्यराजों को योग्य है कि शुद्ध देश में उत्पन्न हुई ओषधियों के सारों को बना उस के दान से सब के रोगों की निवृत्ति निरन्तर करें ॥ ३१ ॥

योभूतानामित्यस्य कौण्डिन्य ऋषिः । परमात्मा देवता । पङ्क्तिश्छन्दः । पञ्चमः स्वरः ॥

पुनर्विद्वद्विषयमाह ॥

फिर विद्वानों के वि० ॥

योभूतानामधिपतिर्यस्मिँल्लोका अधिश्रिताः । यईशे महतो महाँस्तेन गृह्णामि त्वामहं मयि गृह्णामि त्वामहम् ॥३२ ॥

यः । भूतानाम् । अधिपतिरित्यधिऽपतिः । यस्मिन् । लोकाः । अधि । श्रिताः । यः । ईशे । महतः ।

महान् । तेन । गृह्णामि । त्वाम् । अहम् । मयि । गृह्णामि । त्वाम् । अहम् ॥ ३२ ॥

पदार्थः-(यः) परमेश्वरः (भूतानाम्) पृथिव्यादितत्वानां तत्कार्याणां लोकानाम् (अधिपतिः) अधिष्ठाता (यस्मिन्) (लोकाः) संघाताः (अधि)(श्रिताः) (यः) (ईशे) ईष्टे। अत्र लोपस्त आत्मनेपदेष्विति तलोपः (महतः) आकाशादेः (महान्) (तेन) (गृह्णामि) (त्वाम्) (अहम्) (मयि) (गृह्णामि) (त्वाम्) (अहम्) ॥ ३२ ॥

अन्वयः—हे सर्वहितेच्छो यो भूतानामधिपतिर्महतो महानस्ति य ईशे यस्मिन् सर्वे लोका अधिश्रितास्तेन त्वामहंगृह्णामि मयि त्वामहं गृह्णामि ॥ ३२ ॥

भावार्थः-य उपासकोऽनन्तब्रह्मनिष्ठो ब्रह्मभिन्नमुपास्यं किंचिद्वस्तु न जानाति स एवात्र विद्वान्मन्तव्यः ॥ ३२ ॥

पदार्थः-हे सबके हित की इच्छा करने हारे पुरुष (यः) जो (भूतानाम्) पृथिव्यादि तत्वों और उन से उत्पन्न हुए कार्यरूप लोकों का (अधिपतिः) अधिष्ठाता (महतः) बड़े आकाशादि से (महान्) बड़ा है (यः) जो (ईशे) सब का ईश्वर है (यस्मिन्) जिस में सब (लोकाः) लोक (अधिश्रिताः) अधिष्ठित आश्रित हैं (तेन) उस से (त्वाम्) तुझ को (अहम्) मैं (गृह्णामि) ग्रहण करता हूं (मयि) मुझ में (त्वाम्) तुझ को (अहम्) मैं ((गृह्णामि) ग्रहण करता हूं ॥ ३२ ॥

भावार्थः— जो उपासक अनन्त ब्रह्म में निष्ठा रखने वाला ब्रह्म से भिन्न किसी वस्तु को उपास्य नहीं जानता वही इस जगत् में विद्वान् माना जाना चाहिये ॥ ३२ ॥

उपयामगृहीतोसीत्यस्य काक्षीवतसुकीर्त्तिर्ऋषिः । सोमो देवता । विराट् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेवाह ॥

फिर उसी वि० ॥

उपयामगृहीतोस्यश्विभ्यां त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्णऽएष ते योनिरश्विभ्यां त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्णे ॥ ३३ ॥

उपयामगृहीतऽइत्युपयामऽगृहीतः । असि । अश्विभ्यामित्यश्विऽभ्याम् । त्वा । सरस्वत्यै । त्वा । इन्द्राय । त्वा । सुत्राम्णऽइति सुऽत्राम्णे । एषः । ते । योनिः । अश्विभ्यामित्यश्विऽभ्याम् । त्वा । सरस्वत्यै । त्वा । इन्द्राय । त्वा । सुत्राम्णऽइति सुऽत्राम्णे ॥ ३३ ॥

पदार्थः—(उपयामगृहीतः) उपयामैरुत्तमनियमैः संगृहीतः (असि) अश्विभ्याम्) पूर्णविद्याऽध्यापकोपदेशकाभ्याम् (त्वा) त्वाम् (सरस्वत्यै) सुशिक्षितायै वाचे (त्वा) त्वाम् (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (त्वा) (सुत्राम्णे) सुष्ठुरक्षकाय । अत्र कृतो बहुलमित्यनेन करणे मनिन् (एषः) (ते) तव (योनिः) विद्वत्संबन्धः

(अश्विभ्याम्) (त्वा) (सरस्वत्यै) प्रशस्तगुणायै विदुष्यै (त्वा) (इन्द्राय) परमोत्तमव्यवहाराय (त्वा) (सुत्राम्णे) सुष्ठु रक्षकाय ॥ ३३ ॥

अन्वयः— हे विद्वन् यस्त्वमश्विभ्यामुपयामगृहीतोऽसि यस्य त एषोऽश्विभ्यां सह योनिरस्ति तं त्वा सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्णे चाहं गृह्णामि सरस्वत्यै त्वेन्द्राय त्वा सुत्राम्णे त्वा गृह्णामि ॥ ३३ ॥

भावार्थः— यो विद्वद्भिः शिक्षितः स्वयं सुप्रज्ञो-जितेन्द्रियो विविधविद्यो विद्वत्प्रियः स्यात् स एव विद्याधर्मप्रवृत्तयेऽधिष्ठाता कर्त्तव्यो भवेत् ॥ ३३ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् जो तू (अश्विभ्याम्) पूर्ण विद्या वाले अध्यापक और उपदेशक से (उपयामगृहीतः) उत्तम नियमों के साथ ग्रहण किया हुआ (असि) है जिस (ते) तेरा (एषः) यह (अश्विभ्याम्) अध्यापक और उपदेशक के साथ (योनिः) विद्यासंबन्ध है उस (त्वा) तुझ को (सरस्वत्यै) अच्छी शिक्षायुक्त वाणी के लिये (त्वा) तुझ को (इन्द्राय) उत्कृष्ट ऐश्वर्य के लिये और (त्वा) तुझ को (सुत्राम्णे) अच्छे प्रकार रक्षा करने हारे के लिये मैं ग्रहण करता हूं (सरस्वत्यै) उत्तम गुण वाली विदुषी स्त्री के लिये (त्वा) तुझ को (इन्द्राय) परमोत्तम व्यवहार के लिये (त्वा) तुझ को और (सुत्राम्णे) उत्तम रक्षा के लिये (त्वा) तुझ को ग्रहण करता हूं ॥ ३३ ॥

भावार्थः— जो विद्वानों से शिक्षा पाये हुए स्वयं उत्तम बुद्धिमान् जितेन्द्रिय अनेक विद्याओं से युक्त विद्वानों में प्रेम करने हारा होवे वही विद्या और धर्म की प्रवृत्ति के लिये अधिष्ठाता करने योग्य होवे ॥ ३३ ॥

प्राणपा इत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । लिङ्गोक्ता देवताः ।
अनुष्टुप् छन्दः । गान्धारः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

प्राणपा मेऽअपानपाश्चक्षुष्पाः श्रोत्रपाश्च मे । वाचो मे विश्वभेषजो मनसोऽसि विलायकः ॥ ३४ ॥

प्राणपाऽइति प्राणऽपाः । मे । अपानपा इत्यपानऽपाः । चक्षुष्पाः । चक्षुःऽपा इति चक्षुःऽपाः । श्रोत्रपाऽइति श्रोत्रऽपाः । च । मे । वाचः । मे । विश्वभेषजइतिविश्वऽभेषजः । मनसः । असि । विलायक. ऽइतिविऽलायकः ॥ ३४ ॥

पदार्थः (प्राणपाः)यः प्राणं पाति रक्षति (मे) मम (अपानपाः) योऽपानं पाति (चक्षुष्पाः) यश्चक्षुः पाति (श्रोत्रपाः) यः श्रोत्रं पाति (च) (मे) मम (वाचः) (मे) (विश्वभेषजः) (मनसः) (असि) (विलायकः) येन विविधतया लीयते श्लिष्यते ॥ ३४ ॥

अन्वयः-- हे विद्वन् यतस्त्वं मे प्राणपा अपानपा मे चक्षुष्पाः श्रोत्रपाश्च मे वाचो विश्वभेषजो मनसो विज्ञानसाधकस्य विलायकोऽसि तस्मात् त्वं पितृवत् सत्कर्त्तव्योऽसि ॥ ३४ ॥

भावार्थः—मनुष्यैर्ये बाल्याऽवस्थामारभ्य विद्यासुशिक्षाभ्यां जितेन्द्रियत्वं विद्वासत्पुरुषसङ्गप्रियत्वं धर्मात्मपरोपकारित्वं च ग्राहयन्ति ते मातृवत् मित्रवच्च विज्ञेयाः ॥ ३४ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जिससे तू (मे) मेरे (प्राणपाः) प्राण का रक्षक (अपानपाः) अपान का रक्षक (मे) मेरे (चक्षुष्पाः) नेत्रों का रक्षक (श्रोत्रपाः) श्रोत्रों का रक्षक (च) और (मे) मेरी (वाचः) वाणी का (विश्वभेषजः) संपूर्ण ओषधिरूप (मनसः) विज्ञान का सिद्ध करने हारे मन का (विलायकः) विविध प्रकार से संबन्ध करने वाला (असि) है इस से तू हमारे पिता के समान सत्कार करने योग्य है ॥ ३४ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि जो बाल्यावस्था का आरम्भ कर विद्या और अच्छी शिक्षा से जितेन्द्रियपन विद्या सत्पुरुषों के साथ प्रीति तथा धर्मात्मा और परोपकारीपन को ग्रहण कराते हैं वे माता के समान और मित्र के समान जानने चाहियें ॥ ३४ ॥

अश्विनकृतस्येत्यस्य प्रजापतिर्ऋषिः । लिङ्गोक्ता देवताः निचृदुपरिष्टाद्बृहती छन्दः । मध्यमः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

अश्विनकृतस्य ते सरस्वतिकृतस्येन्द्रेण सुत्राम्णा कृतस्य । उपहूत उपहूतस्य भक्षयामि ॥ ३५ ॥

अश्विनंकृतस्येत्युश्विनंऽकृतस्य । ते । सरस्वतिकृतस्येति सरस्वतिऽकृतस्य । इन्द्रेण । सुत्राम्णेति सुऽत्राम्णा । कृतस्य । उपहूत इत्युपऽहूतः । उपहूतस्येत्युपऽहूतस्य । भक्षयामि ॥ ३५ ॥

पदार्थः—(अश्विनकृतस्य) यौ सद्गुणमश्नुवाते तावश्विनौ तावेवाश्विनौ ताभ्यां कृतस्य । अत्राश्विन् शब्दात् स्वार्थेऽण् वृद्ध्यभावस्त्वार्षः (ते) तव (सरस्वतिकृतस्य) विदुष्या स्त्रिया कृतस्य । अत्र स्वार्थेऽण् संज्ञाछन्दसोर्बहुलमिति पूर्वपदस्य ह्रस्वः (इन्द्रेण) विद्यैश्वर्येण राज्ञा (सुत्राम्णा) सुष्ठुतया रक्षकेण(कृतस्य) (उपहूतः) सत्कृत्याहूतः (उपहूतस्य) (भक्षयामि) ॥ ३५ ॥

अन्वयः--हे विद्वन्नुपहूतोऽहंतेऽश्विनकृतस्य सरस्वतिकृतस्य सुत्राम्णेन्द्रेण कृतस्योपहूतस्यान्नादिकं भक्षयामि ॥ ३५ ॥

भावार्थः-- मनुष्यैर्विद्वदैश्वर्ययुक्तैर्जनैरनुष्ठितमनुष्ठेयम् । सुशिक्षितनिष्पादितमन्नमत्तव्यं सत्कर्तुः सत्कारश्च कार्यः ॥ ३५ ॥

पदार्थः--हे विद्वन् (उपहूतः) बुलाया हुआ मैं (ते) तेरा (अश्विनकृतस्य) जो सद्गुणों को व्याप्त होते हैं उन के लिये (सरस्वतिकृतस्य) विदुषी स्त्री के किये (सुत्राम्णा) अच्छे प्रकार रक्षा करने हारे (इन्द्रेण) विद्या और ऐश्वर्य से युक्त राजा के (कृतस्य) किये हुए (उपहूतस्य) समीप में लाये अन्नादि का (भक्षयामि) भक्षण करता हूं ॥ ३५ ॥

भावार्थः--मनुष्यों को योग्य है कि विद्वान् और ऐश्वर्ययुक्त जनों ने अनुष्ठान किये हुए का अनुष्ठान करें और अच्छी शिक्षा किये हुए पाक कर्त्ता के बनाये हुए अन्न को खावें और सत्कार करने हारे का सत्कार किया करें॥ ३५॥

समिद्ध इत्यस्याङ्गिरस ऋषिः । इन्द्रो देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ।

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

समिद्धऽ इन्द्रं ऊषसामनीके पुरोरुचा पूर्वकृद्वावृधानः । त्रिभिर्देवैस्त्रिंशता वज्रंबाहुर्जघानं वृत्रं विदुरौ ववार॥३६॥

समिद्धऽइति सम्ऽइद्धः । इन्द्रः । उषसाम् । अनीके । पुरोरुचेति पुरःऽरुचा । पूर्वकृदिति पूर्वकृऽत् । वावृधानऽइति ववृधानः । त्रिभिरिति त्रिऽभिः । देवैः । त्रिंशता । वज्रबाहुरितिवज्रऽबाहुः । जघान । वृत्रम् । वि । दुरः । ववार ॥ ३६ ॥

पदार्थः—(समिद्धः) प्रदीप्तः (इन्द्रः) सूर्यः (उषसाम्) प्रभातानाम् (अनीके) सैन्ये (पुरोरुचा) प्राक् प्रसृतया दीप्त्या (पूर्वकृत्) पूर्वं करोतीति पूर्वकृत् (वावृधानः) वर्द्धमानः (त्रिभिः) (देवैः) (त्रिंशता) त्रयस्त्रिंशत्संख्याकैः पृथिव्यादिभिर्दिव्यैः पदार्थैः (वज्रबाहुः) वज्रो बाहौ यस्य सः (जघान) हन्ति (वृत्रम्) प्रकाशावरकं मेघम् (वि) विगतार्थे (दुरः) द्वाराणि (ववार) विवृणोति ॥ ३६ ॥

अन्वयः-- हे विद्वन् पूर्वकृद्वावृधानो वज्रबाहुः सन्नुषसामनीके यथा पुरोरुचा समिद्ध इन्द्रस्त्रिभिरधिकैः त्रिंशता देवैः सह वर्त्तमानः सन् वृत्रं जघान दुरो विववार तथातिबलैर्योद्धृभिः सह शत्रून् हत्वा विद्याधर्मद्वाराणि प्रकाशितानि कुरु ॥ ३६ ॥

भावार्थः-अत्र वाचकलु०—विद्वांसः सूर्यवद्विद्याधर्मप्रकाशकाः स्युर्विद्वद्भिः सह शान्त्या प्रीत्या सत्याऽसत्ययोर्विवेकाय संवादान्कृत्वा सुनिश्चित्य सर्वान्निःसंशयाञ्जनान् कुर्युः ॥ ३६ ॥

पदार्थः— हे विद्वन् (पूर्वकृत्) पूर्व करने हारा (वावृधानः) बढ़ता हुआ (वज्रबाहुः) जिसके हाथ में वज्र है वह (उषसाम्) प्रभात वेलाओं की (अनीके) सेना में जैसे (पुरोरुचा) प्रथम बिथुरी हुई दीप्ति से (समिद्धः) प्रकाशित हुआ (इन्द्रः) सूर्य (त्रिभिः) तीन अधिक (त्रिंशता) तीस (देवैः) पृथिवी आदि दिव्य पदार्थों के साथ वर्त्तमान हुआ (वृत्रम्) मेघ को (जघान) मारता है (दुरः) द्वारों को (वि,ववार) प्रकाशित करता है वैसे अत्यन्त बलयुक्त योद्धाओं के साथ शत्रुओं को मार विद्या और धर्म के द्वारों को प्रकाशित कर ॥ ३६ ॥

भावार्थः— इस मंत्र में वाचकलु०—विद्वान् लोग सूर्य के समान विद्या धर्म के प्रकाशक हों विद्वानों के साथ शान्ति प्रीति से सत्य और असत्य के विवेक के लिये संवाद कर अच्छे प्रकार निश्चय करके सब मनुष्यों को संशय रहित करें ॥ ३६ ॥

नाराशंसइत्यस्याङ्गिरस ऋषिः । तनूनपाद्देवता ।
त्रिष्टुपछन्दः । धैवतः स्वरः ॥
अथ प्रकारान्तरेण विद्वद्विषयमाह ॥
फिर प्रकारान्तर से विद्वानों के वि० ॥

नराशꣳसः प्रति शूरो मिमानस्तनूनपात्प्रति यज्ञस्य धाम । गोभिर्वपावान्मधुना समञ्जन्हिरण्यैश्चन्द्री यजति प्रचेताः ॥ ३७ ॥

नराशꣳसः । प्रति । शूरः । मिमानः । तनूनपादिति तनूऽनपात् । प्रति । यज्ञस्य । धाम । गोभिः । वपावानिति वपाऽवान् । मधुना । सम-ञ्जन्निति समऽअञ्जन् । हिरण्यैः । चन्द्री । यजति । प्रचेता इति प्रऽचेताः ॥ ३७ ॥

पदार्थः-- (नराशंसः) यो नरैराशस्यते स्तूयते सः (प्रति) व्याप्तौ (शूरः) सर्वतो निर्भयः (मिमानः) योऽनेकानुत्तमान् पदार्थान्मिमीते (तनूनपात्) यस्तनूं न पातयति (प्रति) (यज्ञस्य) सत्यव्यवहारस्य (धाम) (गोभिः) धेनुवृषभैः (वपावान्) वपन्ति यया क्रियया सा वपा सा प्रशस्ता विद्यते यस्य सः (मधुना) मधुरगुणेन रसेन (समञ्जन्) व्यक्तीकुर्वन्

(हिरण्यैः) सुवर्णादिभिः(चन्द्री)चन्द्रं बहु सुवर्णं विद्यते यस्य सः (यजति) (प्रचेताः) प्रकृष्टं चेतः प्रज्ञा यस्य सः ॥३७॥

अन्वयः—हे मनुष्या यो नराशंसो यज्ञस्य धाम प्रति मिमानः शूरस्तनूनपाद् गोभिर्वपावान् मधुना समञ्जन् हिरण्यैश्चन्द्री प्रचेताः प्रति यजति सोऽस्माभिराश्रयितव्यः ॥ ३७ ॥

भावार्थः—मनुष्यैः कश्चिन्निन्दितो भीरुः स्वशरीरनाशक उद्यमहीनोऽलसो मूढो दरिद्रश्च नैव संगन्तव्यः ॥३७॥

पदार्थः—हे मनुष्यो (नराशंसः) जो मनुष्यों से प्रशंसा किया जाता (यज्ञस्य) सत्य व्यवहार के (धाम) स्थान का और (प्रति, मिमानः) अनेक उत्तम पदार्थों का निर्माण करने हारा (शूरः) सब ओर से निर्भय (तनूनपात्) जो शरीर का पात न करने हारा (गोभिः) गाय और बैलों से (वपावान्) जिस से क्षेत्र बोये जाते हैं उस प्रशंसित उत्तम क्रिया से युक्त (मधुना) मधुरादि रस से (समञ्जन्) प्रकट कर्ता हुआ (हिरण्यैः) सुवर्णादि पदार्थों से (चन्द्री) बहुत सुवर्णवान् (प्रचेताः) उत्तम प्रज्ञायुक्त विद्वान् (प्रति,यजति) यज्ञ करता कराता है सो हमारे आश्रय के योग्य है ॥ ३७ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि किसी निन्दित भीरु अपने शरीर के नाश करने हारे उद्यमहीन आलसी मूढ़ और दरिद्री का संग कभी न करें ॥ ३७ ॥

ईडितइत्यस्याङ्गिरस ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ।
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

ई॒डि॒तो दे॒वैर्हरि॑वाँ२॥ अभि॒ष्टिरा॒जुह्वा॑नो ह॒विषा॒ शर्द्ध॑मानः । पु॒र॒न्द॒रो गो॑त्र॒भिद्वज्र॑बाहु॒रा या॑तु य॒ज्ञमुप॑ नो जुषा॒णः ॥३८॥

ईडितः । देवैः । हरिवानिति हरिऽवान् । अभिष्टिः । आजुह्वान्ऽइत्याऽजुह्वानः । हविषा । शर्द्धमानः । पुरन्दरऽइतिपुरम्ऽदरः । गोत्रभिदिति गोत्रऽभित् । वज्रबाहुरिति वज्रबाऽहुः । आ । यातु । यज्ञम् । उप । नः । जुषाणः ॥ ३८ ॥

पदार्थः—(ईडितः) स्तुतः (देवैः) विद्वद्भिः (हरिवान्) प्रशस्ता हरयोऽश्वा विद्यन्ते यस्य सः (अभिष्टिः) अभितः सर्वत इष्टयो यज्ञा यस्य सः । अत्र छान्दसो वर्णलोपो वेति इकारलोपः (आजुह्वानः) सर्वतो विद्वद्भिः कृताह्वानः (हविषा) सद्विद्यादानाऽऽदानेन (शर्द्धमानः) सहमानः (पुरन्दरः) यो रिपुपुराणि दृणाति सः ((गोत्रभित्) यो गोत्रं मेघं भिनत्ति सः (वज्रबाहुः) वज्रहस्तः (आ) (यातु) आगच्छतु (यज्ञम्) (उप) (नः) (जुषाणः) प्रीतः सन् ॥ ३८ ॥

अन्वयः-- हे विद्वन् यथा हरिवान् वज्रबाहुः पुरन्दरः सेनेशो गोत्रभित्सूर्य्यो रसानिव स्वसेनां सेवते तथा देवैरीडितोऽभिष्टिराजुह्वानो हविषां शर्द्धमानो जुषाणो भवान्नो यज्ञमुपायातु ॥ ३८ ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यथा सेनापतिः सेनां सूर्यो मेघं च वर्द्धयित्वा सर्वं जगद्रक्षति तथा धार्मिकैरध्यापकैरध्येतृभिः सहाऽध्यापनाध्ययने कृत्वा विद्यया सर्वप्राणिनो रक्षणीयाः ॥३८॥

पदार्थः—हे विद्वन् आप जैसे (हरिवान्) उत्तम घोड़ों वाला (वज्रबाहुः) जिस की भुजाओं में वज्र विद्यमान (पुरन्दरः) जो शत्रुओं के नगरों का विदीर्ण करने हारा सेनापति (गोत्रभित्) मेघ को विदीर्ण करने हारा सूर्य जैसे रसों का सेवन करे वैसे अपनी सेनाका सेवन कर्त्ता है वैसे (देवैः) विद्वानों से (ईडितः) प्रशंसित (अभिष्टिः) सब ओर से यज्ञ के करने हारे (आजुह्वानः) विद्वानों ने सत्कार पूर्वक बुलाये हुए (हविषा) सद्विद्या के दान और ग्रहण से (शर्द्धमानः) सहन करते (जुषाणः) और प्रसन्न होते हुए आप (नः) हमारे (यज्ञम्) यज्ञ को (उप, आ, यातु) अच्छे प्रकार प्राप्त हूजिये ॥ ३८ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे सेनापति सेना को और सूर्य मेघ को बढ़ा कर सब जगत् की रक्षा कर्त्ता है वैसे धार्मिक अध्यापकों को अध्ययन करने हारों के साथ पढ़ना और पढ़ाना कर विद्या से सब प्राणियों की रक्षा करनी चाहिये ॥ ३८ ॥

जुषाणइत्यस्याङ्गिरस ऋषिः। इन्द्रो देवता।
निचृत् त्रिष्टुप् छन्दः। धैवतः स्वरः।
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी विषय ॥

जुषाणो बर्हिर्हरिवान्नइन्द्रः प्राचीनꣳसीदत्प्रदिशा पृथिव्याः। उरुप्रथाः प्रथमानꣳस्योनमादित्यैरक्तं वसुभिः सजोषाः ॥ ३९ ॥

जुषाणः। बर्हिः। हरिवानिति हरिऽवान्। नः। इन्द्रः। प्राचीनम्। सीदत्। प्रदिशेति प्रऽदिशा। पृथिव्याः। उरुप्रथा इत्युरुऽप्रथाः। प्रथमानम्। स्योनम्। आदित्यैः। अक्तम्। वसुभिरिति वसुऽभिः। सजोषाइति सऽजोषाः ॥ ३९ ॥

पदार्थः—(जुषाणः) सेवमानः (बर्हिः) अन्तरिक्षम् । बर्हिरित्यन्तरिक्षना० निघं० १ । ३ (हरिवान्) बहवो हरयो हरणशीलाः किरणा विद्यन्ते यस्य सः (नः) अस्माकम् (इन्द्रः) जलानां धर्त्ता (प्राचीनम्) प्राक्तनम् (सीदत्) सीदति (प्रदिशा) उपदिशा (पृथिव्याः) भूमेः (उरुप्रथाः) बहुविस्तारः (प्रथमानम्) (स्योनम्) सुखकारकं स्थानम् (आदित्यैः) मासैः (अक्तम्) प्रसिद्धम् (वसुभिः) पृथिव्यादिभिः (सजोषाः) सह वर्त्तमानः ॥ ३९ ॥

अन्वयः-हे विद्वन् यथा बर्हिर्जुषाणो हरिवान् उरुप्रथा आदित्यैर्वसुभिः सजोषा इन्द्रः पृथिव्याः प्रदिशा प्रथमानमक्तं प्राचीनं स्योनं सीदत् तथा त्वं नोऽस्माकं मध्ये भव ॥ ३९ ॥

भावार्थः—मनुष्यैरहर्निशं प्रयत्नादादित्यवदविद्यान्धकारं निवार्य जगति महत्सुखं कार्य्यं यथा पृथिव्याः सकाशात्सूर्यो महान्वर्तते तथाऽविदुषां मध्ये विद्वानिति बोध्यम् ॥ ३९ ॥

पदार्थः—हे विद्वन् जैसे (बर्हिः) अन्तरिक्ष को (जुषाणः) सेवन करता हुआ (हरिवान्) जिस के हरणशील बहुत किरणें विद्यमान (उरुप्रथाः) बहुत विस्तार युक्त (आदित्यैः) महीनों और (वसुभिः) पृथिव्यादि लोकों के (सजोषाः) साथ वर्त्तमान (इन्द्रः) जलों का धारणकरता सूर्य्य (पृथिव्याः) पृथिवी से (प्रदिशा) उपदिशा के साथ (प्रथमानम्) विस्तीर्ण (अक्तम्) प्रसिद्ध (प्राचीनम्) पुरातन (स्योनम्) सुखकारक स्थान को (सीदत्) स्थित होता है वैसे तू हमारे मध्य में हो ॥ ३९ ॥

भावार्थः—मनुष्यों को योग्य है कि रात दिन प्रयत्न से आदित्य के तुल्य अविद्यारूपी अन्धकार का निवारण करके जगत् में बड़ा सुख प्राप्त करें जैसे पृथिवी से सूर्य बड़ा है वैसे अविद्वानों में विद्वान् को बड़ा जानें ॥३९॥

इन्द्रमित्यस्याङ्गिरस ऋषिः । इन्द्रो देवता ।
भुरिक् त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनः प्रकारान्तरेणोपदेशविषयमाह ॥
फिर प्रकारान्तर से उपदेश वि० ॥

इन्द्रं दुरः कवष्यो धावमाना वृषाणं यन्तु जनयः सुपत्नीः । द्वारो देवीरभितो विश्रयन्ताᳬं सुवीरा वीरं प्रथमाना महोभिः ॥ ४० ॥

इन्द्रम् । दुरः । कवष्यः । धावमानाः । वृषाणम् । यन्तु । जनयः । सुपत्नीरिति सुऽपत्नीः । द्वारः । देवीः । अभितः । वि । श्रयन्ताम् । सुवीरा इति सुऽवीराः । वीरम् । प्रथमानाः । महोभिरिति महःऽभिः ॥ ४० ॥

पदार्थः—(इन्द्रम्) परमैश्वर्यवन्तम् (दुरः) द्वाराणि (कवष्यः) शब्दे साधवः (धावमानाः) शीघ्रं गच्छन्त्यः (वृषाणम्) अतिवीर्यवन्तम् (यन्तु) प्राप्नुवन्तु (जनयः) जनिकाः (सुपत्नीः) शोभनाः (द्वारः) (देवीः) विद्यादिगुणैः प्रकाशमानाः (अभितः) (वि) (श्रयन्ताम्) (सुवीराः) शोभनाश्च वीराश्च तं (वीरम्) बलवन्तम् (प्रथमानाः) प्रख्याताः (महोभिः) सुपूजितैर्गुणैः ॥ ४० ॥

अन्वयः—हे मनुष्या यथा कवष्यो वृषाणं वीरमिन्द्रन्धावमानाः दुरो यन्तु यथा प्रथमानाः सुवीरा महोभिर्द्वारो देवीः सुपत्नीरभितो विश्रयन्तां तथा यूयमप्याचरत ॥ ४० ॥

भावार्थः—अत्र वाचकलु०—यत्र परस्परस्य प्रीत्या स्वयंवरं विवाहं कुर्वन्ति तत्र मनुष्याः सदा नन्दन्ति ॥ ४० ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (कवष्यः) बोलने में चतुर (वृषाणम्) अति वीर्यवान् (इन्द्रम्) परमैश्वर्य वाले (वीरम्) वीर पुरुष के प्रति (धावमानाः) दौड़ती हुई (जनयः) सन्तानों को जनने वाली स्त्रियां (दुरः) द्वारों को (यन्तु) प्राप्त हों वा जैसे (प्रथमानाः) प्रख्यात (सुवीराः) अत्युत्तम वीर पुरुष (महोभिः) अच्छे पूजित गुणों से युक्त (द्वारः) द्वार के तुल्य वर्त्तमान (देवीः) विद्यादि गुणों से प्रकाशमान (सुपत्नीः) अच्छी स्त्रियों को (अभितः) सब ओर से (वि,श्रयन्ताम्) विशेष कर आश्रय करें वैसे तुम भी किया करो ॥ ४० ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जिस कुल वा देश में परस्पर प्रीति से स्वयंवर विवाह करते हैं वहां मनुष्य सदा आनन्द में रहते हैं ॥ ४० ॥

उषासानक्तेत्यस्याङ्गिरस ऋषिः। उषासानक्ता देवते। त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः।

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

उषासानक्ता बृहती बृहन्तं पयस्वती सुदुघे शूरमिन्द्रम्। तन्तुं ततं पेशसा संवयन्ती देवानां देवं यजतः सुरुक्मे ॥ ४१ ॥

उषासानक्ता । उषसानक्तेत्युषसाऽनक्ता । बृहतीऽइति बृहती । बृहन्तम् । पयस्वती ऽइति पयस्वती । सुदुघेऽइति सुदुघे । शूरम् । इन्द्रम् । तन्तुम् । ततम् । पेशसा । संवयन्ती ऽ इति सम्ऽवयन्ती । देवानाम् । देवम् । यजतः । सुरुक्मेऽइति सुऽरुक्मे ॥ ४१ ॥

पदार्थः—(उषासानक्ता) उषाश्च नक्तं च ते (बृहती) वर्द्धमाने (बृहन्तम्) महान्तम् (पयस्वती) रात्रयन्धकारयुक्ते (सुदुघे) सुष्ठुप्रपूरिके (शूरम्) निर्भयम् (इन्द्रम्) सूर्यम् (तन्तुम्) विस्तारकम् (ततम्) विस्तृतम् (पेशसा) रूपेण (संवयन्ती) प्रापयन्तचौ । अत्र सर्वत्र बृहती इत्यादौ सुपां सुलुगिति पूर्वसवर्णदीर्घः (देवानाम्) पृथिव्यादीनाम् (देवम्) दयोतकम् (यजतः) संगच्छेते (सुरुक्मे) सुष्ठुदीप्यमाने ॥ ४१ ॥

अन्वयः-हे मनुष्या यथा पेशसा संवयन्ती पयस्वती सुदुघे बृहती सूरुक्मे उषासानक्ता ततं देवानां देवं बृहन्तमिद्रं सूर्यं यजतस्तथैव तन्तुं शूरं पुरुषं यूयं सङ्गच्छध्वम् ॥ ४१ ॥

भावार्थः— अत्र वाचकलु०—यथा सर्वे लोका अखिलेभ्यो बृहत्तमं सूर्यलोकमाश्रयन्ति तथैव सर्वे श्रेष्ठतमं पुरुषमाश्रयन्तु ॥ ४१ ॥

पदार्थः—हे मनुष्यो जैसे (पेशसा) रूप से (संवयन्ती) प्राप्त

कराने हारे (पयस्वती) रात्रि के अन्धकार से युक्त (सुदुघे) अच्छे प्रकार पूर्ण करने वाले (बृहती) बढ़ते हुए (सुरुक्मे) अच्छे प्रकाश वाले (उषासानक्ता) रात्रि और दिन (ततम्) विस्तारयुक्त (देवानाम्) पृथिव्यादिकों के (देवम्) प्रकाशक (बृहन्तम्) बड़े (इन्द्रम्) सूर्य्यमंडल को (यजतः) संग करते हैं वैसे ही (तन्तुम्) विस्तार करने हारे (शूरम्) शूरवीर पुरुष को तुम लोग प्राप्त होओ ॥ ४१ ॥

भावार्थः —इस मंत्र में वाचकलु०—जैसे सब लोक सब से बड़े सूर्यलोक का आश्रय करते हैं वैसे ही श्रेष्ठ पुरुष का आश्रय सब लोग करें॥४१॥

दैव्येत्यस्याङ्गिरस ऋषिः। दैव्याध्यापकोपदेशकौ देवते। त्रिष्टुप्छन्दः। धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

दैव्या मिमाना मनुषः पुरुत्रा होतारा विन्द्रं प्रथमा सुवाचा। मूर्द्धन्यज्ञस्य मधुना दधाना प्राचीनं ज्योतिर्हविषा वृधातः ॥ ४२ ॥

दैव्या। मिमाना। मनुषः। पुरुत्रेति पुरुऽत्रा। होतारौ। इन्द्रम्। प्रथमा। सुवाचेति सुऽवाचा। मूर्द्धन्। यज्ञस्य। मधुना। दधाना। प्राचीनम्। ज्योतिः। हविषा। वृधातः ॥ ४२ ॥

पदार्थः—(दैव्या) देवेषु भवौ (मिमाना) निर्मातारौ (मनुषः) मनुष्यान् (पुरुत्रा) बहून् (होतारौ) दातारौ (इन्द्रम्) परमैश्वर्य्यम् (प्रथमा) आदिमौ विद्वांसौ (सुवाचा) सुशिक्षिता वाग्ययोस्तौ (मूर्द्धन्) मूर्द्धनि (यज्ञस्य) संगन्तव्यस्य (मधुना मधुरेण (दधाना) धरन्तौ (प्राचीनम्) पुरातनम् (ज्योतिः) प्रकाशम् (हविषा) होतव्येन द्रव्येण (वृधातः) वर्द्धताम्। अत्र लेटि विकरणव्यत्ययेन शः परस्मैपदं च ॥ ४२ ॥

अन्वयः—यौ दैव्या मिमाना होतारौ सुवाचा यज्ञस्य मूर्द्धन् प्रथमा वर्त्तमानौ पुरुत्रा मनुषो दधाना मधुना हविषा प्राचीनं ज्योतिरिन्द्रं वृधातस्तौ सर्वैर्मनुष्यैः सत्कर्तव्यौ ॥ ४२ ॥

भावार्थः—ये विद्वांसोऽध्यापनोपदेशाभ्यां सर्वान् मनुष्यानुन्नयन्ति तेऽखिलजनसुभूषकाः सन्ति ॥ ४२ ॥

पदार्थः—जो (दैव्या) दिव्य पदार्थों और विद्वानों में हुए (मिमाना) निर्माण करने हारे (होतारौ) दाता (सुवाचा) जिन की सुशिक्षित वाणी वे विद्वान् (यज्ञस्य) संग करने योग्य व्यवहार के (मूर्द्धन्) ऊपर (प्रथमा) प्रथम वर्तमान (पुरुत्रा) बहुत (मनुषः) मनुष्यों को (दधाना) धारण करते हुए (मधुना) मधुरादिगुणयुक्त (हविषा) होम करने योग्य पदार्थ से (प्राचीनम्) पुरातन (ज्योतिः) प्रकाश और (इन्द्रम्) परम ऐश्वर्य को (वृधातः) बढ़ाते हैं वे सब मनुष्यों के सत्कार करने योग्य हैं ॥ ४२ ॥

भावार्थः—जो विद्वान् पढ़ाने और उपदेश से सब मनुष्यों की उन्नति देते हैं वे संपूर्ण मनुष्यों को सुभूषित करने हारे हैं ॥ ४२ ॥

तिस्रोदेवीरित्यस्याङ्गिरसऋषिः । तिस्रोदेव्यो-
देवताः । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥
पुनस्तमेव विषयमाह ॥
फिर उसी वि० ॥

तिस्रो देवीर्हविषा वर्द्धमाना इन्द्रं जुषाणा जनयो न पत्नीः । अच्छिन्नं तन्तुं पयसा सरस्वतीडा देवी भारती विश्वतूर्त्तिः ॥ ४३ ॥

तिस्रः । देवीः । हविषा । वर्द्धमानाः । इन्द्रम् । जुषाणाः । जनयः । न । पत्नीः । अच्छिन्नम् । तन्तुम् । पयसा । सरस्वती । इडा । देवी । भारती । विश्वतूर्त्तिरिति विश्वऽतूर्त्तिः ॥ ४३ ॥

पदार्थः—(तिस्रः) त्रित्वसंख्याकाः (देवीः) देदीप्यमानाः (हविषा) दानाऽदानेन प्राणेन वा (वर्द्धमानाः) (इन्द्रम्) विद्युतम् (जुषाणाः) सेवमानाः (जनयः) जनित्र्यः (न) इव (पत्नीः) स्त्रियः (अच्छिन्नम्) छेदभेदरहितम् (तन्तुम्) विस्तीर्णम् (पयसा) शब्दार्थसंबन्धरसेन (सरस्वती) प्रशस्तविज्ञानवती (इडा) शुभैर्गुणैः स्तोतुं योग्या (देवी) देदीप्यमाना (भारती) धारणपोषणकर्त्री (विश्वतूर्त्तिः) विश्वस्मिँस्त्वरमाणा ॥ ४३ ॥

अन्वयः—हे मनुष्या या विश्वतूर्तिर्देवी सरस्वतीडा भारती च तिस्रो देवीर्देव्यः पयसा हविषा वर्द्धमाना जनयः पत्नीर्नेवाऽच्छिन्नं तन्तुमिन्द्रं जुषाणाः सन्ति ता यूयं सेवध्वम् ॥ ४३ ॥

भावार्थः—अत्रोपमालं०—या विद्वत्संयुक्ता वाङ्नाडीधारणशक्तयस्त्रिविधाः सर्वाभिव्याप्ताः सर्वदा प्रसूता व्यवहारहेतवः सन्ति ता मनुष्यैर्व्यवहारेषु यथावत्संप्रयोक्तव्याः ॥ ४३ ॥

पदार्थः- हे मनुष्यो जो (विश्वतूर्तिः) जगत् में शीघ्रता करनेहारी (देवी) प्रकाशमान (सरस्वती) उत्तम विज्ञानयुक्त वा (इडा) शुभगुणों से स्तुति करने योग्य तथा (भारती) धारण और पोषण करनेहारी ये (तिस्रः) तीन (देवीः) प्रकाशमान शक्तियां (पयसा) शब्द अर्थ और संबंध रूप रससे (हविषा) देने लेने के व्यवहार और प्राण से (वर्द्धमाना) बढती हुई (जनयः) सन्तानोत्पत्तिकरने हारी (पत्नीः) स्त्रियों के (न) समान (अच्छिन्नम्) छेदभेदरहित (तन्तुम्) विस्तारयुक्त (इन्द्रम्) बिजुली का (जुषाणाः) सेवन करने हारी हैं उनका सेवन तुम लोग किया करो ॥ ४३ ॥

भावार्थः-- इस मंत्र में उपमालं०—जो विद्वानों से युक्त वाणी नाड़ी और धारण करने वाली शक्ति ये तीन प्रकार की शक्तियां सर्वत्र व्याप्त सर्वदा उत्पन्न हुई व्यवहार के हेतु हैं इनको मनुष्य लोग व्यवहारों में यथावत् प्रयुक्त करें ॥ ४३ ॥

त्वष्टेत्यस्याङ्गिरस ऋषिः । त्वष्टा देवता ।
निचृत् त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनर्विद्वद्विषयमाह ॥

फिर विद्वज्जन के वि० ॥

त्वष्टा दधच्छुष्ममिन्द्राय वृष्णेऽपाकोऽचिष्टुर्यशसे पुरूणि । वृषा यज-

त्वृषणं भूरिरेता मूर्द्धन्यज्ञस्य समन-
क्तु देवान् ॥ ४४ ॥

त्वष्टा । दधत् । शुष्मम् । इन्द्राय । वृष्णे ।
अपाकः । अचिष्टुः । यशसे । पुरूणि । वृषा । यज-
न् । वृषणम् । भूरिरेताऽइति भूरिऽरेताः । मूर्द्धन् ।
यज्ञस्य । सम् । अनक्तु । देवान् ॥ ४४ ॥

पदार्थः—(त्वष्टा) विद्युदिव वर्त्तमानो विद्वान् (दधत्) दधत् (शुष्मम्) बलम् (इन्द्राय) परमैश्वर्याय (वृष्णे) परशक्तिबन्धकाय (अपाकः) अप्रशस्यः । पाक इति प्रशस्यनाο निघं० ३।८ (अचिष्टुः) गमनकर्त्ता (यशसे) कीर्त्यै (पुरूणि) बहूनि (वृषा) सेक्ता (यजन्) संगच्छमानः (वृषणम्) मेघम् (भूरिरेताः) बहुवीर्यः (मूर्द्धन्) मूर्द्धनि (यज्ञस्य) संगतस्य जगतः । (सम्) (अनक्तु) कामयताम् (देवान्) विदुषः ॥४४॥

अन्वयः--हे विद्वन् यथा त्वष्टा वृषेन्द्राय वृष्णे शुष्ममपाकोऽचिष्टुर्यशसे पुरूणि दधद्भूरिरेता वृषणं यजन् यज्ञस्य मूर्द्धन् देवान् समनक्तु तथा त्वमपि कुरु ॥ ४४ ॥

भावार्थः--यावन् मनुष्यः शुद्धान्तःकरणो न भवेत् तावद्विद्वत्सङ्गसत्यशास्त्रप्राणायामाभ्यासं च कुर्याद् यतः शीघ्रं शुद्धान्तःकरणः स्यादिति ॥ ४४ ॥

पदार्थः— हे विद्वान् जैसे (त्वष्टा) विद्युत् के समान वर्तमान विद्वान् (वृषा) सेचनकर्त्ता (इन्द्राय) परमैश्वर्य (वृष्णे) और पराये सामर्थ्य को रोकने हारे के लिये (शुष्मम्) बलको (अपाकः) अप्रशंसनीय (अचिष्टुः) प्राप्त होने हारा

(यशसे) कीर्ति के लिये (पुरूणि) बहुत पदार्थों को (दधत्) धारण करते हुए (भूरिरेताः) अत्यन्तपराक्रमी (वृषणम्) मेघ को (यजन्) संगत करता (यज्ञस्य) संगति से उत्पन्न हुए जगत् के (मूर्द्धन्) उत्तम भाग में (देवान्) विद्वानों की (समनक्तु) कामना करे वैसे तू भी कर ॥ ४४ ॥

भावार्थः-- जब तक मनुष्य शुद्धान्तःकरण नहीं होवे तब तक विद्वानों का संग सत्यशास्त्र और प्राणायाम का अभ्यास किया करे जिससे शीघ्र शुद्धान्तःकरणवान् हो ॥ ४४ ॥

वनस्पतिरित्यस्याङ्गिरस ऋषिः । वनस्पतिर्देवता । त्रिष्टुप्छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

वनस्पतिरवसृष्टो न पाशैस्त्मन्या समञ्जञ्छमिता न देवः । इन्द्रस्य हव्यैर्जठरं पृणानः स्वदाति यज्ञं मधुना घृतेन ॥ ४५ ॥

वनस्पतिः । अवसृष्ट इत्यवऽसृष्टः । न । पाशैः । त्मन्या । समञ्जन्निति सम्ऽअञ्जन् । शमिता । न । देवः । इन्द्रस्य । हव्यैः । जठरम् । पृणानः । स्वदाति । यज्ञम् । मधुना । घृतेन ॥ ४५ ॥

पदार्थः-- (वनस्पतिः) वनस्य वृक्षसमूहस्य पतिः पालकः (अवसृष्टः) आज्ञप्तः पुरुषः (न) इव (पाशैः) दृढबन्धनैः (त्मन्या) आत्मना । अत्र सुपां सुलुगिति टास्थाने यादेशः (समञ्जन्) संपृञ्चानः (शमिता)

यज्ञः (न) इव (देवः) दिव्यसुखदाता (इन्द्रस्य) ऐश्वर्यस्य (हव्यैः) अत्तुमर्हैः (जठरम्) उदरमिव कोशम् (पृणानः) पूर्णं कुर्वन् (स्वदाति) आस्वदेत अत्र लेटि व्यत्ययेन परस्मैपदम् (यज्ञम्) अनुष्ठेयम् (मधुना) क्षौद्रेण (घृतेन) आज्येन ॥ ४५ ॥

अन्वयः-- यः पाशैर्वनस्पतिरवसृष्टो न त्मन्या समञ्जन् देवः शमिता नेन्द्रस्य जठरं पृणानो हव्यैर्मधुना घृतेन च सह यज्ञं कुर्वन् स्वदाति स रोगहीनः स्यात्॥४५॥

भावार्थः– अत्रोपमालं०--यथा वनस्पतिः वर्द्धमानः सन् फलानि ददाति यथा पाशैर्बद्धश्चोरः पापान्निवर्त्तते यथा वा यज्ञः सर्वं जगद्रक्षति तथा यज्ञसेवी युक्ताऽहारविहारी जनो जगदुपकारको भवति ॥ ४५ ॥

पदार्थः-- जो (पाशैः) दृढ बन्धनों से (वनस्पतिः) वृक्ष समूह का पालन करनेहारा (अवसृष्टः) आज्ञा दिए हुए पुरुष के (न) समान (त्मन्या) आत्मा के साथ (समञ्जन्) संपर्क करता हुआ (देवः) दिव्य सुख का देने हारा (शमिता) यज्ञ के (न) समान (इन्द्रस्य) ऐश्वर्य्य के (जठरम्) उदर के समान कोश को (पृणानः) पूर्ण करता हुआ (हव्यैः) खाने के योग्य (मधुना) सहत और (घृतेन) घृत आदि पदार्थों से (यज्ञम्) अनुष्ठान करने योग्य यज्ञ को करता हुआ (स्वदाति) अच्छे प्रकार स्वाद लेवे वह रोगरहित होवे ॥ ४५ ॥

भावार्थः-- इस मंत्र में उपमालं०—जैसे वड आदि वनस्पति बढ़कर फलों को देता है जैसे बन्धनों से बंधा हुआ चोर पाप से निवृत्त होता है वा जैसे यज्ञ सब जगत् की रक्षा करता है वैसे यज्ञ कर्त्ता युक्त आहार विहार करने वाला मनुष्य जगत् का उपकारक होता है । ४५ ॥

स्तोकानामित्यस्याङ्गिरस ऋषिः । स्वाहाकृतयो देवताः । त्रिष्टुप् छन्दः । धैवतः स्वरः ॥

पुनस्तमेव विषयमाह ॥

फिर उसी वि० ॥

स्तोकानामिन्दुं प्रति शूर इन्द्रो वृषायमाणो वृषभस्तुराषाट् । घृतप्रुषा मनसा मोदमानाः स्वाहा देवाऽअमृता मादयन्ताम् ॥ ४६ ॥

स्तोकानाम् । इन्दुम् । प्रति । शूरः । इन्द्रः । वृषायमाणः । वृषयमाणऽइति वृषयऽमाणः । वृषभः । तुराषाट् । घृतप्रुषेति घृतऽप्रुषा । मनसा । मोदमानाः । स्वाहा । देवाः । अमृताः । मादयन्ताम् ॥ ४६ ॥

पदार्थः—(स्तोकानाम्) अल्पानाम् (इन्दुम्) आर्द्रस्वभाविनं जनम् (प्रति) (शूरः) शत्रूणां हिंसकः (इन्द्रः) ऐश्वर्यवान् (वृषायमाणः) बलिष्ठः सन् (वृषभः) उत्तमः (तुराषाट्) तुरान् हिंसकान् सहते (घृतप्रुषा प्रकाशसेविना (मनसा) विज्ञानेन (मोदमानाः आनन्दिताः सन्तः (स्वाहा) सत्यया क्रियया (देवाः) विद्वांसः (अमृताः) आत्मना स्वस्वरूपेण मृत्युरहिताः (मादयन्ताम्) तृप्ता भूत्वाऽस्मानानन्दयन्तु ॥ ४६ ॥

अन्वयः—यथा वृषायमाणोवृषभस्तुराषाट् शूर

इन्द्रस्तोकानामिन्दुं प्रत्याऽऽनन्दति तथा घृतप्रुषा मनसा स्वाहा च मोदमाना अमृता देवा मादयन्ताम् ॥ ४६ ॥

भावार्थः--अत्र वाचकलु०--ये जना अल्पगुणमपिजनं दृष्ट्वार्द्रचित्ता भवन्ति ते सर्वतः सर्वान् सुखयन्ति ॥ ४६ ॥

पदार्थः—जैसे (वृषायमाणः) बलिष्ठ होता हुआ (वृषभः) उत्तम (तुराषाट्) हिंसक शत्रुओं को सहने हारा (शूरः) शूरवीर ऐश्वर्य वाला (स्तोकानाम्) थोड़ों के (इन्दुम्) कोमल स्वभाव वाले मनुष्य के (प्रति) प्रति आनन्दित होता है वैसे (घृतप्रुषा) प्रकाश के सेवन करने वाले (मनसा) विज्ञान से और (स्वाहा) सत्य क्रिया से (मोदमानाः) आनन्दित होते हुए (अमृताः) आत्मस्वरूप से मृत्युधर्मरहित (देवाः) विद्वान् लोग (मादयन्ताम्) आप तृप्त हो कर हम को आनन्दित करें ॥ ४६ ॥

भावार्थः—इस मंत्र में वाचकलु०—जो मनुष्य अल्पगुणवाले भी मनुष्य को देख कर स्नेहयुक्त होते हैं वे सब ओर से सब को सुखी कर देते हैं ॥ ४६ ॥

आयात्वित्यस्य वामदेवऋषिः । इन्द्रो देवता ।
